जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, मंगलवार, 11 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 311 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



फिल्म मॉम के सीक्वल में नजर आएंगी खुशी कपूर

पेज: 10

## गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आभार सभा

### राज्य सरकार गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित

### बजट में पशुपालकों के हित में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# सीएम बोले, गाय की महिमा को समझते हुए आमजन प्रतिदिन करें गौसेवा







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा किराज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे है। हाल में पेश किए गए राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेशभर में संचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। शर्मा ने कहा कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है।

### 'विकास भी और विरासत भी' की सोच को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध होती जा रही है। वे देश-दुनिया के करोड़ों लोगों के महानायक हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध कार्य और दूरदृष्टि से देश और दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रवासी देश-दुनिया में अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनायी है जिससे गौसेवा के पुण्यकार्यों को बढ़ावा दिया जा सके।

### भारतीय संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार है। हमारे शास्त्रों में गंगा, गोमती, गीता और गोविंद की भांति गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है और गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है। उन्होंने कहा कि संत-महन्त हमारी संस्कृति के वाहक है तथा हजारों वर्षों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाएं तथा एक जन-जागरण अभियान चलाकर आमजन को प्रतिदिन गायों की सेवा करने के लिए प्रेरित करें।

### पशु बीमा के माध्यम से पशुपालकों को दी आर्थिक सुरक्षा

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ-संरक्षण के लिएदूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के तहत औषधियों एवं टीकों की संख्या में वृद्धि, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संग्रहण के लक्ष्य को बढ़ाना, सर्दियों में गौशालाओं को आवश्यकता अनुसार अनुदान के स्थान पर बाजरा का विकल्प, एक हजार नवीन सहकारी समितियों अथवा संग्रह केंद्रों की स्थापना, 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं एक हजार पशुधन निरीक्षकों की भर्ती सहित विभिन्न कार्य गौसेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे है।

### गौ-परायण सरकार का संतों ने जताया आभार

इस दौरान आए संतों ने मुख्यमंत्री द्वारा गौ-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री ने गौसेवा का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दोनों बजटों में गौसेवा के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। गत सरकार में गौ भक्तों को गौ-संरक्षण के लिए आंदोलन करना पड़ता था, लेकिन इस सरकार में हमारे लिए आशीर्वाद कार्यक्रम हो रहे है। यह सब मुख्यमंत्री की गौ-परायण सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गौ-पूजा की तथा पाण्डाल में आए संत-महन्तों से आशीर्वाद लिया। संतों ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर बजट में गौसेवा के लिए की गई घोषणाओं पर आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उल्लासपूर्वक फाल्गुन के महिने में सभी के साथ फूलों की होली खेली, चंग बजाकर होली के गीत गाएं तथा सभी को होली की बधाइयां दी। इस अवसर पर राजस्थान गौसेवा समिति के अध्यक्ष महन्त दिनेशगिरीजी महाराज,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुनाथ भारतीजी महाराज, प्रदेश महामंत्री रघुनाथसिंहजी राजपुरोहित, श्रीपतिधाम सिरोही से गोविन्द वल्लभजी सहित बड़ी संख्या में गौ-भक्त उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कनाडा के नए पीएम मार्क कार्नी

**टोरेंटो।** मार्क कार्नी अब कनाडा के नए प्रधानमंत्री होंगे। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने कार्नी को नया प्रधानमंत्री चुन लिया है। कार्नी बैंक ऑफ कनाडा के पूर्व गवर्नर हैं। वे बैंक ऑफ इंग्लैंड के भी गवर्नर रह चुके हैं। राजनीति में उनकी एंट्री पहली बार हुई है। यद्यपि उन्हें कई बार वित्त मंत्री का पद ऑफर किया गया। पर वे सदैव मना करते रहे।



### बम की धमकी से न्यूयॉर्क जा रहा विमान मुंबई लौटा

**मुंबई।** मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट हवा में थी, इसी दौरान टॉयलेट में बम होने की धमकी का नोट मिला। अधिकारियों ने बताया कि इस धमकी के बाद फ्लाइट को मुंबई हवाई अड्डे पर वापस लाया गया। इस फ्लाइट में 320 से ज्यादा लोग सवार थे। बाद में इसकी मुंबई में सुरक्षित लैंडिंग करा दी गई और सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जांच की गई।

### तीन जेडीयू नेताओं ने छोड़ी पार्टी



**मधेपुरा।** आरजेडी प्रदेश कार्यालय पटना पहुंचकर बिहारीगंज विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी इं. प्रभाष कुमार के नेतृत्व में जेडीयू के तीन नेताओं ने आरजेडी की सदस्यता ली। जिनमें जेडीयू के प्रदेश महासचिव रामकृष्ण मंडल, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव दयानंद शर्मा व जदयू नेता अविनाश राम शामिल हैं।

### 'एक्स' आधे घंटे रही थी सर्विस ठप

**न्यूयॉर्क।** एलन मस्क के माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स का सर्वर आधे घंटे तक ठप पड़ गया है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कई तरह की परेशानियों का जिक्र किया है। इसकी सर्विसेस को इस्तेमाल करने में लोगों दिक्कत आ रही है। नई पोस्ट शेयर या उन पर रिएक्ट नही कर पा रहे हैं। हालांकि आधे घंटे बाद एक्स की सर्विसेस वापिस से काम करने लगी हैं।

# बिहार:20 मिनट में दिनदहाड़े डकैती



### तनिष्क शोरूम में 25 करोड़ जूलरी की लूट

### आठ हथियारबंद बदमाशों ने लूट को दिया अंजाम

**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले में आरा बाजार के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम में धड़धड़ाते घुसे बदमाशों ने शोरूम के कर्मचारियों को बंधक बनाकर महज 20 मिनट में ही 25 करोड़ से अधिक के जेवर लूट लिए।

बदमाश इतने बेखौफ थे कि किसी ने भी ना तो अपना चेहरा छुपाने की कोशिश की और ना ही इस वारदात के दौरान किसी से डरे। बल्कि वारदात के बाद खूब आराम से बाहर निकले और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। यह वारदात उस समय अंजाम दिया, जब स्टोर में महिला एवं पुरुष मिलाकर कुल 25 से ज्यादा स्टाफ मौजूद था।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बताया कि डकैतों की संख्या 6 से 7 हो सकती है। पुलिस ने शोरूम से सीसीटीवी कब्जे में लिया है। इसमें 20 मिनट तक बदमाश शोरूम के अंदर नजर आ रहे हैं और इतने ही समय में 25 करोड़ से अधिक के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पूरे शहर की नाकेबंदी कर दी है। सीसीटीवी देखने के बाद दियारा क्षेत्र में पुलिस की दो टीमों ने कांबिंग शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि आगे जाकर यह दोनों बदमाश छपरा की ओर भागे हैं।

### जेईई मेन 2025 सेशन टू परीक्षा दो से शुरू

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 10 मार्च को जेईई मेन 2025 सेशन 2 एग्जाम की डेट घोषित कर दी है। दूसरे फेज की परीक्षा 2 से 9 अप्रेल के बीच आयोजित की जाएगी। एग्जाम सीटीबी मोड में होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एग्जाम के लिए भारत समेत विदेश के 15 शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए हैं। पेपर 1 बीई/ बीटेक की परीक्षा 2, 3, 4, 7 और 8 अप्रेल को आयोजित होगी। एग्जाम दो शिफ्ट में आयोजित किया जाएगा। पेपर 1 की परीक्षा पहली शिफ्ट में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। पेपर 2 बी आर्क/बी। प्लानिंग की परीक्षा 9 अप्रेल को एक ही पाली में सुबह 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होगी। पहले सेशन 2 की शुरुआत 1 अप्रेल से 8 अप्रेल के बीच होनी थी एग्जाम शेड्यूल एनटीए ने आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया है, जिसे स्टूडेंट्स चेक कर सकते हैं।

# झारखंड: दम घुटने से पांच लोगों की मौत

### गढ़वा जिले में पटाखा दुकान में लगी आग

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले में पटाखे की दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं। घटना रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बजार की है। यहां एक दुकान में अचानक लगी आग में झुलसने से और दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई।

आनन फानन में स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां सभी लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में दुकान संचालक कुश कुमार(46),भंडरिया थाना क्षेत्र के नवका गांव निवासी अजित केशरी (32), नमन केशरी (8), गोदरमाना बजार निवासी भोला केशरी (7) और रंका थाना क्षेत्र के बूढाप्रास गांव निवासी शुशीला केरकेटा (14) शामिल हैं।

### जारी रहेगी जिला प्रशासन की जांच: सीएम



#### सीएम सोरेन ने जताया दुख

इस घटना पर दुख जाहिर करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिखा गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मृत्यु की दुःखद खबर मिली है। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

आग अचानक दुकान में रखे पटाखा में लगी, उसके बाद विकराल रूप ले लिया।

मृतक आग से बचने के लिए दुकान के अंदर चले गए और दरवाजा बंद कर दिया, जिसके बाद दम घुटने और आग में झुलसने से सभी लोगों की मौत हो गई।

# यूपी कैबिनेट में 19 प्रस्तावों को मंजूरी मिली



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसमें बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव शामिल है।

यह मेडिकल कॉलेज स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर बनेगा। इसके अलावा बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट और मंत्री परिषद की बैठक के बाद यह जानकारी प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की बैठक में कुल 19 प्रस्ताव रखे गए थे। इन सभी प्रस्तावों पर विचार करने के बाद मंत्री परिषद ने मंजूरी दे दी है। यूपी कैबिनेट ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के लिए नर्सिंग कॉलेज के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। जल्द ही इसके लिए गजट और बजट जारी होने की उम्मीद है। इटावा के सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज में 300 बेड और पीडियाट्रिक विभाग बनाने की मंजूरी दे दी गई।

आगरा में मेट्रो के लिए ज़मीन देने और आगरा मेट्रो फेज टू के लिए ज़मीन अधिग्रहण करने के प्रस्ताव को भी रही झंडी दी गई है। इसी क्रम में हरदोई में पर्यटन की संभावना को देखते हुए बंजर जमीन पर्यटन विभाग को सौंपने पर भी सहमति बनी है।

# दंगा नियंत्रण फोर्स ने उग्र भीड़ को किया काबू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर जयपुर की रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार को दंगा नियंत्रण फोर्स ने रिहर्सल किया। डेमो के दौरान दंगा नियंत्रण फोर्स ने उग्र भीड़ को हल्का बल प्रयोग का काबू किया। रेपिड एक्शन फोर्स की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले विशेष प्रकार के उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार जयपुर (राजस्थान) में तैनात रेपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमाण्डेंट कुलदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन और संजय कुमार निर्मल उप कमाटेंड के नेतृत्व में डी/83 बटालियन द्रुत कार्य बल की एक प्लाटून ने 3 मार्च 2025 से 10 मार्च 2025 तक जिला जयपुर के संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील पुलिस थानों में जाकर परिचय अभ्यास किया। रिजर्व पुलिस लाईन जयपुर में सोमवार को दंगा नियंत्रण ड्रील का एक आकर्षक एवं भव्य डेमो का प्रदर्शन किया।

### पुलिस लाइन में जवानों की रियसल

### विशेष उपकरणों की लगाई प्रदर्शनी

डेमो प्रदर्शन का नेतृत्व सहायक कमाण्डेंट सोनिया की ओर से किया गया। अधिकारियों ने इसमें भाग लेकर किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में निपटने के लिए दंगा नियंत्रण ड्रील की ओर से उग्र भीड़ को काबू करने के बारे में बताया। कानून व्यवस्था बिगड़ने पर उग्र भीड़ या विद्रोहियों के अत्यधिक उग्र होने पर रेपिड एक्शन फोर्स की ओर से उन पर कम से कम बल का प्रयोग करते हुये किस प्रकार से कारगर एवं प्रभावी रूप से कार्यवाही की जाती है।

डेमो के बाद रेपिड एक्शन फोर्स की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले विशेष प्रकार के उपकरणों की एक प्रदर्शनी की गयी, जिसमें जिला बल और रिजर्व पुलिस के जवानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डेमो प्रदर्शन के दौरान पूनम गुप्ता, कमाण्डेंट राजस्थान सैक्टर सीआरपीएफ, कुलदीप कुमार जैन, कमाण्डेंट-83 बटालियन आरएएफ, विकेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी 83 बटालियन आरएएफ, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त लाखन सिंह मीणा सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### वक्फ बिल के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे मुस्लिम संगठन

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया है, जो चार अप्रेल तक चलेगा। मोदी सरकार 'वक्फ संशोधन बिल' को संसद में पेश कर, उसे पास कराने की तैयारी में है। वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम तंजीमें सड़क पर उतरने जा रही हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से लेकर जमियत उलेमा-ए-हिंद सहित तमाम मुस्लिम संगठनों 13 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। मोदी सरकार वक्फ बिल को हरहाल में पास करने की तैयारी की है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी जैसे सहयोगी दल संसद की संयुक्त समिति (जॉइंट कमेटी) की ओर से मंजूर किए गए संशोधनों के साथ वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करेंगे। मोदी कैबिनेट ने भी संशोधनों को मंजूरी दे दी है।

## 'शाश्वत मिथिला महोत्सव'

# अमित शाह बोले, राम मंदिर बन गया अब बनेगा सीता मंदिर



**गांधीनगर।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर में 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वादा किया कि सीता माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। जब वो लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार गए थे तो तब उन्होंने कहा था कि राम मंदिर बन गया है, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। जो दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा। गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि इन लोगों ने गुजरात के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मिथिला की भूमि रामायण और महाभारत के समय से ही बुद्धिजीवियों की धरती रही है, जहां का प्राचीन विदेह साम्राज्य लोकतंत्र की जननी है। महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिल-जुलकर एक साथ रहेंगे तो उन्हें कोई नहीं हरा सकता।

# राजगढ़ उपखंड अधिकारी ने ली सीएलजी सदस्यों की मीटिंग, कहा : सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं त्यौहार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख थाना परिसर में शांति समिति, ग्राम रक्षक सखी सहेली,बैठक में होली पर शांति व कानून व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजगढ़ उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा ने की, तहसीलदार कालूराम,थाना प्रभारी पुष्पेंद्र चारण सहित सीएलजी सदस्य भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राजगढ़ उपखंड अधिकारी महोदय ने बताया कि धार्मिक सद्भावना के साथ सौहाद्रपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाए, सभी के सहयोग से हम अपने पूर्व व त्यौहारों को मिलजुल कर मनाए और एक-दूसरे की खुशियों में भागीदारी निभाई। उन्होंने बताया कि हाल ही में होली ईद रामनवमी हिंदू नव वर्ष आदि त्यौहार है हम सभी के समन्वित प्रयासों से हम अपने त्यौहार की खुशियों को बढ़ाएं। त्योहारों के दौरान कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्रामीणों पूर्ण सहयोग करें। माहौल खराब करने वाली गतिविधियों की तुरंत सूचना दें। हमारा देश विविधताओं वाला देश है। हम सभी संविधान के नियम तथा अपने मौलिक व नीति कर्तव्य का निर्माण करते हुए हर्षोल्लास से त्योहार मनाए। एक दूसरे धर्म के त्यौहार में सभी लोग उत्साह के साथ भाग ले। हम सभी को इस बात के लिए कोशिश करनी चाहिए कि कोई सामाजिक तत्व इस सोहद्र को कभी बिगाड़ नहीं पाए और आपसी भाईचारे की मिशाल हमेशा काम रखें। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर विभिन्न कार्यक्रम के आयोजक प्रशासन व पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। सफाई व्यवस्था, मार्केट में हो रही चोरी पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में सरपंच महावीर प्रसाद जांगिड़, रामकुमार सिहाग, डॉ संजय खुडिया, तांबा खेड़ी सरपंच बलवीर मेहरा, ओमप्रकाश किरोड़ीवाल, राकेश जांगिड़, बाबूलाल राकेश ढाका, लालाराम सोनी, डॉ लालचंद छिम्पा, विक्रम भाटी, कान सिंह राजपूत,भरत सिंह झाझडिया, जयप्रकाश नरसी सिह, जयप्रकाश गालङ;मोती सिंह, ओम सिंह चैनपुरा बड़ा, ग्राम रक्षक , सीएलजी सदस्य, सख्खी सहेली मौजूद रहीं।

### नौ दिवसीय फाग महोत्सव आयोजित

**नोहर।** आपणी होली डफ़ मंडली द्वारा आयोजित किए जा रहे 9 दिवसीय फाग महोत्सव में होली रसिक जमकर लुफ्त उठा रहे है। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्टेट बैंक रोड़ पर हवाई जहाज़ वाली हवेली के पास प्रांगण में किया जा रहा है। इस फाग महोत्सव में राजनैतिक, चिकित्सक, पत्रकार, अधिकारियों समेत अनेक संगठनों के पदाधिकारी और नागरिक राजस्थानी और फाग गीतों पर जमकर ठुमक रहे है। कार्यक्रम में आपणी होली डफ़ मंडली के स्थानीय कलाकारों द्वारा पेश किए जा रहे होली के परमपरागत गीतों और होली धमालों पर लोग जमकर नाच रहे है। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पीला, घूघरी, मेहंदी, बंगड़ी आदि गीत लोगों का मन मोह रहे है। रविवार को विधायक अमित चाचाण ने भी होली की धमालो पर ठुमके लगाये। आपणी होली डफ़ मंडली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के लोगों को एक साथ थिरकते देखा जा रहा है। कार्यक्रम में घड़वादे मेरा श्याम सोन गी बंगड़ी, राजा बलि के दरबार सजी मची र होली समेत अनेक धमाले पेश की जा रही है।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न




## वॉलीबॉल में बूटियां क्लब एवं कबड्डी में ढाणी लक्ष्मण सिंह क्लब विजेता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र चूरु द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन जिला खेल स्टेडियम में हुआ । विभिन्न ब्लॉक स्तरीय विजेता टीमों ने वॉलीबॉल कबड्डी एथलेटिक्स इत्यादि में भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला चूरू और तारानगर ब्लॉक के बीच हुआ जिसमें चूरू ब्लॉक से बूटियां क्लब की टीम विजेता रही। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में ढाणी लक्ष्मण सिंह क्लब की टीम ने राजगढ़ को हराकर विजय प्राप्त की। एथलेटिक्स में 100 मीटर 400 मीटर एवं 1600 मी दौड का आयोजन हुआ जिसमें महिला वर्ग में प्रियंका प्रथम स्थान पर रही वहीं पुरुष वर्ग में संदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में पूनम प्रथम स्थान रही तथा महावीर द्वितीय स्थान पर रहे। 1600 मीटर में किरण प्रथम स्थान पर रही। विजेता टीमों एवं समस्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन एवं समापन में विभिन्न अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में कम से कम एक खेल को अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक मंगल जाखड़, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, प्राचार्य ओम फगेड़िया, शिक्षाविद ओम तवर, विभिन्न कोच एवं पीटीआई मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नगरश्री में फागोत्सव कार्यक्रम में युवाओं के साथ बुजुर्ग भी थिरके



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** नगरश्री में फागोत्सव कार्यक्रम हुआ, जिसमें फूलों की होली के साथ बांसुरी की धुन एवं चंग की थाप पर युवा के साथ बुजुर्ग भी बांसुरी लेकर पैरों में घुंघरू बांधकर थिरकने लगे। 93 वर्षीय पेंशनर मोतीलाल सोनी हरिसिंह, शिक्षाविद प्रो. कमल कोठारी, झुंझुनूं एसीबी के एएसपी इस्माइल, नगरश्री सचिव श्याम सुंदर शर्मा, जगदीश शर्मा, सुनील भाऊवाला सहित कलाकार, साहित्यकार, शिक्षाविद् शामिल हुए। आयोजन शाम तक चला।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा मीटिंग संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** आरसीएचओ कार्यालय में जिले में आरबीऐसके कार्यक्रम की समीक्षा मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में जिला मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज शर्मा ने सभी टीमों को अपनी स्क्रीनिंग बढ़ाने व अधिकतम बच्चों का उपचार कराने के निर्देश दिए। आरसीएचओ डॉ. राजेश गुप्ता ने सभी मोबाईल हैल्थ टीमों से परिचय कर भौतिक सत्यापन कर प्रत्येक टीम की समीक्षा कर सभी को अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी से करने को प्रेरित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को डॉ. गुप्ता ने मानवीय सेवा का कार्य माना। जिसमें गंभीर रोग से पिडित बच्चों का निशुल्क और समय पर उपचार संभव हो पाता है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास मथूरिया ने सभी टीमों से प्रतिदिन ओडीके ऐप भरने, पैंडिंग सर्जरी को समय पर करवाने व ओनलाइन रिपोर्ट समय पर करने के निर्देश देते हुए न्यून प्रगति वाली टीमों को समय रहते सुधार की आवश्यकता जताई। बैठक में अतिरिक्त जिला नोडल अधिकारी बिजेन्द्र भाटी, सोशल वर्कर हेमराज कुमावत, डॉ. सुशील हारित व मोबाइल हैल्थ टीम के आयुष चिकित्सक, फार्मासिस्ट व एएनएम आदि ने भाग लिया।

### अग्रसेन नगर में होली धमाल आज से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अग्रसेन नगर में अग्रसेन स्पोर्टस क्लब व प्रभात फेरी टीम के संयुक्त तत्वावधान में होली धमाल का आयोजन किया जायेगा। अग्रसेन समिति के मदन राजपुरोहित व स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष सीताराम खरोड़ ने बताया कि आज 11 मार्च से 13 मार्च तक तीन दिवसीय होली धमाल का कार्यक्रम सामुदायिक भवन प्रताप पार्क के पास रात्री 8 बजे से किया जाएगा। 11 मार्च को जनार्दन आचार्य की ओर से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा। कार्यक्रम में विकास सोनी, विपिन कस्वा व अभिषेक पाठक ने बताया कि कलाकारों की ओर से होली धमाल का आयोजन किया जाएगा। समापन पर विशेष कलाकार प्रस्तुती देंगे।

### गायों को गुड़ खिलाकर मनाया जन्मदिन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल के नेतृत्व तारानगर के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने दूरभाष से जांगिड़ को जन्म दिवस की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने कस्बे की गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर जांगिड़ के उज्जवल भविष्य की कामना की ततपश्चात सैकड़ों कार्यकर्ताओं जांगिड़ के निजनिवास पर केक काटा, रुपयों की माला व गुलदस्ते भेंट कर जन्म दिवस की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ढ़ोल नगाड़ो की थाप पर नाचनाचकर व पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। इस मोके पर अमर सिँह चारण, जमरदीन तेली, कैलाश चाचान, हरी इंदौरिया, नरेश झाझडिया, शाबीर हुसैन, किशनसिँह, मोहम्मद अयूब पटवा, किशन जांगिड़, मोहम्मद तैयब, राजेंद्र जोइया, विशाल शर्मा, कैलाश चाचान, सुदर्शन सबलानिया, शिव कुमार शर्मा, माणक सैनी, रामावतार सैनी, दिलावर खान, राकेश टाक पंकज जांगिड़, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजगढ़ में प्राचीन कच्चा जोहड़ में सांड को निकालकर जान बचाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में प्राचीन कच्चा जोहड़ में एक गौवंश सांड के गिरने की सूचना पकार विनोद गौतम ने अधिशाषी अधिकारी को दुरभाष के माध्यम से दी। सुचना मिलने ईओ राकेश अरोड़ा ने तत्काल पालिका की टीम भेजकर सांड को निकाला गया । राजगढ़ में कच्चा जोहड़ा की अधूरी दिवार का निर्माण कार्य छोडने् वाले ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**राकेश अरोड़ा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राजगढ़ चूरू**

# त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों की खैर नहीं

## विभाग द्वारा तहत लगातार लिए जा रहे खाद्य पदार्थों के नमूने



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** होली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार विगत 3 मार्च से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 18 नमूने लिए गए। साथ ही 450 किलोग्राम खराब बेसन नष्ट करवाया। टीम ने आज शहर में कार्यवाह करते हुए लाल बाजार स्थित बालाजी घी भंडार, श्याम बाबा मिष्ठान भंडार तथा हलवाई खाना स्थित शुभम साल्ट ट्रेडर्स से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। लिए गए नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।साथ ही त्योहारी सीजन के चलते विभाग द्वारा लगातार सघन निरीक्षण और खाद्य पदार्थों के नमूने लेने का कार्य जारी रहेगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया सीएचसी सैंपऊ मैटरनिटी होम का निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर सचिव रेखा यादव द्वारा सोमवार को सीएचसी सैपऊ स्थित प्रसूति गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा प्रसूति गृह की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें अस्पताल के टॉयलेटों में गंदगी पाई गई एवं बाहर पार्किंग भी अव्यवस्थित पाई गई तथा ऑफिस में रजिस्टरों का अवलोकन किया गया एवं सभी आने वाली स्टाफ एवं मरीजों की एंट्री देखी गई। उन्होंने अस्पताल स्टाफ को टॉयलेटों की सफाई, पार्किंग को सही तरह से व्यवस्थित करने, सभी मरीजों की एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रसूति गृह में भर्ती प्रसूताओं से भी चर्चा कर उनके व उनके नवजात शिशुओं को चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, दूध, नियमित पानी और बिजली व्यवस्था इत्यादि की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एमसीएच प्रभारी डॉ. मुकेश मीणा, डॉ. अभिषेक त्यागि, डॉ. रामवीर नर्सिंग ऑफिसर सुशील, लैब टेक्नीशियन मधुवाला सहित सीएचसी का स्टाफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टेनो राहुल डंडोतिया, वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**चूरू।** उप खंड मुख्यालय आडसर बास वार्ड नंबर 32 मे आशीर्वाद बालाजी मंदिर में श्रीडूंगरगढ़ के व्यास पीठ पर विचार मान सनमुखदास जी रामस्नेही जी ने बहुत ही मधुर वाणी मे कथा सुनाई गई। आशीर्वाद बालाजी ट्रस्ट के जगदीश प्रसाद गुरावा ने बताया कि आज कृष्ण जन्म उत्सव पर भागवत कथा में दूर दूर से श्रोताओं ने आकर कथा श्रवण कर आनन्द लिया। जैसे ही कृष्ण जन्म का जन्म हुआ पंडाल खुशियो से भर गया। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की। नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की आदि जयघोष किया गया। श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन एक बजे से साढ़े चार बजे तक आशीर्वाद बालाजी मंदिर में हो रही है। आयोजन कर्ता आशीर्वाद बालाजी सेवा ट्रस्ट के कर्ताओं ने बहुत ही अच्छी व्यवस्था कर रखी है।

# राज्यपाल के प्रस्तावित धौलपुर दौरे को लेकर जिला कलेक्टर ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**धौलपुर।** राज्यपाल राजस्थान श्री हरिभाऊ बागडे मंगलवार 11 मार्च को धौलपुर दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं पर बैठक लेंगे। माननीय राज्यपाल इस दौरान राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का भ्रमण करेंगे। माननीय राज्यपाल के दौरे की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को प्रस्तावित दौरे की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को माननीय राज्यपाल की बैठक हेतु प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं करने तथा सेफ हाउस तैयार कराने के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलक्टर को माननीय राज्यपाल के भ्रमण के दौरान संबंधित विभागों के मध्य समन्वय, संबंधित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थएं सुनिश्चित करने व समुचित मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी धौलपुर को पुलिस विभाग व अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम स्थलों, सम्पूर्ण भ्रमण मार्ग, सेफ हाउस आदि स्थानों पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं मय एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस के मुस्तैद रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश व बीज वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांधी ग्राम रामसरा में सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्य तिथि पर सिविल राइट सोसायटी चूरु के जिला अध्यक्ष, हर खेत खेजड़ी तोरई अभियान के संयोजक एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने परिंदे लगाए, किंचन के बीजों का वितरण किया। प्रजापति ने कहा कि सुस्वास्थ्य शैक्षणिक विकास की प्रथम सीढ़ी होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बच्चे भगवान का रुप है इन्हें किचन गार्डन लगाने व वृक्षारोपण कार्य साथ लेकर जागरूकता पैदा करना है इस समय बैंगन, मिर्च की पौध रोपण का पच्छेती समय है इसके साथ ही तरीया, चुकुन्दर, तरबुज, लोया, काचरा, खरबुजा के बिजारोपण के साथ ही लम्बी ग्वार फली, भिंडी, लट्टू घीया, सिंचित तोरई का समय है। उन्होंने अभियान की शुरुआत अपराजिता के बीज वितरण से की। प्रजापति ने कहा कि अपराजिता के फुलों की औषधिय चाय बनती है न चीनी, चाय, दुध की आवश्यकता होती है और घर में ये बेल शकुन देने वाली शास्त्र अनुसार मानी जाती है। उन्होंने कहा कि हर खेत खेजड़ी तौरई अभियान का लक्ष्य समाज के अन्तिम व्यक्ति के जिवन स्तर ऊंचा उठाने का है, अभियान में बेल दार बारह मासी सब्जियां लगाने की प्रेरणा से हर गांव हर घर को शुद्ध सब्जियों को बढ़ावा दे कर आत्म निर्भर बनाना है। बारह मासी सब्जियां सेमफली, लोबिया चंवला, गील गील तोर ई, बारहमासी बैंगन, घुनरी परवल, बाड़ करेला, पालक, ग्वारफली, सहेजना, कड़ी पत्ता, करुन्दा आदि वर्ष में दो बार फलित होने वाली व वर्ष आठ माह उपलब्ध होने वाली सब्जी अधिकाधिक लगाने की जनजागरण के साथ अभियान की सम्पूर्णता है। अभियान में वैध गोविंद प्रसाद शर्मा, बागवान बुद्धा राम नायक, श्यौचन्द जांगीड़, एल आई सी अभिकर्ता राजेश शर्मा,पुर्व सरपंच लक्ष्मी प्रजापत, परसाराम मेघवाल, गोपीचंद गायकार, चित्रेश प्रजापत सहभागिता निभा रहे हैं।

### विचार गोष्ठी का आयोजन

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर विचार गोष्ठी में चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा विधानसभा में भाजपा विधायक गोपाल शर्मा द्वारा कांग्रेस के सचेतक रफ़ीक खान के लिए की गई टिप्पणी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन भाजपा अपनी विफलताओं को लेकर इतनी डरी हुई है कि कांग्रेस नेताओं का अपमान करने की कोशिश कर रही है। भाजपा के विधायक ने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। चौहान ने राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासु देवनानी राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मांग करते हुवा कहा ऐसे विधायक शर्मा पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, जब साथी विधायक के बारे में इनकी यह सोच है, तो आमजन के लिए क्या होगी।

# श्याम बाबा की वार्षिक शोभायात्रा संपन्न



**सादुलपुर।** यहां के रामबास मोहल्ले में स्थित श्री श्याम हनुमान मंदिर की वार्षिक शोभा यात्रा का भव्य आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ। श्री श्याम उपासक स्व. पंडित रामकिशन अत्री द्वारा 1993 में उक्त शोभायात्रा शुरुआत की गई थी जो हर साल नियमित रूप से निकली जाती है। इस बार पंडित शिवकुमार अत्रि के नेतृत्व में यह धर्मायोजन हुआ। उक्त धर्म शोभायात्रा प्रेरक और उल्लेखनीय रही जो मध्यान्ह पूर्व मंदिर से श्री श्याम बाबा के पूजन के साथ प्रारंभ हुई। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजारों और मार्गों से होते हुए शाम को वापस मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में जहां शानदार जीवंत झांकियां थीं वहीं विभिन्न प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत देते हुए कलाकार चल रहे थे।

# राइजिंग राजस्थान के दौरान माइंस एवं पेट्रोलियम के हस्ताक्षरित करार धरातल पर लाने की कवायद तेज

## प्रमुख सचिव माइंस ने किया वन टू वन संवाद

## स्टेक होल्डर्स से समन्वय व सहयोग के लिए वाट्सएप ग्रुप

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** माइंस विभाग ने राइजिंग राजस्थान के दौरान माइंस व पेट्रोलियम के हस्ताक्षरित करारों को धरातल पर लाने की कवायद तेज कर दी है। प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने 100 करोड़ रु. से अधिक के माइंस से संबंधित एमओयू के स्टेक होल्डर्स से वन टू वन वर्चुअली संवाद कायम किया। उन्होंने करीब 42 स्टेक होल्डर्स से वन टू वन चर्चा करते हुए एमओयू करारों को धरातल पर लाने की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्टेक होल्डर्स से चर्चा के दौरान एमओयू करारों को तयसमय सीमा में पूरा कराने की कार्ययोजना की जानकारी ली और स्टेक होल्डर्स की स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक आ रही कठिनाइयों के निवारण में संबंधित विभागों से समन्वय व सहयोग का विश्वास दिलाया।



टी. रविकान्त ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के दौरान माइनिंग सेक्टर के किए गए एमओयू में 100 करोड़ रुपए से अधिक के 42 एमओयू है। इनमें एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के 20 एमओयू है वही 100 करोड़ रु. से एक हजार करोड़ रु. तक के 22 एमओयू है। स्टेक होल्डर्स से समन्वय बनाये रखने के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाकर अधिकारियों द्वारा निरंतर संपर्क व मार्गदर्शन दिया जा रहा हैं। स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं का यथासंभव निराकरण कराते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

ब्यूरों ऑफ इंडस्ट्रीयल प्रमोशन के रेनो राज ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों से समन्वय व सहयोग के लिए इंडस्ट्रीयल इंटरफेस बनाया है। इसके माध्यम से निवेशक आवश्यक जानकारी व प्रगति से रुबरु हो सकते हैं। नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा और सह प्रभारी अधीक्षण भूवैज्ञानिक जयपुर संजय सक्सेना ने राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए निवेश करारों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा नियमित मोनेटरिंग और फील्ड अधिकारियों से समन्वय बनाया जा रहा है। बैठक में ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, अधीक्षण भूवैज्ञानिक सचिवालय सुनील वर्मा, उपनिदेशक पेट्रोलियम रोहित मल्लाह, स्टेक होल्डर्स व फील्ट अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# उपभोक्ता कल्याण कोष स्थायी समिति एवं कॉरपस फंड की संयुक्त बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**जयपुर।** राजस्थान उपभोक्ता कल्याण कोष स्थायी समिति एवं कॉरपस फंड की सुंयक्त बैठक सोमवार को शासन सचिवालय में प्रमुख शासन सचिव उपभोक्ता मामले सुबीर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस से संबंधित विभिन्न बिदुंओ पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि 15 मार्च को उपभोक्ता जागृति सप्ताह के अंतर्गत राज्य, संभाग एवं जिला स्तरीय आयोजन पर होने वाले व्यय का भुगतान राजस्थान उपभोक्ता कल्याण कोष से किया जाएगा जिसमें अनुमानत: 29 लाख रुपए व्यय होने की संभावना है।

प्रमुख शासन सचिव ने उपभोक्ता मामलों की जागरूकता प्रदान करने के लिए स्कूली विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह प्रतियोगिता पंचायत स्तर से जिला स्तर तक आयोजित करने का सुझाव दिया। उपभोक्ताओं को भ्रामक प्रचार से बचाने के लिए उन्हें प्रारंभिक स्तर पर ही सूचनाओं से अद्यतन करना होगा।

बैठक में राज्य उपभोक्ता हेल्पलाईन के संचालन, राजस्थान उपभोक्ता कल्याण कोष/कॉरपस फण्ड की सावधि जमा के हस्तान्तरण, राजस्थान उपभोक्ता कल्याण कोष के कार्य निष्पादन हेतु आगामी वित्तीय वर्ष हेतु विभिन्न मदों में खर्च स्वीकृति पर विचार किया गया। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय झाला, डिप्टी डायरेक्टर राकेश स्वामी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक नर्मदा इंदौरिया व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय का किया औचक निरीक्षण

## कहा, शहर को स्वच्छ रखते हुए कार्यस्थल को भी रखे स्वच्छ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय का आस्कमिक निरीक्षण किया। महापौर ने करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व शाखा, वित्त शाखा, इंजीनियर विंग, कम्प्यूटर शाखा, विद्युत शाखा सहित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया।

महापौर ने शौचालयों का निरीक्षण किया अधिशाषी अभियन्ता मुख्यालय को सभी शौचालयों को साफ करवाने एवं मरम्मत करवाने के निर्देश दिये। बिल्डिंग में जगह-जगह जाले देखकर महापौर ने नाराजगी जाहिर की तथा जमादार को तुरन्त जाले हटवाने के निर्देश दिये साथ ही जहां कही भी टूटे-फूटे फर्नीचर रखे हुये थे उन्हें हटवाने के निर्देश दिये तथा जहां आवश्यक हो वहां रंग रोगन करवाने के निर्देश दिये। कई शाखाओं में रेड स्पॉट बने हुये थे जिसे देखकर महापौर ने नाराजगी जाहिर की तथा उसे साफ करने के निर्देश दिये। महापौर ने शिशुपालना गृह का भी निरीक्षण किया वहां की सफाई व्यवस्था, बच्चों की देखभाल, रसोई, शौचालय आदि का निरीक्षण किया साथ ही बच्चों के साथ लाड़-दुलार भी किया। महापौर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो शहर की सफाई कर शहर को स्वच्छ रखते है उनके खुद का कार्यस्थल भी स्वच्छ होना चाहिए।

# टीकों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए प्रदेशभर में की गई कोल्ड चेन सिस्टम की मॉनिटरिंग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेशभर में टीकों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए संचालित कोल्ड चेन सिस्टम की मॉनिटरिंग, एसेसमेंट एवं सुधार की कार्ययोजना के लिए अभियान आयोजित किया गया। सभी जिलों में 8 मार्च तक इस अभियान के तहत कोल्ड चेन सिस्टम की गहन मॉनिटरिंग की गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि 18 टीमों द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में चिन्हित रीजनल एवं जिला वेक्सीन स्टोर्स का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार आंकलन किया गया। इन टीमों में राष्ट्रीय स्तर से नेशनल कोल्ड चैन मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम के प्रतिनिधि, राज्य स्तरीय अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं डवपमेंट पार्नर्स यूनिसेफ, यूएनडीपी, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि शामिल रहे।

निदेशक आरसीएच डॉ. एस.एस. राणावत ने बताया कि एसेसमेंट से पूर्व झालाना स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी इस एसेसमेंट की मॉनिटरिंग की गई। उन्होंने बताया कि कोल्ड चेन प्वाइंट्स का एसेसमेंट प्रत्येक राज्य में 5 वर्ष के अन्तराल से आयोजित किया जाता है। एसेसमेंट पूर्ण होने बाद टीमों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार कर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 को लेकर नगर निगम ने कसी कमर

# हैरिटेज एवं ग्रेटर की हुई संयुक्त बैठक



### नगर निगम द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत संचालित प्रसंस्करण संयंत्रों पर बिन्दुवार हुई चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 को लेकर एक्शन मोड में है तथा सर्वश्रेष्ठ रैंकिग के लिये लगातार प्रयास कर रहा है। सोमवार को नगर निगम ग्रेटर एवं नगर निगम हैरिटेज की स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों के मध्यनजर संयुक्त बैठक आयोजित की गई बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत टीमों द्वारा प्लांट से संबंधित जिन बिन्दुओं का निरीक्षण या सर्वे किया जायेगा उन सभी बिन्दुओं पर धरातल पर कार्य करने के निर्देश दिये ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण में सर्वश्रेष्ठ रैंकिग हासिल की जा सके। बैठक में नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ एवं नगर निगम हैरिटेज आयुक्त अरूण कुमार हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार सहित उपायुक्त स्वास्थ्य नगर निगम ग्रेटर, हैरिटेज, उपायुक्त गैराज, अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट, अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, हैरिटेज एवं ग्रेटर के अधिकारी सहित प्रसंस्करण संयंत्र ओआईसी ग्रेटर एवं हैरिटेज एवं पीआईयू टीम के सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत नगर निगम द्वारा संचालित प्रसंस्करण संयंत्र सेवापुरा स्थित 750 टीपीडी क्षमता का वेस्ट टू कम्पोस्ट प्लांट, झालाना स्थित 25 टीपीडी क्षमता का एमआरएफ प्लांट, हिंगोनिया स्थित 100 टीपीडी क्षमता का हिंगोनिया सीबीजी (कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट), लागड़ियाबास स्थित 700 टीपीडी क्षमता का एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) कम आरडीएफ (अपशिष्ट से प्राप्त इंधन) प्लांट, डोमेस्टिक हर्जाडस-सेनिटरी प्लांट, देहलावास स्थित एसटीपी प्लांट, लांगडियावास स्थित 300 टीपीडी क्षमता का सीएनडी वेस्ट प्लांट तथा डब्ल्यूटीई प्लांट पर चर्चा की गई तथा स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये साथ ही प्लांट के संबंधित ओआईसी को धरातल पर कार्य करने के निर्देश दिये।

## न्यूज ब्रीफ

### होली पर्व पर काचीगुडा-हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा होली पर्व पर यात्रियो की सुविधा हेतु काचीगुडा-हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 07717, काचीगुडा-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 13 मार्च, 2025 को (1 ट्रिप) काचीगुडा से गुरूवार को 17.30 बजे रवाना होकर शनिवार को 14.05 बजे हिसार पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 07718, हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 16 मार्च, 2025 को (1 ट्रिप) हिसार से रविवार को 23.15 बजे रवाना होकर मंगलवार को 21.30 बजे काचीगुडा पहुँचेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 1 थर्ड एसी, 20 द्वितीय शयनयान व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 24 डिब्बे होगे।

### जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा खाटू श्याम जी मेले में अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09733, जयपुर-भिवानी स्पेशल रेलसेवा 16 से 31 मार्च तक (16 ट्रिप) जयपुर से 07.00 बजे रवाना होकर 14.20 बजे भिवानी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09734, भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 16 से 31 मार्च, 2025 तक (16 ट्रिप) भिवानी से 16.05 बजे रवाना होकर 23.25 बजे जयपुर पहुँचेगी। इस रेलसेवा में 9 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 11 डिब्बे होगे।

# आरपीएससीः फर्जी डिग्री एवं प्रमाण-पत्रों पर लगेगी लगाम

## डिजीलॉकर से हो सकेगा डिग्री व अंकतालिका का सत्यापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अब डिग्रियों व अंकतालिकाओं, अन्य दस्तावेजों का सत्यापन नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी में संधारित डेटा को डिजी लॉकर के माध्यम से एक्सेस कर भी किया जा सकेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की पहल पर उनकी टीम द्वारा 25 फरवरी 2025 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

आयोग सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा डिजी लॉकर को आयोग की भर्ती प्रक्रियाओं में उपयोग लिए जाने हेतु अनुरोध किया गया था। इस क्रम में डिजी लॉकर प्लेटफार्म का इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी द्वारा तकनीकी प्रेजेंटेशन आयोग के अधिकारियों के समक्ष किया गया था। इसमें डिजी लॉकर के उपयोग एवं उपलब्ध ऑनलाईन आधारित दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई।

डिजी लॉकर पर आधार, 10वीं/12वीं/ग्रेजुएशन इत्यादि की अंकतालिका स्व-प्रमाणीकरण के द्वारा उपलब्ध हो जाती है। इसमें दस्तावेज जिस अथॉरिटी (प्राधिकारी) द्वारा जारी किया गया है. वहीं से प्रमाणित होकर डिजी लॉकर में उपलब्ध होता है। ऐसे में उस दस्तावेज को पुन: सत्यापित किये जाने की आवश्यकता नहीं रहती है एवं दस्तावेज सत्यापन में समय भी कम लगता है। इलैक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग को भी डिजीलॉकर के लिए ऑनबोर्ड किया गया है। यह भारत सरकार का एप्लीकेशन है जो कि पूर्णतया सुरक्षित एवं संरक्षित है।

**भर्ती प्रक्रिया को गति देने के लिए अवश्य बनाएं डिजी लॉकर अकाउंट:-** दस्तावेज सत्यापन की यह प्रक्रिया फर्जी डिग्री व प्रमाण-पत्रों पर लगाम लगाने में भी प्रभावी सिद्ध हो सकेगी। इसके माध्यम से अभ्यर्थी की सही पहचान तथा दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर रहने वाले संशय को भी दूर किया जा सकेगा, जिससे पात्र अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित होने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन ऑनलाईन स्वत: प्रमाणीकरण के आधार पर उपलब्ध होने से इस प्रक्रिया में लगने वाले अनावश्यक समय में कमी होगी एवं भर्ती प्रक्रिया त्वरित गति से पूर्ण की जा सकेगी। निकट भविष्य में अभ्यर्थियों की वन टाइम रजिस्ट्रेशन संबंधी एप्लीकेशन आईडी/एडमिट कार्ड इत्यादि से संबंधित सूचनायें भी डिजी लॉकर से इंटीग्रेट कर सुगमता से उपलब्ध करवाई जा सकेंगी।

डिजी लॉकर की उपयोगिता के दृष्टिगत भर्ती परीक्षाओं हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को डिजी लॉकर पर अकाउंट अवश्य बनाना चाहिए। इसके बाद अपने अकाउंट में स्वयं के दस्तावेज यथा- 10वीं/12वीं/ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन की अंकतालिका को ऑनलाइन ही फेच करावें। एक बार फेच होने के उपरांत यह दस्तावेज अभ्यर्थी के डिजी लॉकर में संधारित रहेंगे, जिनका उपयोग अभ्यर्थी द्वारा भी आवश्यकता पड़ने पर आसानी से किया जा सकेगा।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में हुई गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच, मिला उपचार

## मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिले सोनोग्राफी के लिए वाउचर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जिले में चल रहे सवाईकल कैंसर जनजागरूकता विशेष अभियान के तहत सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग करने के साथ ही मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए वाउचर प्रदान किए गए।

### सवाईकल कैंसर जनजागरूकता विशेष अभियान के तहत सवाईकल कैंसर की हुई स्क्रीनिंग



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि सोमवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई और मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए गए। साथ ही जिले में चल रहे सवाईकल कैंसर जनजागरूकता विशेष अभियान के तहत सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई।

गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया।

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कार्यालय मुख्य उत्पादन प्रबंधक, केन्द्रीय कार्यशाला, जयपुर

**निविदा सूचना**

राजस्थान परिवहन निगम द्वारा केन्द्रीय कार्यशाला जयपुर में विभिन्न जॉब बेसिस कार्यो हेतु निविदाये आमत्रिंत की जा रही है। जिनकी अनुमानित लागत 12.14 लाख रुपये है। आवेदन प्रकिया, पात्रता मापदण्ड, सम्बधित नियम व शर्ते एव अन्य विवरण निगम की वेबसाईट **https://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc** एवं राज्य उपापन पोर्टल **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

NIB Code : RTC2425A0840

| | | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | Tender for Loading /unloading work | RTC2425WSOB00795 |
| 2 | Tender for Spring leaf Assemblies Work | RTC2425WSOB00797 |
| 3 | Tender for Rewinding of electrical assemblies | RTC2425WSOB00798 |
| 4 | Tender for Chassis Work | RTC2425WSOB00796 |

राज.संवाद/सी/24/12947 विज्ञापन संख्या 288/2024-25 मुख्य उत्पादन प्रबंधक

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर, जिला-बालोतरा**

क्रमांक:-प( )/निविदा/WCDC-BLT/733 दिनांक:-06/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग जिला बालोतरा में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एन.आर.एम.) मद के अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यों के कुल नं. 02 पैकेज जल संग्रहण संरचना निर्माण कार्य एवं दोष निवारण, के लिए उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** पर भी देखी जा सकती हैं। निविदा दिनांक 07.03.2025 प्रात 09:00 बजे से 17.03.2025 को सांय 6:00 बजे तक वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है।

| Nib No. | Block | Tender No. | Cost (In Lacs) | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | पटोदी | 02/2024-25 | 44.26 | WSC2425A0636 | WSC2425WSOB01319 |
| | सिणधरी | 03/2024-25 | 146.73 | | WSC2425WSOB01320 |

DIPR/C/3516/2025

(घनश्याम सिंह राठौड़)
अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर, जिला-बालोतरा

# फूलों की होली खेलकर श्रीश्याम सखियों ने गुलाल लगाया

## श्रीश्याम सखी दरबार की पांचवीं निशान यात्रा का आयोजन, बड़ी संख्या में श्रीश्याम भक्त हुए शामिल



**चिड़ावा।** श्रीश्याम सखी दरबार की ओर से इस बार भी फाल्गुन महीने में बाबा श्रीश्याम की निशान पदयात्रा निकाली गई। पांचवीं निशान पदयात्रा से पहले श्रीश्याम छाया हिम्मतरामका निवास में होली उत्सव मनाया गया। श्रीश्याम छाया परिसर को होली के रंग से रंगा गया। जगह-जगह पिचकारी और राधा-कृष्ण की होली खेलते हुए की फोटो आदि लगाकर पूरा माहौल बरसाने की होली जैसा किया गया। इस मौके पर श्रीश्याम सखी दरबार की संयोजिका रेखा संदीप हिम्मतरामका के नेतृत्व में श्रीश्याम सखियों ने होली से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दी और फूलों की होली खेली। साथ ही नटखट कान्हा और श्रीकृष्ण को होली लगाकर होली उत्सव मनाया। अद्विक गुप्ता को कान्हा बनाया गया जो खूब जच रहा था। होली उत्सव के बाद सभी महिलाएं हाथों में निशान लेकर रवाना हुई। यह निशान यात्रा मैन मार्केट श्रीकल्याण प्रभु के मंदिर पहुंची। जहां पर पूर्व पार्षद व मंदिर महंत अशोक पुजारी ने निशानों की पूजा अर्चना की। इसके बाद यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए पुरानी बस्ती स्थित श्रीश्याम मंदिर पहुंची। जहां पर बाबा श्रीश्याम के जयकारों के साथ सभी ने निशान अर्पित किए। इस दौरान रास्ते में श्याम भक्तों ने डीजे पर जमकर डांस किया। वहीं एक—दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई। इससे पहले निशानों की पूजा अर्चना नरेश शास्त्री सुलताना ने करवाई। इस मौके पर श्रीश्याम सखी दरबार की संयोजिका रेखा संदीप हिम्मतरामका, कुसूम बिलोटिया सूरजगढ़, ऋतु सूरजगढ़िया, नितिका थालौर, रेखा-अनू उदयपुरिया, पूजा गोयल, बबिता ककरानिया, ममता हिम्मतरामका, संगीता, पूजा, सविता, सुमन, रेखा अनिल हिम्मतरामका, खुशबू पारीक, किरण-ख्याति केडिया, कविता, अंजना-दुर्गा पिलानी, सरोज चौधरी, आशा हलवाई, पायल सूरजगढिया, अनिता, अंजू सोनी, अंकिता बाछुका, अनू तंवर, बबिता पंवार, बिंदू भगेरिया, दीपा मोदी, रजनी केडिया, माया जांगिड़, पिंकी गुप्ता, रिता गुप्ता, प्रियंका केडिया, पूनम फतेहपुरिया, सुनिता सर्राफ, नीतू सर्राफ, ममता गुप्ता, सुनिता झुंझुनूंवाला, टीना शर्मा, विनोद गुप्ता, चंदा सोनी, मनीषा सोनी, ज्योति चोटिया, सुमित्रा गुप्ता, मधु शर्मा, कविता सुलतानिया, किरण, मधु बागड़ी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# जिला सैनी महासभा ने माता सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि मनाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सेविका माता सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि आज सोमवार को काशीराम चौहरो के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्रधानाध्यापक, पूर्व महामंत्री लक्ष्मण सिंह सेनी ने की। जिला प्रवक्ता जितेंद्र खुराडिया बताया कि विधिवत शुरूआत उपस्थित समाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वल कर की गई। तत्पश्चाप 21वीं सदी में 'माता सावित्रीबाई फूले' के जीवन आदर्शों की उपयोगिता एवं वर्तमान समय में आवश्यकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहां कि महापुरूष हम सब के लिये प्रेरणा के स्त्रोत है, सावित्री बाई ने नारी शिक्षा के लिये कार्य किया। आज भारतीय नारी के विकास का श्रेय कहीं ना कहीं सावित्री बाई फूले को जाता है। वह अपने अन्तिम सांस तक पीडित एवं वंचित लोगों की सेवा करती रही। मास्टर लक्ष्मणसिंह सैनी ने कहां कि महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण की प्रबल पैरोकार सावित्री बाई फूले आज वर्तमान युग में सब की प्रेरणा श्रोत है। समाज को भी उनके पद चिन्हों पर चलते हुए कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम के अन्त में माता सावित्री बाई फूले के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सैनी छात्रावास समिति कोषाध्यक्ष रामरतन सैनी, सैनी सामुहिक विवाह समिति उपाध्यक्ष रूपकिशोर सैनी, महामंत्री पदमचन्द सैनी, सैनी महासभा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जितेन्द्र खुराडिया, भारत सैनी, इंजि. ललित प्रसाद सैनी, आढतिया रोशनलाल सैनी, कार्यालय मंत्री मन्याराम सैनी, सुबेदार सुरेशचन्द सैनी, ओमप्रकाश सैनी, पंकज सैनी, तेजपाल सैनी, भारतभूषण सैनी, युवा महासचिव महेन्द्र सैनी कोटोरीवाला, मदनलाल सैनी, बिशनदयाल सैनी, ताराचन्द सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## निशान यात्रा में श्याम भक्तों का उमड़ा सैलाब, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरु।** स्थानीय सत्संग भवन के पास से महनसरिया परिवार द्वारा बाबा श्याम की ज्योत लेकर पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्याम भक्त व श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ उमड़ी। निशान यात्रा श्याम भक्त श्याम धाम पर झूमते हुए आनंद उठा रहे थे। निशान यात्रा सत्संग भवन से सेवा समिति मार्ग गढ़ चौराहा, पंचमुखी बालाजी मंदिर से प्रतिभा नगर के श्री श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा का जगह पर पुष्प वर्षा कर वी पटाखे से श्याम भक्तों का अभिनंदन किया।

## वाहन स्वामी भार वाहनों का वार्षिक कर 15 मार्च तक जमा कराएं : आरटीओ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि ऐसे समस्त वाहन स्वामी जिनके भार वाहनों (जीवीडब्ल्यू 16500 से अधिक) का वार्षिक कर जमा होता है वे वित्तीय वर्ष 2025-26 का कर 15 मार्च 2025 तक जमा कराएं। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी 13 व 14 मार्च को होलिका अवकाश होने के कारण अंतिम तिथि से पूर्व ही अग्रिम कर जमा करा दें। निर्धारित तिथि पश्चात वाहन का कर जमा करवाने पर पैनल्टी देय होगी एवं चैकिंग कार्यवाही के माध्यम से वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी एमनेस्टी योजनाओं के तहत ई-रवन्ना ओवर लोडिंग चालानों में भारी छूट, नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्तीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई पेनल्टी दरें, खनिज विभाग से प्राप्त ई-रवन्ना के तहत ओवर लोडिंग के मामलों में बनाए चालानों में 95 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठावे। साथ ही वाहन स्वामियों को यह भी सूचित किया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 1 अप्रैल 2019 से पूर्व या बाद में पंजीकृत वाहनों पर थर्ड रजिस्ट्रेशन प्लेट एवं कलर कोडेड स्टीकर 15 मार्च 2025 से पूर्व ही लगवा लें, अन्यथा विभाग द्वारा वाहन से संबंधित समस्त सेवाएं बंद कर दी जाएगी।

## 128वीं पुण्यतिथि पर सावित्रीबाई फुले को नमन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** बगड़ कस्बे के नजदीक अशोक नगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक भवन में माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी थे। अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने की। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पांजलि से हुआ। प्रधानाध्यापक श्रीराम सैनी ने स्वागत भाषण के साथ सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर विचारगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करते हुए उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने अपने उद्बोधन में कहा, 'सावित्रीबाई फुले न केवल देश की पहली महिला शिक्षिका थीं, बल्कि उन्होंने महिलाओं के लिए शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। उनका योगदान महिलाओं की सामाजिक स्थिति में बदलाव लाने में अतुलनीय है।' साथ ही, उन्होंने फुले दंपति को भारत रत्न से नवाजे जाने की मांग की। कार्यक्रम में माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के पिलानी ब्लॉक संयोजक देवकरण सैनी, अध्यापक दाताराम सैनी, विधि सलाहकार होशियार सिंह सैनी व पूर्व प्रधानाचार्य बिहारीलाल सैनी सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले को महिला शिक्षा की जननी बताते हुए उनकी नीतियों और संघर्षों को समर्पित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मीडिया प्रभारी नरेश बगड़ ने किया। इस अवसर पर माली सैनी समाज संस्था के संगठन मंत्री मनोज चांदोलिया, सुभाष मांवडिया, नरेश सैनी, दयाशंकर,धर्मवीर सैनी, राजकुमार सैनी,दलिप सैनी,जयराम सैनी, हंसराज सैनी सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद थे। इस कार्यक्रम ने सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करते हुए महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के महत्व को एक बार फिर से उजागर किया।

## नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान में युवाओं को किया जागरूक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** करनाल भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा के दिशा निर्देश व उत्तम सिंह,आईएएस, उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस करनाल के कुशल मार्गदर्शन में नशा मुक्ति पे एक सेमिनार आयोजित किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक के नेतृत्व में हरियाणा रोडवेज पुराने बस स्टैंड की वर्कशॉप में चालक प्रशिक्षण सेंटर में एक नशा मुक्ति पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार वर्मा, सब इंस्पेक्टर, हरियाणा पुलिस नारकोटिक्स विभाग हरियाणा ने नशे के प्रति जागरूक करते हुए बताया की हमारा युवा नशे की तरफ़ बढ़ रहा हे जो हमारे भविष्य के लिए बड़ा चिंता का विषय हे। डॉ. वर्मा ने बताया की हमारे हरियाणा प्रदेश के युवा खेलों में पूरे विश्व में अपना लोहा मनवा चुके हैं। आप सब भी उनकी तरह हर क्षेत्र अपने प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हो। नशा इंसान को दीमक की तरह अंदर से खोखला कर देता है इसलिए हम सब मिलकर नशे को भगायेंगे देश को बचाएंगे। हरियाणा एनसीबी का टोल फ्री नंबर 9058091580, 1933 और मानस पोर्टल पे भी नशे का कारोबार करने वालों और नशा करने वालों की जानकारी दे सकते हैं। राजपाल चौधरी, सहायक जिला रेडक्रॉस करनाल ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया कैसे नशा हमारे युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है और जिससे हमें शारीरिक, मानसिक और फाइनेंशियल हानि हो रही हे। नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर नारकोटिक्स विभाग की टीम कार्यवाही कर रही हे लेकिन जब तक हमारा युवा वर्ग जागरूक नहीं होगा तब तक हम इस नशे को जड़ से खत्म नहीं कर सकते।

# मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच की बदौलत अब होगा अलवर में पेयजल की समस्या का समाधान

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** राजस्थान प्राकृतिक रूप से पानी की कम उपलब्धता वाला प्रदेश रहा है लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं कुशल नेतृत्व की बदोलत राजस्थान की तस्वीर बदल रही है। राज्य सरकार द्वारा बजट 2025-26 के तहत शहरी क्षेत्रा के लिए पेयजल को लेकर बड़ी घोषणाएं की है, जिससे प्रदेश की शहरी जनता अब पेयजल के क्षेत्रा में आत्मनिर्भर हो सकेंगी। मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) से शहरी क्षेत्रों में 5 हजार 830 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य करवाये जाएंगे। इसके अतिरिक्त 20 लाख घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा हेतु 425 करोड रुपए एवं 1000 ट्यूबवेल और 1500 हेड पंप लगवाए जाएंगे। इसी कडी में अलवर जिले में बजट 2024-25 एवं 2025-26 में पेयजल योजनाओं के संवर्धन तथा सुदृढीकरण के लिए विभिन्न घोषणाएं की गई हैं जिनमें बजट 2025-26 के तहत राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी) को धरातल पर उतारने का कार्य प्रारम्भ किया गया इससे अलवर सहित आसपास के जिलों को भी पेयजल व सिंचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके तहत अलवर में बीसलपुर बांध से बाणगंगा एवं रूपारेल नदी को चरणबद्ध रूप से जोडे जाने संबंधी कार्यों की डीपीआर तैयार की जाएगी। अलवर शहर की विभिन्न कॉलोनियों में 25 करोड रूपये की लागत से जल प्रदाय सुविधा विकसित करने का कार्य होगा जिससे आमजन को पेयजल संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पडेगा। इसी प्रकार बजट 2024-25 के तहत 23.26 करोड रूपये की लागत से सिलीसेढ क्षेत्रा के टयूबवैल व पाईप लाईन के माध्यम से अलवर शहर को पेयजल (अलवर) उपलब्ध करवाया जाएगा। भाखेडा-अलवर एनीकट का निर्माण / मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य करवाया जाएगा। 5,374 करोड रूपये की लागत से चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना - अलवर, भरतपुर, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल-तिजारा का कार्य हाथ में लिया जावेगा। 40 करोड की लागत से नटनी का बारां वियर से जससमंद बांध-अलवर तक निर्मित नहर का उन्नयन किया जाएगा। लगभग 9 हजार 700 करोड रूपये की लागत से डूंगरी बांध से अलवर रिजर्ववायर का निर्माण करवाया जाएगा। 30 करोड रूपये की लागत से भद्रावती नदी-करौली की तर्ज पर रूपारेल-अलवर आदि नदियों को रिज्यूवनेट करने संबंधी कार्य की डीपीआर तैयार की जाएगी।

# श्याम बाबा के जयकारों से माहौल भक्तिमय

## एकादशी को धूमधाम से निकली श्याम निशानयात्रा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शहर में चल रहे अष्टम श्याम फाल्गुन महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार एकादशी को भव्य निशान यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हजारों की संख्या में श्याम भक्तों ने हाथों में निशान लेकर पूरे भक्तिभाव के साथ यात्रा में भाग लिया। सुबह सवा 9 बजे चारभुजा मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। पलटन गेट, गोल प्याऊ, सेवा समिति की गली, न्यू कॉलोनी और स्टेशन रोड से होते हुए भक्तजन बाबा श्याम के मंदिर तक पहुंचे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और श्याम बाबा के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। बाबा के दरबार में पहुंचते ही भक्तों ने निशान अर्पित किए और श्रद्धा भाव से शीश नवाया। भक्ति संगीत की गूंज के बीच महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महोत्सव के तहत सोमवार रात सवा 8 बजे गौशाला स्थित श्याम मंदिर परिसर में श्याम कीर्तन होगा, जिसमें प्रसिद्ध गायिका आरती बुगालिया भजन संध्या की प्रस्तुति देंगी। मंगलवार सुबह सवा 10 बजे महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें भक्तगण आहुति अर्पित करेंगे। इसके बाद महाप्रसाद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। तीन दिनों से चल रहे इस भक्ति पर्व में श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और आस्था के साथ भाग लिया।

# श्री खाटूश्याम बाबा के वार्षिक मेले में मेडिकल कैम्प का आयोजन



**सीकर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सीकर द्वारा 3 मार्च से लगातार 20 सेवादार, सोसाइटी के सदस्यों द्वारा जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के निर्देशानुसार सेवा दी जा रही है, उपाध्यक्ष एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा ने बताया कि सत्य सांई स्कूल ऑफ नर्सिंग, सीकर के स्टूडेंट,मेडिकल टीम सोसाइटी के सदस्यों द्वारा दो पारी में सेवा दी जा रही है । उन्होंने बताया कि खाटू श्याम जी में आने वाले 750 दर्शनार्थियों को ड्रेसिंग की गई है और 2 हजार को टेबलेट वितरण की गई। शिविर संयोजक प्रमोद कुमार शर्मा, श्री श्याम डिस्ट्रीब्यूटर, सीकर के अनुसार पैरों में छाले, दर्द, बुखार, खांसी एवं अन्य फर्स्ट ऐड दी जा रही है। शिविर में सोसाइटी के सचिव सुनील अग्रवाल, सदस्य ज्ञान सिंह चौहान, सुरेश चौधरी, नरेश बगडीया, जितेंद्र शर्मा, सत्य साईं स्कूल ऑफ नर्सिंग के नरेंद्र कुमार, मुकेश धायल, भरत कुमार, हर्षित, मनीष,अजय, श्यामसुंदर, लीलाधर, सचिन, सुनील, रोहिताश सैनी सेवायें दे रहे है।

# घर में घुसकर दोस्त पर चाकू से हमला, इलाज के दौरान मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**कुचामन सिटी।** डीडवाना- कुचामन जिले में सोमवार को एक दोस्त ने अपने साथी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना जिले के मकराना कस्बे में चमनपुरा मोहल्ला में सुबह करीब 10:30 बजे हुई। मृतक मोहम्मद आरिश उर्फ आसिफ (20) की मां मुमताज ने मकराना थाने में आरोपी कासिम पुत्र निजाम चौधरी निवासी चमनपुरा मोहल्ला, मकराना के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मकराना डीएसपी भवानी सिंह शेखावत ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश की जा रही है। अगले 48 घंटों में आरोपी पकड़ लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार आरोपी सुबह ही भोपाल से आया था और वारदात करने के बाद मौके से फरार हो गया। घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे की है। आरोपी की तलाश में टीम गठित कर दी गई है। अगले 48 घंटे में उसे पकड़ लेंगे। मृतक की मां मुमताज पत्नी अब्दुल समद रांदड़ की रिपोर्ट के अनुसार- मोहम्मद आरिश उर्फ आसिफ अपने घर पर सो रहा था। करीब सवा से साढ़े 10 बजे कस्बे के चमनपुरा मोहल्ला निवासी कासिम पुत्र निजाम चौधरी घर आया और आसिफ को उठाकर कमरे से बाहर गेट के पास ले गया। यहां दोनों के बीच कहासुनी हुई, फिर आरोपी ने चाकू से 2 से 3 बार बेटे पर हमला कर दिया। इससे आरिश के सीने समेत शरीर पर कई जगह गहरे घाव हो गए। बेटे के चीखने की आवाज सुनकर वह दूसरे कमरे से उसे बचाने आई और बीच-बचाव किया। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मुमताज लोगों की सहायता से लहूलुहान बेटे को मकराना के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने करीब 30 मिनट तक उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक भवानी सिंह और मकराना थानाधिकारी सुरेश कुमार सोनी घटना स्थल पहुंचे। जहां मौका मुआयना करने सहित आसपास के लोगों से भी घटना की जानकारी ली और सीसीटीवी खंगाले। इस बीच शाम 4 बजे तक मृतक के परिजन आरोपी को पकड़ने के बाद ही पोस्टमॉर्टम की मांग पर अड़े रहे। हालांकि डीएसपी ने आश्वासन दिया कि अगले 48 घंटों के भीतर आरोपी को पकड़ लिया जाएगा, जिसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जहां जिले में पेयजल, बिजली आपूर्ति, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने गर्मी के मौसम और होली के अवसर को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने और संभावित समस्याओं का पूर्वानुमान लगाकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में बिजली विभाग के अधिकारियों से बिजली आपूर्ति की स्थिति पर जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जिले में मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी दी।

**बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा :** बैठक में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गति लाई जाए और बजट की राशि का समय पर उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**यह रहे मौजूद :** बैठक में एसीईओ रामनिवास चौधरी, जिला रसद अधिकारी डॉ निकिता राठौड़, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता महेंद्र सिंह झाझडिया, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राज्यपाल सिंह, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनिया, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ सुरेश सुरा, जिला परिवहन अधिकारी डॉ मक्खन लाल जांगिड़, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़ सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सरपंच ने सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** रविवार को राधा बड़ी ग्राम पंचायत के गांव जाटुवास में सरपंच रामनिवास मितड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत स्वच्छता अभियान चलाया इस दौरान सरपंच मितड़ ने बताया की गांवों में कुछ लोग अशिक्षित एवं अज्ञानता के कारण गांवों में सफाई का विशेष ध्यान नहीं रख पाते जिस कारण गांव में हर समय गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। वहीं सरपंच ने बताया कि राजगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के मार्गदर्शन में तहसील के हर ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चल रहा है जो की बहुत ही स्वच्छता के प्रति आमजन को प्रेरित करने वाला कार्य है उन्होंने बताया कि विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के दिशा निर्देशन में ग्राम पंचायत के गांव जाटुवास में सफाई करने की ठानी जिसमें गांव की गली सडक् एवं बाहर लगे कचरे कूड़े के ढेर को जेसीबी मशीन से उठाकर बाहर डलवाया गया सरपंच ने बताया कि इस दौरान गांव जाटुवास के ग्रामीणों का सफाई अभियान में विशेष योगदान सराहनीय रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### एकादशी पर निकाली गई बाबा श्याम की निशान यात्रा, झूमे श्रद्धालु

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुकुंदगढ़।** मंडी रेलवे स्टेशन के पास स्थित नृसिंह दास बालाजी मंदिर परिसर में स्थापित श्याम बाबा मंदिर के 16 वर्ष पूर्ण होने पर मंडी में स्थित श्री राम मंदिर परिसर से सोमवार को एकादशी पर सुबह 10 बजे पंडित कपिल शर्मा के सानिध्य में युवा नेता अजय सैनी द्वारा निशानों की विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। महंत चेतननाथ महाराज ने निशान यात्रा को रवाना किया। श्याम भक्त अपने अपने हाथों में निशान लेकर श्याम बाबा के भजन व धमाल गाते, नाचते, गुलाल उड़ाते व पुष्प वर्षा करते श्याम दीवाने चल रहे थे। निशानों के साथ झांकी भी चल रही थी। निशान यात्रा पर मंडी के व्यापारियों ने जगह-जगह निशान यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। निशान यात्रा मंडी सर्किल, लक्ष्मणगढ़ सर्किल होते हुए स्टेशन रोड व बाईपास रोड होते हुए मंदिर पहुंचकर भक्तों ने श्याम बाबा के चरणों में निशान अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी भक्तों ने बाबा की ज्योत के दर्शन कर महाआरती कर बाबा को भोग लगाकर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर समाजसेवी रामकुमार सैनी ने निशान यात्रा में आए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर योगेश सैनी, सुनिल साबू, मोनू सैनी, मनीष सैनी, अनू सैनी, अशोक सैनी, सुशील जगनाणी, बालगोविंद बेरीवाल, बालकिसन, वीरेंद्र शाह, मांगीलाल सैनी, श्याम भूत, रंजन साबू, आरती देवी, कंचन शर्मा, राजकुमारी सैनी, किरण जालान, दिनेश यादव, राकेश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, मुकेश, मुकेश रैबारी, राजेश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, कृष्णा, भास्कर दूलड़, सुरेंद्र शर्मा, राजेश कुमावत, चंद्रपाल दूलड़, प्रेमपाल दूलड़, राजपाल दूलड़, नेमीचंद, गोवर्धन, लालचंद सैनी, कपिल शर्मा सहित सैंकड़ों भक्तगण मौजूद थे।

### दुर्घटना में घायल पूर्व सरपंच की उपचार के दौरान मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना इलाके में खानपुर मीणा तिराये के पास दो बाइकों की भिड़ंत में 1 मार्च को घायल हुए पूर्व सरपंच प्रकाश चंद्र मीणा की जयपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई है। स्थानीय पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में सोमवार को बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी पर पोस्टमार्टम कराया है। बाड़ी सदर थाने के हेड कांस्टेबल हल्केराम मीणा ने बताया कि 1 मार्च को खानपुर मीणा गांव तिराये के पास दो बाइकों में टक्कर हुई थी। इस दुर्घटना में खानपुर मीणा पंचायत के पूर्व सरपंच प्रकाश चंद मीणा गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। घायल अवस्था में बाड़ी से जिला अस्पताल और जिला अस्पताल से जयपुर हायर सेंटर रेफर किया था। जयपुर में पूर्व सरपंच का उपचार किया जा रहा था। सोमवार को पूर्व सरपंच की इलाज के दौरान मौत हो गई है। डेड बॉडी को परिजन साथ लेकर बाड़ी पहुंच गए। हेड कांस्टेबल हल्केराम मीणा ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करा दिया है। पूर्व सरपंच के पुत्र आशीष मीणा ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीणा ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर पूर्व सरपंच की मौत से परिजनों में मातम छा गया है। गांव में सन्नाटा पसर गया है।

### महिलाओं ने खेली फूलों की होली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के घूमचक्कर के पास में स्थित शिव मंदिर परिसर में सोमवार को महिलाओं ने फूलों की होली खेली। इस दौरान महिलाओं ने फाल्गुनी धमालो पर खूब नृत्य किया और फाल्गुनी गीत भी गाए। वहीं फागोत्सव कार्यक्रम के बाद महिलाओं ने एक दूसरे को होली की बधाई भी दी। ममता चूड़ीवाला, ममता देवी, सरोज देवी, नीतू पाटोदिया, सरिता देवी, श्रद्धा शर्मा, सरोज देवी, मुन्नी देवी, सपना पाटोदिया, देवी, बबिता देवी, वंदना भादड़ा, पूनम देवी, पिंकी देवी, अर्पणा चूड़ीवाला, संपति घोड़ेला, कोमल शर्मा सहित विनायक विहार कॉलोनी की कई महिलाएं मौजूद रही।

### उमराव थारी बोली प्यारी लागै... जैसे गीतों की कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडावा।** कस्बे में राजस्थानी लोक परंपराओं के तहत आयोजित फागोत्सव कार्यक्रमों में आयोजित हुए फागोत्सव में महिला मंडल की चंग कलाकारों ने फाल्गुनी गीतों की प्रस्तुतियां दीं। बाल भारती परिसर में कुम्हार समाज के तत्वावधान में आयोजित फाल्गुनी गीतों व धमालों की मस्ती नगाड़ों और बांसुरी की मधुर तान पर लोगों ने जमकर ठुमके लगाए। पितांबर मिश्रा की अध्यक्षता और लक्ष्मणगढ़ के फूलचंद कुमावत के मुख्य आतिथ्य में कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। समाज के प्रबुद्ध राजेंद्र सनोदिया ने आगंतुक अतिथियों, कलाकारों का माल्यार्पण व साफा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिराम दादरवाल, बालकिशन भाटीवाड़ा, जिला भाजपा मंत्री महेंद्र चंदवा, संजय शर्मा लूमास, मांगीलाल दहिया, प्रमोद कटारिया, संजय कुमार सैनी, वीरेंद्र दादरवाल झुंझुनूं सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया।

### अग्रवाल सम्मेलन की जिला बैठक व होली स्नेह मिलन आज

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई की बैठक और होली स्नेह मिलन कार्यक्रम 11 मार्च मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान नूआंवाला ने बताया कि संगठन के 50 साल पूरे होने पर इस वर्ष कई कार्यक्रम होंगे। मंगलवार को दोपहर 12.15 बजे नूआं स्थित श्रीश्याम मंदिर में पदाधिकारियों व भामाशाहों का सम्मान होगा। जिला इकाई के कार्यों की समीक्षा, कार्यकारिणी का विस्तार, आजीवन सदस्यता अभियान पर चर्चा, दिन में पाणिग्रहण संस्कार फेरे के लिए जागरूक अभियान चलाने, पहला शगुन मिलनी अग्रसेन जी के नाम पर करने तथा अग्रोहा शक्तिपीठ में चल रहे अन्न क्षेत्र के लिए जिले से खाद्य सामग्री संग्रहण सहयोग अभियान को लेकर चर्चा होगी।

### पौंख गांव में घर में चोरी करने घुसे चोर को पकड़ा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** झुंझुनूं जिले में इनदिनों चोरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। बढ़ती चोरी की घटनाओं के बाद ग्रामीण सतर्क हैं। ग्रामीणों की सतर्कता के कारण पौंख गांव में चोरी करने एक घर मे घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पकड़े गए चोर की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को जाल से बांध दिया और उदयपुरवाटी पुलिस को घटना को लेकर जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची उदयपुरवाटी पुलिस ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए चोर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसके साथ दो और युवक थे जो फरार हो गए। पुलिस गिरफ्तार किए गए युवक से पूछताछ कर रही हैं। पूछताछ में चोरी की वारदातों का खुलासा होने की सम्भावना हैं। ग्रामीणों द्वारा चोरी करने घर मे घुसे चोर को जाल से बंधे होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं।

### होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**झुंझुनूं।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने श्री लक्ष्मीनाथ पाठशाला में रंगों और उमंगों से भरपूर होली स्नेह मिलन महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें शहर की महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली खेली और फागोत्सव का आनंद उठाया।

# जेडीए ने पच्चीस बीघा भूमि पर पांच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त, अन्य स्थानों से हटाए अतिक्रमण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन पीआरएन-साउथ में सुमेर नगर III के भूखण्ड संख्या 19 में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। जोन-13 में निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 15 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। सचिवालय एनक्लेव में सरकारी आम रास्ते को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-पी.आर. एन. (साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सुमेर नगर III के भूखण्ड सख्या 19 मे रूफटॉप पर टीनशैडनुमा अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पी.आर. एन. (साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही गई। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम अचरौल दिल्ली रोड जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर 'शिव विहार' के नाम से बनाई गई मिट्टी, ग्रेवेल सड़कें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम अचरौल दिल्ली रोड जिला जयपुर में ही करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर 'शिव शक्ती नगर' के नाम से बनाई गई ग्रेवेल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल,



बेसमैन्ट, पिलर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बगरू जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर 'दुर्गा विहार' के नाम से बनाई गई सीमंट के ब्लॉक की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बेगस जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर 'तमन्ना विहार' के नाम से बनाई गई ग्रेवेल सड़कें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बेगस हिम्मतपुरा के पास जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर 'वैशाली ग्रीन' के नाम से बनाई गई मिट्टी की सड़कें, सीमंट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, होर्डिंग बोर्ड लगाकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सचिवालय एनक्लेव में सरकारी आम रास्ते पर तारबंदी कर कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी आम रास्ते को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय व तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आर. एन. (साउथ), 13, 12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 89 आज तक कुल 472 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया। वर्ष 2024 में 23 व वर्ष 2025 में 06 आज तक कुल 29 सरकारी आम रास्तों को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

## होली स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**नवलगढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ नवलगढ़ के तत्वावधान में कब यूनिट लीडर बेसिक कोर्स के प्रशिक्षण के दौरान सोमवार को दोपहर संगठन को सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह एवं होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दयाशंकर जांगिड़ रहे। अध्यक्षता सीबीईओ अशोक कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि संगठन के जिला प्रधान गंगाधरसिंह सुंडा, नवलगढ़ संघ के प्रधान मुरलीमनोहर चोबदार, लीडर ट्रेनर प्रहलादराय जांगिड़, एसीबीईओ महेंद्र कुमार सैनी, कुलदीप पूनियां, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दीपचंद पंवार, संघ के संरक्षक कैलाशचंद्र चोटिया रहे। कार्यक्रम का संचालन लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने किया। कार्यक्रम में सचिव अर्जुनसिंह सांखणिया ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में स्थानीय संघ को सहयोग करने वालों में जिला प्रधान गंगाधरसिंह सुंडा, लीडर ट्रेनर प्रहलादराय जांगिड़, पूर्व प्रधान डॉ. दयाशंकर जांगिड़, लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया, सीबीईओ अशोक कुमार शर्मा, प्रधान मुरलीमनोहर चौबदार आदि मौजूद रहे।

# झुंझुनूं धाम कोलकाता-बेंगलुरू के फूलों से सजा, आज दिनभर दर्शन होंगे



**झुंझुनूं।** शहर के खेतानों के मोहल्ले में स्थित श्रीश्याम मंदिर झुंझुनूं धाम में फाल्गुन मेले को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। मेले को देखते हुए पूरे मंदिर को फूलों और रोशनी से सजाया गया है। वहीं इत्र से पूरा मंदिर परिसर महक रहा है। मेले के पहले दिन सोमवार को करीब तीन हजार से अधिक श्यामभक्तों ने बाबा श्रीश्याम के झुंझुनूं धाम में निशान अर्पित किए है। मंदिर कमेटी के सचिव श्रीकांत गाडिया व उपाध्यक्ष गौरव गाडिया ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले फाल्गुन मेले को लेकर बैंगलुरू और कोलकाता से करीब दो दर्जन से अधिक तरह के फूलों से मंदिर को सजाया गया है। वहीं कन्नौज से मंगवाए गए इत्र से पूरा मंदिर महक रहा है। बैंगलोर से विशेष रूप से डेजी, जिप्सम, ऑर्किड, बंगलूरी गुलाब आदि फूल और बंगाल से कई रंगों के टाटा रोज, गैंडा, चेरी लोसन, जरबेरा, चाइना पाम, सुपारी से दरबार सजाया गया है। उन्होंने बताया कि रोजाना मंदिर में बाबा श्रीश्याम का दरबार सुबह पांच से दोपहर एक बजे तक तथा शाम को साढ़े चार बजे से रात 10 बजे तक खुलता है। लेकिन दो दिनों में भक्तों की संख्या और उत्सव को देखते हुए दोपहर में सिर्फ आधे घंटे और रात को तीन—चार घंटे के लिए मंदिर के पट बंद रहेंगे। इसके अलावा दिनभर बाबा श्रीश्याम के दर्शन होंगे। दो दिनों के फाल्गुन मेले को लेकर श्रीश्याम भक्तों में उत्साह है। मंगलवार को शेखावाटी की प्रसिद्ध ढप मंडलियों द्वारा फाल्गुन प्रोग्राम पेश किया जाएगा।

# फागोत्सव कार्यक्रम में शेखावाटी कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां, झूम उठे पिलानीवासी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिलानी।** सद्भावना समिति पिलानी के तत्वावधान में रविवार सायंकाल विश्राम वाटिका परिसर में आयोजित होली फागोत्सव कार्यक्रम में शेखावाटी ढप मंडली की प्रसिद्ध कलाकारों ने होली लोक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोहा। होली फागोत्सव कार्यक्रम पिलानी थाना प्रभारी रणजीत सिंह सेवदा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक वयोवृद्ध पिथाराम जांगिड़ ने की। विशिष्ट अतिथि बिरला हवेली पिलानी के निदेशक अशोक कुमार तोला व समाजसेवी रामजस सैनी थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात समिति के संरक्षक नथमल स्वामी, अध्यक्ष गोकुलप्रसाद बाटोलिया के नेतृत्व समिति के अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर, साफा पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुनिल मित्तल, नथमल स्वामी, रविंद्र भोमिया व दीपेश केडिया को भी पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शेखावाटी के सुप्रसिद्ध ढ़प मंडली कलाकारों ने होली के लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी तथा महिला कलाकारों सहित पुरुष कलाकारों ने ढप व बांसुरी वादन के साथ मनमोहन नृत्यों कि प्रस्तुतियां दी।

# श्याम भक्तों ने श्री श्याम को अर्पित किए निशान



**झुंझुनूं।** कैलास केसरी अस्पताल के पीछे छैलाराम नगर से शुरू हुई श्री श्याम निशान यात्रा के भक्तों ने मोती सिंह की ढाणी स्थित श्री श्याम मंदिर को निशान अर्पित किए। दोपहर को शुरू हुई निशान यात्रा में भक्त नाचते, गाते, गुलाल उड़ाते शाम को मंदिर परिसर पंहुचे। जहां माडूराम, चंदगीराम, शीशराम, गजानंद, श्रवण कुमार के सानिध्य में श्री श्याम को निशान चढ़ाए। यात्रा में महेंद्र सैनी, शेरसिंह, शिवलाल, रामजीलाल सतरावला, रमेश पोद्दार, जयप्रकाश, बाबूलाल सैनी, अनिल सैनी माखर, रवि सैनी, भूपेंद्र कुमार, संजय सैनी, कार्तिक, आयुष सैनी, अनिल जांगिड़, तुलसी देवी, सरोज, पूजा पोद्दार, नानची देवी, बबला, मोनिका, सुमन, पिंकी, सुमित्रा, प्रीति, मिंटू, संतोष, ममता, सुगना आदि शामिल हुए।

# झूमते गाते, गुलाल लगाते हुए श्याम भक्त पहुंचे झुंझुनूं धाम में

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में श्री श्याम भक्त झूमते, गाते, गुलाल लगाते बाबा श्याम के जयकारे के साथ सोमवार को चौथी श्री श्याम निशान पदयात्रा का आयोजन खेतानों का मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम बाबा के लिए किया गया। जिसमें बाबा के दरबार में पहुंचकर बाबा के चरणों में निशान अर्पण किए। रंग बिरंगे सजे—धजे निशान और साथ में फूलों की बारिश के बीच बाबा श्याम के भजनों पर झूमते हुए निशान पदयात्रा का आयोजन अद्भुत था। जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि चतुर्थ श्री श्याम निशान पदयात्रा में 31 निशान में एक निशान बालाजी का एवं कुछ छोटे निशान बच्चों के भी बाबा श्याम को चढाए गए। जिसमें केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, विजय कुमार सुनिल कुमार तुलस्यान, श्रवण कपिल केजड़ीवाल, सीए पवन केडिया, इंद्रचंद तुलस्यान, विजय विपिन राणासरिया एवं गुप्त श्याम भक्त सहित कुल आठ श्याम भक्तों की ओर से एक 211 ग्राम का चांदी का निशान भी बाबा श्याम को अर्पित किया गया। इससे पहले चूणा चौक राणी सती रोड आशीर्वाद पैलेस स्थित आशीर्वाद बालाजी मंदिर में सोमवार एकादशी निशानों की पूजा अर्चना एवं बाबा श्याम की ज्योत पंडित महावीर प्रसाद शर्मा बिदासर वालों के आचार्यत्व में ली गई। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम खेतान मोहल्ला में बाबा श्याम के दरबार में श्याम भक्त सुशील श्रवण रिंगसिया एवं रघुनाथ प्रसाद पोद्दार की ओर से छप्पन भोग एवं फलों का प्रसाद भी लगाया गया। श्री श्याम निशान पदयात्रा को गरिमामय रूप से संपन्न करवाने में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, रोहिताश्व बंसल, सुनिल तुलस्यान, आशीर्वाद पैलेस के परिवारजनों में केशरदेव तुलस्यान, सीए प्रशांत तुलस्यान, केशव पंसारी, अरुण ढंढारिया, सुशील रिंगसिया, सौरभ रिंगसिया, अशोक अनुज गाडिया, रोहित भगत, नवीन जालान, कालूराम तुलस्यान, इंद्रचंद तुलस्यान, स्मित जालान, कृष्ण गोपाल चौधरी, दिलीप हंसासरिया, राकेश एवं मुकेश टेकड़ीवाल गणमान्य जन में विजय कुमार तुलस्यान, माधव तुलस्यान, कैलाशचंद्र सिंघानिया, रघुनाथ पोद्दार, अशोक तुलस्यान एवं प्रमोद खंडेलिया सहित अन्य गणमान्य जन का सपरिवार सराहनीय योगदान रहा।

**अमर शहीद करणीराम रामदेव स्मारक स्थल के विशाल गेट का लोकार्पण**

# अमर शहीदों की विरासत ही समाज की सच्ची संपत्ति : डॉ. वर्मा

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**झुंझुनूं।** सामंतवादी व्यवस्था के प्रति किसानों के अधिकार के लिए संघर्ष करते हुए शहादत पाने वाले प्रदेश के सिरमौर अमर शहीद करनीराम रामदेव स्मारक स्थल के विशाल प्रवेश द्वार का लोकार्पण प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. घासीराम वर्मा के कर कमलों से किया गया। पार्क संयोजक विजय गोपाल मोटसरा ने बताया कि प्रवेश द्वार के निर्माण भामाशाह पूर्व संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग हरिराम महण द्वारा किया गया। जिसके लोकार्पण पर विधायक राजेंद्र भांबू, शहीद रामदेव के सुपुत्र डॉ. नरेंद्र गिल और उनकी धर्मपत्नी कमला गिल, उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, एडवोकेट मदन गिल, भाजपा नेता इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, डॉ. हनुमानप्रसाद और नरेंद्र महण अतिथि रहे। मेहमानों द्वारा शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित के उपरांत सर्वप्रथम द्वार निर्माता हरिराम महण ने सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि ये हम सब लोगों का सौभाग्य है कि इन बिड़ले शहीदों की बदौलत आज किसान वर्ग सुरक्षित है। डॉ. घासीराम वर्मा ने अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि इन देवतुल्य महापुरुषों की विरासत को संजोकर रखते हुए आगामी पीढ़ी में परिवर्तित करना ही सभ्य समाज का कार्य है। अतिथियों ने उस दौर को याद करते हुए जागीरदार प्रथा के उन्मूलन में उनके स्वर्णिम योगदान को आजीवन प्रेरणादाई बताया। विधायक भांबू ने कहा कि ये समाज के सर्वहारा वर्ग के रक्षक ओर मार्गदर्शक ये अमर शहीद हमें समाज में समानता और समता स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मील ने विधायक और सरकार से इन शहीदों की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया। सभा को एडवोकेट मदन गिल, डॉ. नरेंद्र गिल, जिलाध्यक्ष भाजपा बनवारीलाल सैनी, डॉ. हनुमान प्रसाद ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक प्यारेलाल मीणा ने अमर शहीदों के गीत गाया। विजय गोपाल मोटसरा ने सभी का आभार जताया। संचालन नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिंद जालिमपुरा ने किया। इस दौरान पितराम गोदारा, सीए रोहित चौधरी सहित अनेक शिक्षाविद्, जनप्रतिनिधि और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अपना घर आश्रम की दूसरी इकाई का लोकार्पण

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के बसेड़ी रोड़ पर संचालित अपना घर आश्रम की रविवार को दूसरी इकाई का लोकार्पण किया गया। इस नए भवन में निराश्रित, विमंदित, बेसहारा महिलाओं का उपचार किया जाएगा। अपना घर आश्रम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बीएम भारद्वाज की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने कहा कि अपना घर जो काम कर रहा है। वह पूरी तरह निःस्वार्थ और प्रेम के वशीभूत है,ऐसे समझे सीधे ईश्वर की सेवा करने का मौका मिल रहा है। जिसे बाड़ी के लोग बखूबी निभा रहे हैं। यहां शुरुआत में कुछ लोगों का ही उपचार होता था जो आज धीरे-धीरे एक बड़े भवन में बदल गया। अब यहां काफी संख्या में निराश्रित विमंदित, बेसहारा लोग भर्ती हैं। जिनका संस्था के पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता दिन-रात सेवा कर रहे हैं। अब दूसरी इकाई में महिलाओं का उपचार होगा। यह बेहद सराहनीय कदम है। ऐसे में अपना घर के संस्थापक डॉ बीएम भारद्वाज और उनकी पत्नी के साथ उनकी टीम और बाड़ी की महिला एवं पुरुष इकाई के साथ सभी पदाधिकारी और संस्था से जुड़े हर शख्स का वे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ बीएम भारद्वाज और पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने अपना घर आश्रम की महिला और पुरुष कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## सुविचार

अच्छी सोच वाले व्यक्ति को उसका लक्ष्य पाने से दुनिया में कोई नहीं रोक सकता, जबकि बुरी सोच वाले व्यक्ति की कोई मदद नहीं कर सकता।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### भारत की विजय पर पत्थरबाजी

आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी -2025 भारतीय टीम ने शान के साथ जीती। इसके लिए जहां देशभर में प्रार्थनाओं का दौर जारी था तो मेजबान देश पाकिस्तान में लगभग सन्नाटा छाया हुआ था। फाइनल में जीत के साथ ही भारत सड़कों-गलियों, चौक-चौराहों पर जीत का जश्न मनाया जाने लगा। कहीं पटाखे चलाए गए तो कहीं वाहनों की रैलियां, कहीं लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर एक सप्ताह पहले ही होली मना ली तो कहीं लोग एकदूसरे को मिठाईयां खिलाते नजर आए। लेकिन देश के कुछेक हिस्सों में जीत के इस जश्न को कड़वाहट से भर दिया। मध्य प्रदेश के इंदौर के महू में देर रात जश्न की रैली निकाली गई थी, लेकिन रैली जैसी ही एक मस्जिद के पास पहुंची, वैसे ही असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। जिससे कई लोग घायल हो गए। वहीं, इस दौरान वहां खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई और कई दुकानों में आग भी लगा दी गई। अब इस पथराव का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में असामजिक तत्व सड़क पर जुटे हैं। असामजिक तत्वों ने कपड़ों से अपना मुंह छिपाकर रखा था। जितने लोग हैं, सभी के एक हाथ में डंडा है जबकि दूसरे हाथ से वे पत्थर उठा-उठाकर जश्न की रैली में शामिल लोगों को मार रहे हैं। इस दौरान पथराव करने वालों में से 4-6 लोग मार्केट के बाहर खड़ी दोपहिया वाहनों के पास पहुंच गए और डंडों से खड़े हुए वाहन तोड़ने लगे। इस बीच कई और असामजिक तत्व वहां पहुंच गए और तोड़े गए वाहनों में आग लगा दिया। ये अराजक तत्व यहीं नहीं रुके और पास में खड़ी एक कार में तोड़फोड़ करने के बाद उसे भी आग के हवाले कर दिया। हालांकि हिंसा रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई। स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। बात यहां स्थिति नियंत्रण में या इलाके में शांति की नहीं है, बात है कि देश में वो कौन से तत्व हैं जो इस तरह के खुशियों और उत्साह के माहौल को जहरीला बना रहे हैं? पिछले कुछ सालों से लगातार देखा जा रहा है कि रामनवमी की झांकी हो परशुराम शोभायात्रा हो, नवरात्रि का नगर भ्रमण हो या अन्य कोई उत्सव लगातार पत्थरबाजी की घटनाएं हो रही हैं। या ये कहें कि इनकी संख्या एवं तीव्रता में भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। इस तरह की घटनाएं अचानक होती प्रतीत नहीं हो रहीं, अपितु ये योजनाबद्ध तरीक से नियोजित की जाती हैं क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में असामाजिक तत्व अचानक तो एकत्रित नहीं ही हो सकते। तो क्या यह बहुसंख्यक समाज के धार्मिक-सामाजिक ढांचे को चोट पहुंचाने की योजनाबद्ध साजिश है? यदि हां तो इसे रोकना ही होगा क्योंकि मध्य प्रदेश के महू में भारतीय टीम की जीत का जश्न तो धर्म विशेष भी नहीं था, परन्तु फिर भी पत्थरबाजी होना चिंता का विषय है। केंद्र एवं राज्य सरकारों को कुछ ठोस कदम तो उठाने ही होंगे जिससे ऐसे जहरीलों प्रयोगों पर शीघ्रतिशीघ्र लगाम लगाई जा सके।

## भारत ने लिया 25 साल पुराना बदला

# तीसरी बार जीती चैंपियंस ट्राफी



कुंवर चांद खां

पच्चीस साल पहले 15 अक्टूबर 2000 की बात है कि केन्या की राजधानी नैरोबी में न्यूजीलैंड के विरुद्ध चैंपियंस ट्राफी का फाइनल खेलते हुए भारत की तरफ से दो व्यक्तिगत 50 से अधिक रनों के स्कोर किए गए थे कि सौरव गांगुली ने 117 और सचिन तेंदुलकर ने 69 का स्कोर किया था, इसके बावजूद भारत ट्राफी न उठा सका था। इसी तरह 18 जून 2017 को ओवल में पाकिस्तान के विरुद्ध चैंपियंस ट्राफी में हार्दिक पंड्या का अर्द्धशतक (76 रन) बेकार गया था। लेकिन 9 मार्च 2025 को दुबई में नक्शा एकदम बदल गया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी एकदिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल में अपना पहला अर्द्धशतक (76 रन) रिकॉर्ड किया, वह भी न्यूज़ीलैंड के खिलाफ और 25-वर्ष पुराना बदला लेते हुए भारत ने चैंपियंस ट्राफी अपने नाम कर ली।

इमेज

चैंपियंस ट्राफी के 9 संस्करणों में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी टीम ने बिना कोई मैच हारे हुए यह ट्राफी जीती है। भारत चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में पांच बार पहुंचा है और इस बार वह लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचा था। चैंपियंस ट्राफी में भारत का यह तीसरा खिताब है कि वह 2002 व 2013 में भी विजेता था। भारत के अतिरिक्त किसी अन्य देश ने इस ट्राफी पर तीन बार कब्ज़ा नहीं किया है। 2002 में भारत ने यह ट्राफी श्रीलंका के साथ शेयर की थी, क्योंकि बारिश की वजह से फाइनल रद्द हो गया था और 2013 के लो स्कोरिंग फाइनल में भारत (129/7) ने इंग्लैंड (124/8) को 5 रन से पराजित किया था। साल 2013 में भारत के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे और तब उन्हें यह श्रेय प्राप्त हुआ था कि वह वाइट बॉल क्रिकेट के आईसीसी के तीनों छोटे फॉर्मेट- टी-20 (2007), एकदिवसीय विश्व कप (2011) व चैंपियंस ट्राफी (2013) जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान बने। रोहित शर्मा भी यह श्रेय प्राप्त कर लेते, लेकिन 2023 के विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा, जबकि पूरी प्रतियोगिता में बिना कोई मैच गंवाये भारत फाइनल में पहुंचा था। अब रोहित शर्मा के नाम दो आईसीसी खिताब हैं- टी-20 (2024) और चैंपियंस ट्राफी (2025)। गौरतलब है कि 2013 के बाद भारत आईसीसी प्रतियोगिताएं जीत नहीं पा रहा था, अच्छे प्रदर्शन व फाइनल्स में पहुंचने के बावजूद कि इस बीच वह दो बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी पहुंचा, लेकिन अब उसने आईसीसी की सीमित ओवरों की दो लगातार प्रतियोगिताएं जीत ली हैं- ब्रिजटाउन में 29 जून 2025 को टी-20 विश्व कप और दुबई में 9 मार्च 2025 को चैंपियंस ट्राफी, जोकि 2017 के बाद समाप्त कर दी गई थी, लेकिन एकदिवसीय में पुनः दिलचस्पी जागृत करने के लिए फिर से शुरू की गई है। दुबई की स्पिन लेती पिच पर बैटर्स के लिए स्कोर करना आसान न था। इसलिए रोहित की प्रति रन एक गेंद की पारी विशेष प्रशंसा की अधिकारी हो जाती है। इस कठिन पिच पर न्यूज़ीलैंड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए डेरिल मिचेल




(63 रन) व माइकल ब्रेसवेल (53 रन) की अर्द्धशतकीये पारियों की बदौलत अपने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। भारत की स्पिन चौकड़ी वरुण चक्रवर्ती (45/2), कुलदीप यादव (40/2), रविंद्र जडेजा (30/1) व अक्षर पटेल (29/0) ने न्यूज़ीलैंड के बैटर्स के लिए रन बनाना मुश्किल कर दिया था। हालांकि आजकल एकदिवसीय मैचों में जो लंबे लंबे स्कोर किए जा रहे हैं कि 350 प्लस के स्कोर को भी आसानी से चेज़ कर लिया जाता है, उससे 252 का लक्ष्य कुछ खास नज़र नहीं आ रहा था, विशेषकर इसलिए भी कि रोहित शर्मा व शुभम गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए तेज़ रफ्तार से 18 ओवर में ही 105 रन की साझेदारी कर ली थी (जोकि चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में गांगुली व तेंदुलकर की 141 रन की साझेदारी के बाद सबसे बड़ी है, जो उन्होंने नैरोबी 2000 में की थी), लेकिन पिच की कठिनाई का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शेष 147 रन बनाने के लिए भारत को 31 ओवर खेलने व 5 अतिरिक्त विकेट गंवाने पड़े और भारत 6 गेंद शेष रहते हुए 4 विकेट से ही यह मैच जीत सका। यह दिलचस्प है कि बिना कोई मैच गंवाये चैंपियंस ट्राफी पर कब्ज़ा तो भारत ने किया, लेकिन प्लेयर ऑफ़ द सीरीज की ट्राफी न्यूज़ीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रविंद्र (जोकि बेंगलुरु में जन्मे भारतीय मूल के हैं) ले गए। रचिन के करियर का यह पहला प्लेयर ऑफ़ द सीरीज अवार्ड है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में दो शतकों के साथ 65.75 की औसत से सर्वाधिक 263 रन बनाये, 3 विकेट लिए और 5 कैच भी लपके। एक अन्य दिलचस्प आंकड़ा यह है कि अहमदाबाद विश्व कप फाइनल (19 नवंबर 2023) और दुबई

चैंपियंस ट्राफी फाइनल (9 मार्च 2025) के बीच रोहित शर्मा ने लगातार 12 टॉस हारे हैं। अगर वह टॉस हारकर भारत को ट्राफी जिताते रहें तो यह किसी भी सूरत में घाटे का सौदा नहीं है। बहरहाल, न्यूज़ीलैंड से अपने ही बैकयार्ड में टेस्ट सीरीज अप्रत्याशित रूप से 0-3 से हारने और फिर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला 1-3 से हारने के बाद (जबकि उससे पहले लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाएं भारत ने ऑस्ट्रेलिया में ही जीती थीं) भारत के लिए यह ज़रूरी था कि वह धमाकेदार वापसी करता, जो उसने की और वह भी युवा टैलेंट के साथ क्योंकि टीम में सिर्फ़ छह ही स्थापित व अनुभवी खिलाड़ी (रोहित, विराट कोहली, केएल राहुल, अजय जडेजा, हार्दिक व मुहम्मद शमी) थे। इसका अर्थ है कि युवा खिलाड़ी अपनी ज़िम्मेदारी अच्छे से निभा रहे हैं और टीम को सही दिशा में आगे ले जा रहे हैं। ध्यान रहे कि खिताब जीतने के लिए न केवल दबाव में खेलना पड़ता है बल्कि पूरी टीम को एक इकाई के रूप में खेलना पड़ता है। क्रिकेट व्यक्तिगत उपलब्धियों का खेल अवश्य है, जिससे एकाध मैच में जीत तो हासिल हो सकती है, लेकिन ट्राफी बतौर टीम प्रयास से ही हासिल होती है। भारत निश्चितरूप से चैंपियंस ट्राफी में एक टीम के रूप में खेला। जिन 11 खिलाड़ियों को मैदान में उतारा गया उनमें से किसी एक के बारे में भी यह नहीं कहा जा सकता कि फलां का प्रदर्शन निम्नस्तरीय रहा। अगर एक मैच में रोहित नहीं चले तो कोहली का बल्ला बोला और दूसरे मैच में अगर गिल जल्दी आउट हो गए तो राहुल ने कमाल किया। इसी तरह गेंदबाज़ी में कभी शमी ने पांच विकेट लिए तो कभी वरुण ने। वैसे थोडा थोडा योगदान तो हर मैच में हर खिलाड़ी का रहा और वो कहते हैं न कि बूंद बूंद से सागर भर जाता है तो उसी तरह छोटे छोटे योगदान से भारत बन गया चैंपियन। बहरहाल, एक समय था जब वेस्टइंडीज की तेज़ रफ्तार चौकड़ी (एंडी रोबर्ट्स, माइकल होल्डिंग, माल्कम मार्शल व जोएल गार्नर) बैटर्स का सिरदर्द बन जाते थे। चैंपियंस ट्राफी में भारत की स्पिन चौकड़ी (वरुण, कुलदीप, जडेजा व पटेल) ने बैटर्स की नाक में दम किया।

## पंचांग

मंगलवार, 11 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - फाल्गुन |
| • पक्ष | - शुक्ल |
| • तिथि | - द्वादशी 08.15 तक |
| • वार | - मंगलवार |
| • नक्षत्र | - आश्लेषा 26.16 तक |
| • योग | - अतिगंड 13.18 तक |
| • करण | - कौलव 20.40 तक |
| • सूर्योदय | - 06.51 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.45 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.54 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.48 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - कर्क 26.16 तक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.24 से 13.12 |
| • राहु काल | - 15.47 से 17.17 |
| • व्रत, त्यौहार | - भौमप्रदोष, रवियोग 26.16 प्रारंभ |
| • दिशा शूल | - उत्तर |


• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

### मंगलवार को करें लौंग नींबू के ये उपाय

मंगलवार का दिन हनुमानजी और ग्रहों के सेनापति मंगल ग्रह को समर्पित है और इस दिन सच्चे मन से हनुमानजी की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मंगल ग्रह के अशुभ प्रभाव में भी कमी आती है। ज्योतिष शास्त्र में मंगलवार के दिन का महत्व बताते हुए इस दिन करने के लिए नींबू के कुछ विशेष उपाय भी बताए गए हैं। इन उपायों के करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है और हनुमानजी के आशीर्वाद से सफलता की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगलवार के दिन हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करें। इसके बाद मंदिर में ही एक नींबू पर 4 लौंग लगा दें, फिर हनुमानजी के सामने बैठकर हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें। मंदिर से निकलकर किसी पीपल के पेड़ के नीचे लौंग लगे नींबू को रख दें। ऐसा करने से नौकरी व कारोबार की समस्याएं दूर होंगी और आपके द्वारा किए गए कार्यों में सफलता भी मिलेगी। भाग्य साथ नहीं दे रहा है तो मंगलवार के दिन एक नींबू लेकर उसको अपने सिर के ऊपर से सात बार वार लें और फिर उसके दो टुकड़े कर दें। बाएं हाथ पर रखे नींबू को दाईं तरफ फेंक दें और दाएं हाथ पर रखे नींबू को बाएं हाथ की तरफ फेंक दें। ऐसा करने से हर कार्य में भाग्य आपका साथ देगा और सभी तरह के तंत्र मंत्र भी आपसे दूर रहेंगे। अगर आपको नौकरी नहीं मिल रही है तो मंगलवार का व्रत करें और हनुमानजी की पूजा करें। साथ ही एक दागरहित नींबू ले लें और उसको रात के 12 बजे से पहले जाकर उसके चार हिस्से कर दें। नींबू के चार हिस्सों को चारों दिशाओं में दूर दूर तक फेंक दें। ऐसा करने से जल्द आपको करियर संबंधित शुभ समाचार मिलेगा और आमदनी में भी वृद्धि होगी। धन संबंधित समस्या बार बार बनी रहती है तो इसके लिए मंगलवार का व्रत रखकर हनुमानजी को चोला अर्पित करें। साथ ही एक नींबू लेकर चौराहे पर चले जाएं और फिर उसे लेकर सिर से सात बार वार लें। इसके बाद नींबू को दो भाग में काट दें। नींबू के एक भाग को पीछे की ओर फेंक दें और दूसरे भाग को आगे की ओर फेंक दें और फिर चुपचार घर चले जाएं। ऐसा करने से हनुमानजी के आशीर्वाद से समृद्धि के द्वार खुलेंगे और धन संबंधित समस्या दूर होगी। अगर काफी लंबे समय से व्यापार अच्छा नहीं चल रहा है तो हर मंगलवार का व्रत करें और एक नींबू लेकर, उसको दुकान या व्यापारिक स्थल की चारों दिवारों पर स्पर्श करवा कर नींबू के चार टुकड़े काट लें। फिर नींबू के टुकड़ों को चारों दिशाओं में फेंक दें। ऐसा करने से नजर दोष और नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी और व्यापार में लाभ होना शुरू हो जाएगा।



## गीता सार

**योगसंन्यस्तकर्माणं ज्ञानसंछिन्नसंशयम्।**
**आत्मवन्तं न कर्माणि निबध्नन्ति धनंजय॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

हे धनंजय! (कर्म) योग से सभी कर्मों को परमात्मा में अर्पण करने वाले, विवेक द्वारा समस्त संशयों का नाश करने वाले और अपने वश में किए हुए अन्तःकरण वाले मनुष्य को कर्म नहीं बांधते॥

## तारीख विशेष

### वी. शांता

विश्वनाथन शांता भारत की ऐसी महिला थीं, जिन्हें उनके जनकल्याणकारी कार्यों के लिए वर्ष 2005 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया था। उनका पूरा नाम डा. विश्वनाथन शांता था। भारत में कैंसर के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। विशेष रूप से पुरुषों में गले, फेफड़ों तथा पेट का कैंसर, प्रमुखता से देखा जाता है जो तंबाकू के कारण होता है। स्त्रियों में गर्दन तथा स्तन का कैंसर सबसे ज्यादा देखा जाता है। इसके बावजूद लंबे समय से इस दिशा में कोई खोजपरक काम तथा इसके इलाज के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। डा. वी. शांता ने 'चेन्नई कैंसर इन्टीट्यूट' में इस ओर बहुत काम किया और इस उपेक्षित क्षेत्र में इलाज तथा अनुसंधान दोनों को अपने निर्देशन में संपन्न किया। उनको उनके द्वारा जनकल्याणकारी कार्य के लिए मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया था। डा. वी. शांता का जन्म 11 मार्च, 1927 को मद्रास (वर्तमान चेन्नई) के माइलापुर में हुआ था। उनका परिवार प्रबुद्ध और ख्याति प्राप्त लोगों से उजागर था। 'नोबेल पुरस्कार' प्राप्त वैज्ञानिक एस. चंद्रशेखर उनके मामा थे और प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा नोबेल पुरस्कार विजेता सी. वी. रमन उनके नाना के भाई। इस नाते उनके सामने उच्च आदर्श के उदाहरण बचपन से ही थे। वी. शांता की स्कूली शिक्षा चेन्नई में नेशनल गर्ल्स हाईस्कूल से हुई, जो अब सिवास्वामी हायर सेकेंडरी स्कूल बन गया है। शांता की बचपन से डाक्टर बनने की इच्छा थी। उन्होंने 1949 में मद्रास मेडिकल कॉलेज से ग्रेजुएशन किया तथा 1955 में उनका पोस्ट ग्रेजुएशन एम.डी. पूरा हुआ। इसी दौरान 1954 में डी. मुत्तुलक्ष्मी रेड्डी ने कैंसर इन्टीट्यूट की स्थापना की थी। वी. शांता ने पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में सफल होकर वुमन एंड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में सेवारत होने का आदेश पा लिया था, जो कि एक बेहद सम्मानित उपलब्धि थी। लेकिन जब कैंसर इन्टीट्यूट का विकल्प सामने आया तो उन्होंने बहुतों को नाराज करते हुए वुमन एंड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल का प्रस्ताव छोड़कर कैंसर इन्टीट्यूट का काम ही स्वीकार कर लिया। 13 अप्रेल, 1955 को वी. शांता कैंसर इन्टीट्यूट के परिसर में पहुंचीं और वहीं जम गईं।

## होली पर विशेष

# होली के कैनवस पर पेंट की गईं फ़िल्मी कहानियां

कैलाश सिंह

होली कब है? यह शब्द सुनते ही बॉलीवुड की आइकोनिक फिल्म 'शोले' की याद आ जाती है, जिसमें इस डायलॉग को गब्बर सिंह (अमजद खान) ने बोला था ताकि वह होली के अवसर पर रामगढ़ पर हमला कर सके। कहानी को दिशा देने के लिए फिल्म में होली की उमंग व पृष्ठभूमि का प्रयोग किया गया तो रंगों का यह उत्सव वीरू (धर्मेंद्र) व बसंती (हेमा मालनी) के बीच प्रेम की पींगें बढ़ाने को भी किया गया। इस अवसर पर जो गीत (होली के दिन दिल खिल जाते हैं) गाया गया वह होली प्लेलिस्ट का नियमित हिस्सा बन गया है। यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' में होली का बहुत ही प्यारा सीन और चर्चित गीत 'रंग बरसे' भी है, जो कहानी को महत्वपूर्ण मोड़ देने में अहम भूमिका अदा करता है। जैसे ही होली की तरंग सिर चढ़कर बोलती है वैसे ही अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) अपनी शर्म, संकोच व एहतियात को भूल जाते हैं। उनका एक दूसरे के लिए प्रेम जग ज़ाहिर हो जाता है और अमित की पत्नी शोभा (जया बच्चन) और चांदनी का पति डा. आनंद (संजीव कुमार) असहाय इस प्रेम लीला को देखते रहते हैं। यहीं से फिल्म के किरदारों में तनाव उत्पन्न होने लगता है।

इमेज

साल का यह वो समय है, जब फ़िज़ा में लाल, गुलाबी, पीले व हरे रंग के शेड्स बिखरे हुए हैं। इसके लिए होली का शुक्रिया अदा करना ज़रूरी है। रंगों के इस ज्वलंत उत्सव का भारतीय संस्कृति में ज़बरदस्त महत्व है और इस अवसर की मौज मस्ती का बॉलीवुड फिल्मकारों ने भरपूर फायदा उठाया है। रोमांस, ड्रामा व जज्बाती उतार-चढ़ाव की कहानियों को पेंट करने के लिए होली का इस्तेमाल कैनवस के रूप में किया गया है। अनेक बॉलीवुड फिल्मों में कहानी को आगे बढ़ाने के लिए होली को परफेक्ट पृष्ठभूमि के तौरपर प्रयोग किया गया है। यहां जगह के अभाव में ऐसी सभी फिल्मों का ज़िक्र संभव नहीं है, लेकिन मिसाल के तौरपर उन चंद फिल्मों के बारे में बताना आवश्यक है, जिनमें सुंदरता के साथ होली और उसकी विविध संभावनाओं के मूल को कैद किया गया है। होली कब है? यह शब्द सुनते ही बॉलीवुड की आइकोनिक फिल्म 'शोले' की याद आ जाती है, जिसमें इस डायलॉग को गब्बर सिंह (अमजद खान) ने बोला था ताकि वह होली के अवसर पर रामगढ़ पर हमला कर सके। कहानी को दिशा देने के लिए फिल्म में होली की उमंग व पृष्ठभूमि का प्रयोग किया गया तो रंगों का यह उत्सव वीरू (धर्मेंद्र) व बसंती (हेमा मालनी) के बीच प्रेम की पींगें बढ़ाने को भी किया गया। इस अवसर पर जो गीत (होली के दिन दिल खिल जाते हैं) गाया गया वह होली प्लेलिस्ट का नियमित हिस्सा बन गया है। यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' में होली का बहुत ही प्यारा सीन और चर्चित गीत 'रंग बरसे' भी है, जो कहानी को महत्वपूर्ण मोड़ देने में अहम भूमिका अदा करता है। जैसे ही होली की तरंग सिर चढ़कर बोलती है वैसे ही अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) अपनी शर्म, संकोच व एहतियात को भूल जाते हैं। उनका एक दूसरे के लिए प्रेम जग ज़ाहिर हो जाता है और अमित की पत्नी शोभा (जया बच्चन) और चांदनी का पति डा. आनंद (संजीव कुमार) असहाय इस प्रेम लीला को देखते रहते हैं। यहीं से फिल्म के किरदारों में तनाव उत्पन्न होने लगता है। फिल्म 'मोहब्बतें' में होली उत्प्रेरक का काम करती है, जिससे सामाजिक रीति रिवाजों पर प्रेम को विजय हासिल करने का अवसर मिल जाता है। विद्रोही राज आर्यन मल्होत्रा (शाहरुख़ खान) एहतियात को ताक पर रखकर अपने छात्रों को होली का जश्न मनाने के लिए ले जाता है। युवा छात्र नाचते गाते हुए प्रेम में गिरफ्तार हो जाते हैं और यह बात परंपरा का सख्ती से पालन करने वाले गुरुकुल के प्रधानाचार्य नारायण शंकर (अमिताभ बच्चन) को पसंद नहीं आती है। लेकिन तब तक होली की वजह से गुरुकुल में विद्रोह का बिगुल बच चुका होता है। अयान मुख़र्जी की आधुनिक युग की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में बन्नी (रणबीर कपूर) और नैना (दीपिका पादुकोण) के जीवन में नया मोड़ आता है। नैना को बन्नी गंभीर व पढ़ाकू लड़की समझता था, लेकिन जब होली के जश्न के दौरान वह नैना को बिंदास, मस्त व अल्हड युवा महिला के रूप में देखता है तो उसका नैना के प्रति नज़रिया बदल जाता है। हमें दोस्ती और मस्ती के बहुत अच्छे पल 'बलम पिचकारी' की धुन पर देखने को मिलते हैं। 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' फिल्म ने साबित किया है कि प्रेम में पड़ने के लिए होली से बढ़कर कोई अवसर नहीं है। जब राम (रणवीर सिंह) और लीला (दीपिका पादुकोण) रंगों के बादलों में फ़्लर्ट करते हैं, तो उनमें प्यार के फूलों को खिलने का अवसर मिल जाता है। 'लहू मुंह लग गया' की धुन न केवल होंठों पर मुस्कान ले आती है बल्कि पैरों को थिरकने के लिए भी प्रेरित करती है। फिल्म 'दामिनी' की पूरी कहानी का आधार ही होली पर हुई एक घटना थी। एक गरीब घर की ईमानदार, शरीफ व सुंदर लड़की दामिनी (मीनाक्षी शेषाद्री) को एक रईस घर का लड़का (ऋषि कपूर) नाचते हुए देखता है, उससे इतना प्रभावित होता है कि अपने परिवार का विरोध करते हुए भी उससे शादी कर लेता है। अमीर घर में पहुंचकर वह लड़की उस अंदर से खोखले समाज में अपने को मिसफिट पाती है, पर अपने पति के प्रेम की खातिर बर्दाश्त करती है। लेकिन उसके सब्र का बांध उस समय टूट जाता है, जब होली के अवसर पर उसके पति का छोटा भाई अपने दोस्तों के साथ मिलकर घर की ही नौकरानी से सामूहिक बलात्कार करता है (और बाद में हत्या भी), जिसे वह गरीब घर की लड़की देख लेती है और तमाम कठिनाइयों व रुकावटों के बावजूद अदालत से दोषियों को सज़ा दिलाती है। ज़ाहिर है ऐसी सिचुएशंस फिल्म वालों को बहुत पसंद आती हैं, इसलिए बहुत सी फिल्मों की कहानियों का ताना बाना होली के इर्दगिर्द बुना गया। होली पर फ़िल्मी गानों की तो एक लंबी सूची है। हिंदी फिल्मों में होली के गीत देने का ट्रेंड महबूब खान की फिल्म 'औरत' (1940) से शुरू हुआ, जिसमें होली के एक नहीं बल्कि दो गीत थे। पहला गीत था 'जमुना तट श्याम खेले होरी' और दूसरा था 'आज होली खेलेंगे साजन के संग'।

## पाठक पाती

### कानून का बेजा फायदा उठाते लोग

प्रतिद्वंद्विता, बदले की भावना या मुआवजा हड़पने के लिए झुठी रिपोर्ट दर्ज कराना आम बात हो गई है। व्यक्ति अक्सर प्रतिद्वंद्वी को पटखनी देने के लिए भी महिलाओं को आगे करके उनके साथ कथित दुराचार की रिपोर्ट के नाम पर अपने हित साधते आए हैं। ऐसे में कानून का दुरुपयोग तो होना ही है। झूठे मामलों से न केवल निर्दोष व्यक्तियों की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, बल्कि वास्तविक पीड़ितों के न्याय की राह भी कठिन हो जाती है। कानून की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए झूठे आरोप लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि पॉक्सो एक्ट जैसे कानून का असली मकसद पुरा हो और वास्तविक पीड़ितों को न्याय मिल सके। पॉक्सो एक्ट नाबालिगों के लैंगिक शोषण की रोकथाम के लिए बना, लेकिन इसके दुरुपयोग के मामले इसके दुरुपयोग की कहानी कहते हैं।

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



औरंगजेब को मकबरा हटे, सभी यही चाहते हैं, लेकिन आपको इसे कानून के दायरे में करना होगा, क्योंकि यह एक संरक्षित स्थल है। इस स्थल को कुछ साल पहले कांग्रेस शासन के दौरान एएसआई के संरक्षण में दे दिया गया था।

- देवेंद्र फडणवीस



पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा कराए जाने की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है, मगर पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वह अब तक पूरी नहीं की गई हैं।

-राहुल गांधी



हम कह सकते हैं कि भारत अब उस चरण में है जहां हम विमान का निर्माण कर सकते हैं, डिजाइन कर सकते हैं और उनका रखरखाव कर सकते हैं। सरकार ने क्षेत्रीय परिवहन विमान निर्माण के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

- राममोहन नायडू

## कुछ अलग | अजब गजब

# औरंगजेब ही नहीं, ये मुस्लिम शासक भी था क्रूर, हिंदू राजा ने हराकर लिया था नालंदा का बदला!

भारत देश बहुत प्राचीन है और पिछले सैकड़ों सालों में यहां न जाने कितने आक्रांताओं ने आकर अपने झंडे गाड़े और इसके मूल को खत्म करने की कोशिश की। हालांकि सनातन धर्म और भारत की समृद्ध विरासत यूं ही खत्म नहीं हुई। हां, वे क्रूर शासक ज़रूर इतिहास बन गए, जिन्होंने यहां रहने वाले लोगों को सांस्कृतिक धरोहरों का नामोनिशान मिटाने की भरसक कोशिश की थी। फिल्म छावा की रिलीज़ के बाद से मुगल शासक औरंगज़ेब की क्रूरता के किस्से फिर ताज़ा हो गए हैं। वैसे ऐसा ही एक और मुस्लिम शासक था, जिसने सिर्फ खुन्नस में भारत की समृद्ध ज्ञानशाला को ही जलाकर खाक करा दिया था। ये शायद दुनिया के इतिहास की पहली ऐसी घटना है, जहां किताबों से मानो बदला लिया गया था, ताकि धर्म विशेष और उससे जुड़े ज्ञान को खत्म किया जा सके। 1190 के दशक में तुर्क-अफगान सैन्य जनरल बख्तियार खिलजी ने एक ऐसी घटना को अंजाम दिया, जो इंसानों के प्रति ही नहीं बल्कि ज्ञान और संस्कृति के प्रति भी उसकी क्रूरता और बर्बरता को याद दिलाती रहेगी। उसकी अगुवाई में आक्रमणकारियों के एक समूह ने प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट कर दिया। उत्तर और पूर्वी भारत की अपनी विजय के दौरान खिलजी ने बौद्ध ज्ञान के इस केंद्र को मिटाना चाहा। इसके पीछे भी कई मत हैं। कहा जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी को खिलजी ने इसलिए फूंका क्योंकि यहां का ज्ञान इस्लाम से प्रतिस्पर्धा कर सकता था और



उसे इससे ईर्ष्या थी। हालांकि कई इतिहासकार इसका खंडन करते हैं और उनका मानना है कि बौद्ध धर्म को खत्म करने के लिए उसने ऐसा किया। नालंदा 427 ईस्वी में स्थापित हुआ था और पूरे एशिया में ज्ञान का केंद्र था। ये आवासीय विश्वविद्यालय था, जिसे किले की तरह बनाया गया था। जिस वक्त बख्तियार ने नालंदा के पुस्तकालय में आग लगवाई थी, उस वक्त वहां पर 90 लाख से ज्यादा हस्तलिखित ताड़-पत्र पांडुलिपियां थीं। विश्वविद्यालय का परिसर इतना विशाल था कि यहां लगने वाली आग 3 महीने तक सुलगती रही। इससे पहले भी 5वीं सदी में हूणों और 8वीं सदी में गौड़ राजा के आक्रमण से इसे नुकसान हुआ था, लेकिन किसी ने भी यहां के पुस्तकालय को यूं फूंका नहीं था। बख्तियार खिलजी ने अपने कुकर्म तब भोगे, जब राजा पृथु ने उसे इतनी बुरी तरह से हराया कि उसने फिर कभी कोई और लड़ाई नहीं लड़ी। वो शर्मिंदगी से फिर कभी युद्ध नहीं लड़ सका।

# मनाया मॉडर्न डिफेन्स स्कूल का वार्षिकोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** कॉलेज रोड पर स्थिति मॉडर्न डिफेन्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव साथी हाथ बढ़ाना 2025 का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि वार्षिकोत्सव में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक परमार मुख्य अतिथि व क्रय विक्रय सहकारी समिति शिवगंज के अध्यक्ष व समाज सेवी राजेंद्र सोलंकी, कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रवि शर्मा, वेरा जेतपुरा प्रधानाचार्य योगेश वैष्णव एवं सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी. डी. रामावत विशिष्ट अतिथि के रूप मे समारोह मे सम्मिलित हुए। गंगाराम गोयल व भाजपा नेता माणक प्रजापत विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप मे समारोह मे शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, जगजीत सिंह राजपुरोहित व महावीर सिंह ने पुष्पाहार व राजस्थान की आन बान शान साफा पहना कर व बालिकाओं ने कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल की बालिकाओं की सुंदर प्रस्तुति सरस्वती वंदना के साथ किया गया। नर्सरी के बच्चों ने आलू के चालू बेटा पर प्रस्तुति और पंजाबी डांस भागड़ा नेअभिभावकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए गत वर्ष की विद्यालय की उपलब्धि बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं संस्था के बच्चों द्वारा डॉक्टर, सीए, आरजेएस आर. ए. एस.सी. डी. एस.सहित राज्य और देश की विभिन्न सेवा में चयनितों को संस्था एवं माता-पिता का नाम का नाम रोशन किया ।




## प्रतिभाओं को किया सम्मानित

समारोह में मुख्य अतिथि ने 12 वीं, 10 वीं, 8 वीं और 5 वीं बोर्ड मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर बहुमान किया गया। साथ ही स्थानीय परीक्षा में भी सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को भी मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक परमार ने अभिवावको को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था के प्रति और निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित के सरल स्वभाव व व्यवहार से मेरा पारिवारिक रिश्ता बन गया है द्य यहां मुझे कभी यह नहीं लगता है कि मै यहाँ मुख्य अतिथि बनकर आया हूं। परमार ने विद्यालय की उपलब्धियों पर संस्था निदेशक सहित पूरी टीम को शिक्षा विभाग की तरफ ने शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की।

## राम प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय बना

कार्यक्रम मे केसरी के लाल रामायण के आधार पर राम की प्रस्तुति ने कार्य म को पूरी तरह भक्ति में बना दिया और राम बने बालक के साथ सभी ने सेल्फिया ली। अंत मे संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्य म मे मंच संचालन ऋषभ नागर और प्रफुल बोहरा ने किया। इस मौके पर सहायक निदेशक भानुप्रताप सिंह राजपुरोहित के साथ विभिन्न कार्य्र म तैयार करवाने मे दीपिका व्यास, कुसुम, रुचिका, प्रियंका, तानिया अग्रवाल, प्रकाश डांगी, वर्षा अग्रवाल, याचिका, नीरज कुंवर, प्रीती सेठी, रीटा त्रिवेदी ओर संगीता परमार, नीलम शर्मा व मीनू माथुर का विशेष सहयोग रहा।



## बच्चों को सोशल मीडिया व मोबाइल से दूर रखें

संस्था निदेशक नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वर्तमान समय को देखते हुए आप अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखें मोबाइल सोशल मीडिया से दूर रखें साथ ही वर्तमान में बढ़ रही नशा प्रवृत्ति पर भी प्रकाश डालकर सजग रहने की अपील की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### स्मार्ट क्लास रुम के लिए पैंसठ इंची टीवी भेंट




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**निम्बज।** शाला में स्मार्ट क्लास के लिए पैंसठ इंची टीवी भेंट किया गया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजूनाथ सिद्ध ने बताया की जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में कार्यक्रम अधिकारी रतिलाल प्रजापत ने सुजान सिंह वड़वज (उपसरपंच ग्राम पंचायत रायपुर) के प्रयासों से स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम बनाने के लिए करीब 1 लाख 50 हजार की लागत का 65 इंच का आईएफपीडी दिलवाया। उन्होंने बताया कि तकनीकी के आधुनिक युग में इन उपकरणों की सार्थकता सिद्ध होगी। वहीं किसान नेता सुजान सिंह वडवज ने बताया कि प्रजापत हर क्षेत्र का ध्यान रखते हैं और विद्यालय में जरूर के हिसाब से समय-समय पर भामाशाहों को भी प्रेरित करते हैं। परियोजना समन्वयक अधिकारी रतिलाल प्रजापत निम्बज का रायपुर उप सरपंच सुजान सिंह वडवज व ग्रमीणों सहित विद्यालय स्टाफ व छात्रों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर देवीसिंह, मोमता राम, ईश्वरसिंह, रामलाल सालवी, भरत कुमार, सुरेश कुमार व ग्रामीण मौजूद थे।

### घरों में जलापूर्ति नहीं, ग्रामीण परेशान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** कस्बे के महावीर नगर में 15 घरों में जलापूर्ति नहीं होने के चलते उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया कि पिछ्ले एक माह से महावीर नगर के ऊपरी हिस्से वाले 15 घरों में जलदाय विभाग से नलों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। जिससे पानी की किल्लत होने से घरों में मिनी टैंकरों से पानी डलवा रहे हैं। जलदाय विभाग में भी कई बार संपर्क करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उक्त समस्या के समाधान हेतु नई पाइपलाइन डलवाकर इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या का समाधान करवाकर राहत प्रदान करने की मांग की। इस दौरान केशरसिंह, दक्षा कुंवर, राजेन्दसिहं, मधुमाध पालीवाल, ओमप्रकाश, गोस्वामी, जयन्ति, किशोरकुमार, राजकुमार, जोगाराम सैन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## माधव विश्वविद्यालय में होली महोत्सव
# रंगों और सांस्कृतिक उल्लास का अनोखा संगम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के विशेष विद्यालय एवं विशेष शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने रंगों, संगीत और नृत्य के साथ भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य, संगीत और होली गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मंच पर प्रस्तुत फाग गीतों और राजस्थानी लोकनृत्य ने समां बांध दिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए होली के पारंपरिक रंग में डूबी प्रस्तुतियां दीं। जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने की, जबकि रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा, डॉ. राजसिंह शेरावत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, एकेडमिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ अवधेश आढा, प्रोग्राम कोडिनेटर घनश्याम कुशवाहा, विशेष शिक्षा विभाग के डॉ अवनीश कुमार मिश्रा, घनश्याम कुशवाहा, नवीनमान, मयंक अवस्थी, श्रेय खटक, पठान टॉपिक, कुमारी ममता, अजय कश्यप एवं विशेष विद्यालय अध्यापक के पवन कुमार, कृष्णवीर, शिव प्रकाश, शशि गुर्जर,





विष्णु कुमार, रविकांत शर्मा, निर्भान सिंह, हितेंद्र सिंह देवड़ा व मीडिया विभाग के प्रमुख अशोक कुमार प्रजापत सहित अनेक संकायों के शिक्षक एवं अधिकारी इस आयोजन में मौजूद रहे । कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और सौहार्द का वातावरण बना रहा। कार्य म का मंच संचालन डॉ. जपेश्वरी असारसा ने किया। जिन्होंने समस्त गतिविधियों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया। माधव विश्वविद्यालय में आयोजित इस होली महोत्सव ने सांस्कृतिक एकता और पारंपरिक मूल्यों को सशक्त किया।

# दूध डेयरी पर कार्रवाई, मिलावट का अंदेशा, अस्सी किलो घी जब्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** कस्बे के आमलारी रोड पर स्थित वर्षा दूध डेयरी के नाम से संचालित फर्म पर सोमवार दोपहर को होली पर्व को लेकर चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावटी पर वार अभियान के तहत खाद्य विभाग ने कार्रवाई की। जिसके बाद मिलावटी घी का अंदेशा होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई करते अनुमानित 80 किलो मिलावटी घी को जब्त किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश प्रजापत, खाद सुरक्षा अधिकारी धर्मवीर, हनुवंतसिंह वर्षा दूध डेरी पर पहुंचे। जहाँ डेयरी में जांच के बाद डेयरी के पीछे बने कमरे में संचालनकर्ता मुकेश विश्नोई के साथ खोलकर देखा तो वहां मुकेश बिश्नोई द्वारा बनाया जा रहा घी रखा हुआ था। जिसके बाद विभाग द्वारा छापेमारी में अलग अलग केन, स्टील की टंकी, डिब्बा में भरा हुआ घी मिला। जो मिलावटी होने का अंदेशा होने पर विभाग द्वारा सीज किया गया। साथ ही एक एल्युमिनियम के बर्तन में बनाने के लिए रखा कच्चा घी मौके पर मिला। संचालन कर्ता मुकेश बिश्नोई ने 450 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचने की बात बताई। इसके बाद मौके पर अलग-अलग घी मिलने पर खाद्य विभाग में सैंपल लेने की कार्रवाई शुरू की। घी को सीज करने के बाद विभागीय अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम की पालना करने के निर्देश भी दिए। जिसके बाद सीज किए घी को मार्क कर गोदाम में रखवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में भी इस दूध डेरी पर खाद्य विभाग की कार्रवाई हो चुकी है।



### टीबी एवं तंबाकू के अंतर संबंध पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में टीबी मुक्त अभियान के तहत् ब्लॉक स्तरीय टीबी एवं तम्बाकू के अंतर सम्बन्ध पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य हेमलता चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय विद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रभारी भंवरलाल हिण्डोनिया ने बताया कि प्रतियोगिता में 3 श्रेष्ठ विद्यार्थी का चयन किया गया जिसमें प्रथम कुमारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना जोगापुरा, द्वितीय धीरज खण्डेलवाल महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवगंज, तृतीय रूपेश कुमार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बड़गांव रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रधानाचार्य गुलाब मीणा, धर्मेन्द्र कुमार गहलोत, छगनलाल, भंवरलाल हिण्डोनिया, कुलदीप सिंह कविराज, सन्दीप कुमार, चमचम कुमारी आदि की भूमिका रही। सर्वश्रेष्ठ चयनित निकिता कुमारी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना जोगापुरा ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने के कारण जिला स्तरीय पर प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेगी।

## हर्बल गुलाल बिक्री केन्द्र का किया उदघाटन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्ट्रेट में सोमवार को हर्बल गुलाल ब्रिकी केंद्र का जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की जिला परियोजना प्रबंधक अंबिका राणावत ने बताया कि जिला कलेक्टर की ओर से एक कार्यालय आदेश भी जारी किया गया है जिसमें सभी विभागों से हर्बल गुलाल की मांग मंगवाई गई है। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिले के आदिवासी क्षेत्र की महिलाएं, जो राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) सिरोही के वन-धन विकास केन्द्र निचलागढ़ और बसंतगढ़ के स्वयं सहायता समूहों की सदस्य है, जिसमें प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करके विभिन्न रंगों में शुद्ध हर्बल गुलाल का उत्पाद शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी महिलाओं को स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करना है साथ ही आगामी होली त्योहार के लिए पर्यावरण के अनुकूल और रसायन मुक्त रंगों को बढ़ावा देना है। हर्बल गुलाल प्राकृतिक रूप से उपलब्ध फूल और पत्तियों का उपयोग करके तैयार किया जाता है, जो होली के उत्सव के लिए एक सुरक्षित और जैविक विकल्प है। यह उत्पाद विभिन्न रंगों जैसे हरा, पीला और गुलाबी पेकिंग में उपलब्ध है। 100 ग्राम पैक 30 रुपए, 500 ग्राम पैक 150 रुपए और एक किलो के 300 रुपए की दर से आजीविका संवर्धन के लिए विक्रय की जा रही है। जिसके विक्रय केन्द्र जिला कलेक्ट्रेट, सरजावाव गेट के पास सिरोही, पिंडवाड़ा बस स्टैंड और आबूरोड बस स्टैंड पर रहेंगे। शुभारम्भ के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल और राजीविका विभाग के जिला प्रबंधक कार्तिक श्रृंगी, पिंकी कुमारी, सूर्यप्रकाश, नॉन फार्म सांद्रा एस मोहन, लेखा सुपरवाइजर लोकेश कुमार शर्मा, एम आई एस धर्मेन्द्र बैरवा, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक निधि गुसाई, एरिया कोऑर्डिनेटर मुकेश लोधा, वन धन मैनेजर प्रेरणा एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।



# बलवंतगढ़ गांव को पाडीव पंचायत से न हटाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** ग्राम पंचायत पुनर्गठन के तहत बलवंतगढ़ गांव को पाड़ीव पंचायत से अलग कर नवसृजित ग्राम पंचायत मंडवाड़ा में जोड़े जाने के प्रस्ताव का बलवंतगढ़ ग्रामवासियों ने कड़ा विरोध किया हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने पंचायत राज मंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि बलवंतगढ़ को पाड़ीव पंचायत से नहीं हटाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बलवंतगढ़ लंबे समय से पाड़ीव पंचायत के अंतर्गत रहा है और यहां की भौगोलिक, सामाजिक व प्रशासनिक व्यवस्थाएं इसी पंचायत से जुड़े रहने में अधिक सुचारू रूप से संचालित होती हैं। यदि इसे मंडवाड़ा में जोड़ा जाता है, तो इससे स्थानीय विकास कार्यों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में जटिलताएं बढ़ सकती हैं। बलवंतगढ़ की पाड़ीव पंचायत मुख्यालय से दूरी महज डेढ़ किलोमीटर है, जबकि मंडवाड़ा की दूरी साढ़े तीन किलोमीटर है। राज्य सरकार के नवीनतन सृकूलर बीस प्रतिशत रिलेकसेशन के अनुसार मंडवाड़ा को उड़ से पर्थक पंचायत बनाई जा सकती है. 2011 की जनगणना के अनुसार मंडवाड़ा की जनसंख्या 2572 है. इस हिसाब से बिना बलवंतगढ़ को जोड़े मंडवाड़ा अलग से पंचायत बन सकती है। साथ ही मंडवाड़ा जाते समय मानगढ़ के पास एक नाला पड़ता है, जिसमें बारिश के दिनों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे आवागमन बाधित हो सकता है। इसके अलावा, नवसृजित पंचायत के कारण बलवंतगढ़ के निवासियों को अपने पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खातों और ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेजों में ग्राम पंचायत का नाम बदलवाने के लिए ई-मित्र केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने की परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने इन तमाम बिंदुओं का हवाला देते हुए सरकार से इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की हैं। ज्ञापन देनेज्ञापन देने ठा. समरवीरसिंह देवड़ा, पूर्व सरपंच भवानीसिंह सिंदल, शैतानसिंह चौहान, पूर्व उपसरपंच लक्ष्मणराम माली, ईश्वरसिंह तंवर,पंचायत समिति सदस्य श्रीमती कमला माली, पूर्व वार्ड पंच शंकर राणा, भानाराम राणा, जयंतीलाल हीरागर, कानाराम मुंगिया, धनाराम रेबारी, भीखाराम रेबारी, कछुआ राम भील, जगाराम रेबारी, नरेंद्र माली, मुकेश माली समेत बलवंतगढ़ के ग्रामवासी मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने की नवोदय विद्यालय की विजिट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवली (जावाल) के विद्यार्थियों ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय कालंद्री का विजिट किया। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम प्राचार्य श्री पी. सेल्वम ने सुरेन्द्र रामावत, सरिता स्वामी, ममता मीना एवं मंजू खालिया को पुष्प - गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्य द्वारा नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा, कार्य प्रणाली को और उपलब्धियां को सविस्तर बताया गया । विद्यार्थियों ने डिजिटल कक्षा, आर्ट रूम, एम आई रूम, कंप्यूटर लैब, बायो लैब, फिजिक्स लैब, मैथ्स लैब, सैमसंग और स्मार्ट क्लास पुस्तकालय, संगीत कक्ष, ओपन मैथ्स लैब, आवासीय सदन भोजनालय कक्ष आदि का विजिट कर विविध जानकारी हासिल की। अमर सिंह द्वारा विद्यार्थियों से फीडबैक लिया गया। धन्यवाद ज्ञापित जगदीश प्रसाद द्वारा किया गया।



# पर्यावरण प्रेमियों के आह्वान पर जैसलमेर बंद

**▶▶ खेजड़ी के संरक्षण की मांग को लेकर निकाला मशाल जुलूस, बड़ी संख्या शामिल हुए लोग**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** राज्य वृक्ष खेजड़ी के संरक्षण व ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर सोमवार को जैसलमेर बंद रखा गया था। अखिल भारतीय विश्नोई महासभा, अखिल भारतीय जीव रक्षा सभा, राजस्थान पर्यावरण जीव रक्षा संस्थान, पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला व जिला बिश्नोई संस्थान सहित कई पर्यावरण व वन्य जीव के संरक्षण के लिए काम कर रहे संगठनों ने दोपहर दो बजे तक जैसलमेर बंद का आह्वान किया है। जिसको लेकर जैसलमेर शहर के बाजार बंद है। लोगों ने बंद के समर्थन में अपनी स्वेच्छा से बाजार बंद रखे है। जैसलमेर बंद की पूर्व शाम रविवार को मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में



विश्नोई समाज सहित अन्य समाजों के लोग शामिल हुए। शहर के मुख्य मार्गों से निकले मशाल जुलूस से सभी ने जैसलमेर को बंद रखने में सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद ने भी जैसलमेर बंद का समर्थन करते हुए आमजन से जैसलमेर बंद को सफल बनाने की अपील की है।

## कलेक्टर को सीएम के नाम सौंपें ज्ञापन

रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि तापमान में वृद्धि से क्लाइमेंट चेंज आज विश्व पर्यावरण की सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आई है। देश व प्रदेश की सरकार भी "एक पेड़ मां के नाम " से अभियान चला रही हैं। प्रदूषण की वजह से तापमान में अत्यधिक वृद्धि हो रही है। गोचर व देवी देवताओं के नाम पर संरक्षित अभ्यारण (ओरण) के भी बहुत बुरे हाल हैं। सरकार से राज्य वृक्ष के संरक्षण तथा राजस्थान ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर 18 जुलाई 2024 से नोखा दईया खेजड़लाकी रोही में धरना चल रहा है। इसको लेकर जैसलमेर बंद का आह्वान किया गया। गड़ीसर लेक से सुबह 11 बजे जुलूस के रूप में शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। वहां आमसभा का आयोजन हुआ। उसके बाद कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में राज्य वृक्ष खेजड़ी के संरक्षण व ट्री प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की गई।

## जुलूस में ये रहे मौजूद

पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला के संयोजक रामगोपाल विश्नोई, जिला बिश्नोई संस्थान के अध्यक्ष निम्बाराम, माणकराम, कर्मचारी नेता प्रकाश विश्नोई, मदन विश्नोई, सहीराम पूनिया, भोमाराम भादू, ओमप्रकाश विश्नोई, सुरेश भादू, अर्जुनराम विश्नोई आदि मौजूद रहे। पर्यावरण संघर्ष समिति खेजड़ला के संयोजक रामगोपाल विश्नोई ने बताया कि वर्तमान समय में तापमान में वृद्धि से क्लाइमेंट चेंज होना देश व प्रदेश की सरकार भी एक पेड़ मां के नाम अभियान चला रही है। विकास के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। जिससे पर्यावरण खतरे में है। साथ ही ओरण भी खतरे में है। उन्होंने अपील की है कि प्रकृति बचाओं अभियान के तहत जैसलमेर बंद में शामिल होकर सहयोग करें।

# दुकान की आड़ में शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की धोरीमन्ना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 43 कार्टन अवैध शराब के जब्त किए है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब की अनुमानित कीमत चार लाख रुपए आंकी गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि शोभाला जैतमाल गांव में दुकान की आड़ में अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। इस पर धोरीमन्ना थानाधिकारी बगडूराम मय पुलिस जाब्ता ने गांव में मदनलाल पुत्र सोनाराम की दुकान पर दबिश दी गई। तलाशी लेने पर दुकान के अंदर से 43 कार्टन राजस्थान निर्मित अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब व बीयर मिली। वहीं आरोपी मदनलाल के पास से 7200 रुपए अवैध शराब से अर्जित किए हुए मिल। पुलिस ने आरोपी मदनलाल को डिटेन कर थाने लेकर पहुंची। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया- आरोपी मदनलाल पुत्र सोनाराम के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से अवैध शराब कहां से लेकर आया और किसको बेच रहा था। इसको लेकर पूछताछ कर रही है। 43 कार्टन अवैध शराब की अनुमानित कीमत चार लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में एएसआई रावताराम, कॉन्स्टेबल मोहनलाल, बृजलाल, ओमप्रकाश, जगाराम, दिनेश कुमार, जगदीशराम, मिंटुराम कुमार शामिल रहे।

# बाड़मेर सबसे गर्म शहर, पारा पहुंचा 39 .4 डिग्री

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**बाड़मेर।** बाड़मेर में बार-बार मौसम बदल रहा है। दिन हो या रात, गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। रात में पड़ने वाली हल्की ठंड भी गायब है। रात का तापमान 20 डिग्री से ऊपर चल रहा है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास है। सोमवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री गिरकर 20.2 डिग्री पहुंचा। आज आसमान में हल्के बादल हैं। मौसम विभाग ने होली के बाद गर्मी बढ़ने के साथ धूलभरी आंधी चलने की संभावना जताई है। दरअसल बीते सप्ताह प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश-ओले गिरे थे। इससे तापमान में एकाएक गिरावट हुई थी। अब फिर पारा तेजी से चढ़ रहा है। दिन में अप्रैल जैसी गर्मी पड़ रही है। तेज धूप से पसीने छूट रहे हैं। पंखों के बाद कूलर एसी भी दिन में चलने शुरू हो गए हैं। सोमवार सुबह आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर में तेज धूप है। गर्मी का असर बढ़ा हुआ महसूस हो रहा है। बिना पंखे घरों-दुकानों-दफ्तरों में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान में 1.9 डिग्री गिरकर 20.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

# शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग

**▶▶ लाखों रुपए का माल जला, सुबह चला पता**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोकरण।** पोकरण शहर के मध्य स्थित गांधी चौक में एक कपड़े की दुकान में देर रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग का पता सुबह तब चला जब मंदिर का पुजारी पूजा के लिए आया। दुकान से धुआं निकलता देख पुजारी ने लोगों को सूचित किया। सूचना मिलते ही पोकरण पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दुकान का शटर तोड़कर आग को काबू में किया गया। स्थानीय निवासी मुकेश शर्मा के अनुसार, जब तक आग बुझाई गई, दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। गांधी चौक शहर के बीचोंबीच होने के कारण यह बड़ी घटना हो सकती थी।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा

# कपड़ों में छुपा रखे थे अंग्रेजी की पासबुक के पन्ने, 12वीं के परीक्षार्थी को पकड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और 12वीं की परीक्षा जारी है। इसमें इस बार अनुचित साधन के उपयोग का पहला मामला सामने आया। सोमवार को 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में जोधपुर में सालवा कला स्थित परीक्षा केंद्र में एक परीक्षार्थी को पकड़ा है। परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए साथ पासबुक के पन्ने लाया था। बोर्ड को कंट्रोल रूम के जरिये सूचना मिली है। बोर्ड परीक्षा में नकल, अनुचित साधन और डमी परीक्षार्थी की रोकथाम के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं।

परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उड़न दस्ते भी परीक्षा केंद्रों पर जांच कर रहे हैं। यही वजह है कि छह मार्च से शुरू बोर्ड परीक्षा में सोमवार को अनुचित साधन का उपयोग करने का मामला सामने आया है। बोर्ड सचिव कैलाशचंद्र शर्मा ने बताया कि जोधपुर जिले में सालवा कला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 12वीं की अंग्रेजी की परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी को पासबुक के पन्नों के साथ परीक्षक ने पकड़ा है। पासबुक के पन्ने परीक्षार्थी ने अपने कपड़ों में छुपा रखे थे। प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि पकड़ा गया परीक्षार्थी पासबुक के पन्ने साथ लाया था। यह हो सकती है सजाः शर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम से मिली सूचना के आधार पर जोधपुर जिला परीक्षा संचालन समिति को प्रकरण बनाकर भेजने के निर्देश दिए हैं।

प्रकरण की परीक्षा परिणाम समिति जांच करेगी, यदि प्रकरण गंभीर पाया जाता है तो परीक्षार्थी को आगामी परीक्षा के लिए डीबार किया जा सकता है। परीक्षार्थी की परीक्षा निरस्त की जा सकती है या अंग्रेजी की परीक्षा भी निरस्त की जा सकती है। इसके अलावा परीक्षार्थी का परिणाम रोका जा सकता है। बता दें कि बोर्ड की 10वीं और 12वीं तक की परीक्षा में 19.98 लाख परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

# बालोतरा में पेजयल संकट से आमजन परेशान

**▶▶ बीपीएल कॉलोनी के लोगों ने किया प्रदर्शन, अधिकारियों ने दिया आश्वासन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा शहर में पेयजल संकट ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। बीपीएल कॉलोनी के निवासियों को पिछले एक महीने से नियमित जलापूर्ति नहीं मिल रही है। सोमवार को कॉलोनी के लोगों ने जलदाय विभाग के सामने प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रात में पानी की आपूर्ति की जाती है। इससे महिलाओं और बुजुर्गों को पानी भरने में विशेष परेशानी होती है। लोगों ने दिन के समय जलापूर्ति की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान जलदाय विभाग के अधिकारियों ने समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त हो गया। बालोतरा में जल संकट एक पुरानी समस्या है। गर्मियों में यह स्थिति और भी खराब हो जाती है। प्रशासन पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के दावे करता है, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग है। अब देखना है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान करता है या लोगों को इस संकट से जूझना पड़ेगा।



# थाने में रिपोर्ट लिखवाने जा रहे व्यक्ति को कार ने टक्कर मारी, पिकअप ने कुचला, मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** मथानिया थाना क्षेत्र में खेत में रास्ता निकालने को लेकर पारिवारिक विवाद के बाद रविवार को एक पक्ष के तीन लोग क्रॉस मुकदमा दर्ज कराने जा रहे थे। इस दौरान तेज गति से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इतने में एक पिकअप ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही मामले ने तूल पकड़ लिया। परिजनों ने शव उठाने से इनकार कर दिया है। थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई हैं। आरोपी को जल्द पकड़ लेंगे। मृतक के परिजन ने बताया कि रविवार को बालरवा तिंवरी-मथानिया निवासी छत्तर सिंह (52) पुत्र मालम सिंह व चचेरे भाई गंगासिंह के बीच खेत के बीच से रास्ता निकालने की बात को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा है। शनिवार को हुए झगड़े के बाद गंगासिंह ने छत्तर सिंह के खिलाफ




थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। छत्तर सिंह भी क्रॉस मुकदमा दर्ज कराने के लिए रविवार सुबह करीब 11 बजे बाइक पर पुत्र रविंद्रपाल और अन्य रिश्तेदार रिषिराज के साथ मथानिया थाने की तरफ जा रहा था। गांव से बाहर निकलने के बाद पीछे से तेज गति से आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार छत्तर सिंह सहित तीनों नीचे गिर गए। इतने में तेजी से आई पिकअप ने छत्तर सिंह को कुचल दिया। घटना में छत्तर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जोधपुर के एमडीएमएच में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान छत्तर सिंह की मौत हो गई। मथानिया सीआई जयकिशन सोनी ने बताया कि मृतक छत्तर सिंह के पुत्र रविंद्र पाल सिंह की रिपोर्ट पर महिपाल सिंह पुत्र भोम सिंह, भोमसिंह पुत्र गंगासिंह, राजूसिंह पुत्र गंगासिंह व अजयपाल सिंह पुत्र देवीसिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई हैं।

# आठ महीने से फरार इनामी आरोपी मथुरा से गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा पुलिस ने अमानत में खयानत के मामले में फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी आरोपी को मथुरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी मुकेश उर्फ चतुरसिंह ने पिछले साल अगस्त में सीतली गांव के क्रेशर हॉट मिक्स प्लांट में खड़े टैंकर से तारकोल चोरी कर बेच दिया था। कल्याणपुर थाना पुलिस के अनुसार आरोपी मुकेश यूपी के मथुरा जिले



के शेरखा गांव का रहने वाला है। वारदात के बाद से वह पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

# जैसलमेर जीएसएस में लगी आग, मचा हड़कंप

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के 132 केवी अमरसागर जीएसएस में रविवार रात आग लग जाने से हड़कंप मच गया। आग 132 केवी जीएसएस अमरसागर/जैसलमेर लाइन सेकेंड के करंट ट्रांसफॉर्मर में लगी थी। तकनीकी फॉल्ट की वजह से लगी आग को नगरपरिषद की फायर ब्रिगेड ने 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद काबू में पाया। आग से करंट ट्रांसफॉर्मर जल गया और करंट वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया। जीएसएस के जेईएन रूपेश कुमार सिंह ने बताया कि आग तकनीकी फॉल्ट की वजह से लगी थी। आग से करंट ट्रांसफॉर्मर जल गया। उसमें करीब 60 से 70 लीटर ऑयल भी जल गया। हालांकि आग से किसी भी तरह की जनहानी आदि नहीं हुई। गौरतलब है की मौके पर पहुंची नगरपरिषद दमकल के फायरमैन भेरु दान ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि अमर सागर स्थित जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जीएसएस में आग लगी है। हमने वहां पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास किए। आग एक बड़े ट्रांसफॉर्मर में लगी थी। हमने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग को बुझाने में दमकल ड्राइवर रमेश सिंह, फायरमैन नरपत राम, हसन खान और भेरू दान का सहयोग रहा।



# व्यापार जगत

# ओला पर भारी संकट ! छापेमारी के साथ वाहन हो रहे जब्त, 157 रु का शेयर आया 55 रु के नीचे

**मुंबई।** भाविश अग्रवाल की इलेक्ट्रिक दोपहिया (2W) बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक का शेयर सोमवार 10 मार्च को 4% गिर गया। छापेमारी, वाहन जब्ती और शोरूम बंद होने की खबरों के बाद ओला के शेयरों में बिकवाली दिख रही है। कंपनी का शेयर लिस्टिंग के बाद से 157.53 रु तक ऊपर चढ़ा है, जबकि इस समय ये 55 रु के भी नीचे आ गया है। करीब पौने दो बजे बीएसई पर ओला का शेयर 2.19 रु या 3.87 फीसदी की कमजोरी के साथ 54.35 रु पर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार ओला इलेक्ट्रिक इस समय रेगुलेटरी संकट में है और भारत के मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन करने के लिए सरकार से इसे वॉर्निंग लेटर मिल रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्राहकों की शिकायतों के आधार पर, भारतीय राज्यों के परिवहन अधिकारियों ने भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाली फर्म पर छापे मारे हैं, शोरूम बंद किए हैं, वाहन जब्त किए हैं और कारण बताओ नोटिस भेजे हैं। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 3,400 शोरूम जिनके लिए डेटा उपलब्ध है, उनमें से केवल 100 से ज्यादा लोकेशंस पर भारत के मोटर वाहन अधिनियम के तहत जरूरी




ट्रेड सर्टिफिकेट्स मौजूद थे। इसका मतलब है कि 95% से जगहों पर बिना रजिस्टर हुए दोपहिया वाहनों को डिस्प्ले करने, बेचने, टेस्ट राइड की पेशकश करने या ट्रांसपोर्ट करने के लिए जरूरी सर्टिफिकेशन नहीं पाया गया।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कम से कम छह स्थानीय परिवहन अधिकारी इन कथित उल्लंघनों के लिए ओला की जांच कर रहे हैं। हालांकि, ओला के प्रवक्ता के अनुसार ये रिपोर्ट "गलत" और "पूर्वाग्रही" हैं।

# बिटकॉइन और एथेरियम क्रैश! निवेशकों को भारी नुकसान

**मुंबई।** सोमवार, 10 मार्च को क्रिप्टोकरेंसी बाजार में भारी गिरावट देखी गई, जिसमें बिटकॉइन और एथेरियम सबसे अधिक प्रभावित हुए। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन लगभग 5% गिरकर $80,052 के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई, हालांकि बाद में यह $82,731.3 तक रिकवर कर गई। वहीं, एथेरियम 8% तक गिरकर $1,991 के निचले स्तर पर पहुंचा और बाद में $2,068 पर रिकवर हुआ।

**ट्रेड वार टेंशन और बिटकॉइन रिजर्व ऑर्डर का असर :** वैश्विक ट्रेड टेंशन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बिटकॉइन रिजर्व ऑर्डर ने बाजार पर बड़ा असर डाला है। इस आदेश के तहत अमेरिकी सरकार अपने पास मौजूद जब्त बिटकॉइन से एक रिजर्व बनाएगी, जिसे वे बेचेंगे नहीं। इसके अलावा, सरकार नए बिटकॉइन जोड़ने के तरीके तलाशेगी, जिससे टैक्सपेयर्स पर कोई अतिरिक्त बोझ



न पड़े।

**बाजार में गिरावट के पीछे आर्थिक दबाव :** क्रिप्टो बाजार में गिरावट की एक और बड़ी वजह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की संभावित सख्त मौद्रिक नीति बताई जा रही है। हाल ही में जारी हुए नॉन-फार्म पेरोल (एनएफपी) डेटा ने संकेत दिया कि फेडरल रिजर्व आगे ब्याज दरें बढ़ा सकता है। इसके अलावा, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की नई टैरिफ पॉलिसी से भी बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है।

# सरकार ने संसद से चालू वित्त वर्ष में 51463 करोड़ अतिरिक्त खर्च करने की मांगी मंजूरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सरकार ने मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 51,462.86 करोड़ रुपए का अतिरिक्त शुद्ध व्यय करने के लिए सोमवार को संसद से मंजूरी मांगी। इसमें से बड़ा हिस्सा पेंशन और उर्वरक पर सब्सिडी पर खर्च किया जाएगा। सरकार की ओर से मांगा गया सकल अतिरिक्त व्यय 6.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। इसमें से 6.27 लाख करोड़ रुपए की भरपाई बचत और प्राप्तियों के मद से की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किए गए अनुपूरक अनुदान मांगों के दूसरे बैच के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में सरकार का शुद्ध अतिरिक्त व्यय 51,462.86 करोड़ रुपए होगा। अतिरिक्त व्यय में उर्वरक सब्सिडी के लिए 12,000 करोड़ रुपए और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) सहित सरकारी कर्मचारियों के पेंशन के लिए 13,449 करोड़ रुपए शामिल हैं। कुल व्यय में रक्षा पेंशन के लिए 8,476 करोड़ रुपए और दूरसंचार विभाग के लिए 5,322 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।

# जोमैटो की मूल कंपनी का नाम अब इटरनल, प्रस्ताव मंजूर

**नई दिल्ली।** फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के शेयरधारकों ने मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही कंपनी का आधिकारिक नाम जोमैटो से बदल कर इटरनल करने का रास्ता साफ हो गया। इटरनल में चार वर्टिकल होंगे। इनका नाम है- फूड डिलीवरी बिजनेस जोमैटो, क्विक कॉमर्स यूनिट ब्लिंकिट, गोइंग-आउट वर्टिकल डिस्ट्रिक्ट और बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) किराना सप्लाई कंपनी हाइपरप्योर। इटरनल नाम अपनाने के साथ कंपनी दूसरी बार खुद को रीब्रांड कर रही है। 2008 में जोमैटो की स्थापना फूडीबे के रूप में हुई थी और 2010 में इसका नाम बदलकर जोमैटो कर दिया गया था। 2022



में ब्लिंकिट (पहले ग्रोफर्स) के अधिग्रहण के बाद ही आंतरिक रूप से मूल कंपनी का नाम बदलकर इटरनल कर दिया गया था। इसके साथ ही एक संगठनात्मक पुनर्गठन किया गया। कंपनी के सह- संस्थापक दीपिंदर गोयल ने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में लिखा,"हमने यह भी सोचा था कि जिस दिन सही समय आएगा हम सार्वजनिक रूप से कंपनी का नाम बदलकर इटरनल कर देंगे।

# बाजार ने अपनी शुरुआती बढ़त खो दी, सेंसेक्स में 217 अंकों की गिरावट और निफ्टी 22,500 से नीचे आ गया

**नई दिल्ली।** तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। इसके 22 शेयर नुकसान में और आठ लाभ में रहे। इससे पहले यह सूचकांक बढ़त के साथ खुला और दिन के दौरान 74,741.25 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा। सोमवार को एनएसई का निफ्टी 92.20 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 पर बंद हुआ। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। ऐसा औद्योगिक और तेल व गैस शेयरों में बिकवाली के कारण हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। इसके 22 शेयर नुकसान में और आठ लाभ में रहे। इससे पहले यह सूचकांक बढ़त के साथ खुला और दिन के दौरान 74,741.25 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा। हालांकि, पहले सत्र के दौरान हासिल बढ़त बजार ने आखिरी सत्र से पहले गंवा दी। बंद होने से पहले बाजार पर बिकवाली का दबाव दिखा और सूचकांक 310.34 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोमवार को एनएसई का निफ्टी 92.20 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टूब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पिछड़ गईं। दूसरी ओर, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्यूटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में लाभ रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है, अमेरिका में बेरोजगारी दर और टैरिफ में वृद्धि के कारण अनिश्चितता बढ़ रही है, जिससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में अस्थिरता बनी रहेगी।"



## आप का राशिफल 11 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

# सीएलजी बैठक में की आपसी सौहार्द की अपील



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वेलांगरी।** कृष्णगंज कस्बे में स्थित चौकी में सोमवार को एसडीएम हरिसिंह देवल, उपाधीक्षक मुकेश चौधरी, घनश्याम सिंह देवड़ा थानाधिकारी सिरोही सदर के सान्निध्य में सीएलजी बैठक आयोजित की गई। सीएलजी बैठक एसडीएम ने उपस्थित सीएलजी सदस्यों व मौजिज लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में रमजान एवम होली के त्योहार दोनों साथ में होने से सभी समाज के लोगों को सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील गई । उपाधीक्षक चौधरी ने साइबर क्राइम को लेकर जानकारी देते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी गई साथ दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी गई। त्योहारों को लेकर किसी भी तरह की शंकास्पद परिस्थितियों की सूचना संबंधित अधिकारियों को सूचित करने की अपील की गई। इस बैठक में वेलांगरी, बालदा, तेलपीखेड़ा, कृष्णगंज, वाडेली, सिन्दरथ सहित गांवों के मौजिज लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रम सिंह सोलंकी चौकी प्रभारी, खीमसिंह बालावत हेड कांस्टेबल, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, गणपत सिंह देवड़ा मंडल अध्यक्ष कांग्रेस, हमीराराम मेघवाल पूर्व सरपंच, छोगालाल लोहार पूर्व सरपंच, गुल मोहम्मद, जुम्मा खां, इंद्र सिंह देवड़ा, मोहन लाल सुथार, विजय सिंह सोलंकी, ईश्वर राजपुरोहित, प्रागाराम चौधरी, भीख सिंह हमीराराम गुआरिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

**शिवगंज।** पुलिस थाना परिसर में आगामी पर्वों को लेकर व्यापारी, सीएलजी सदस्यों सहित आमजन के साथ सीएलजी बैठक आयोजित की गई। बैठक उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र के नेतृत्व एवं थानाधिकारी बाबूलाल राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक के दौरान प्रशासन ने सभी लोगों से आपसी सौहार्द, शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की है । बैठक में आगामी त्योहारों पर शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने तथा एक दूसरे के धार्मिक आयोजनों में सहयोग करने का संदेश दिया । सीएलजी बैठक में बीते लंबे समय से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे रोड लाइटों का छाया रहा मुद्दा, पालिका अधिशाक्षी अधिकारी टूटी सड़कें, रोड़ लाइट बंद, सीसीटीवी कैमरों के मुद्दों पर चुप्पी साधे नजर आई । सीएलजी बैठक के दौरान एसडीएम नीरज मिश्र बोले शरारती तत्वों का रखें ध्यान और प्रशासन को दे उसकी तुरंत सूचना, वहीं पालिका ईओ, विद्युत एवं जल विभाग के सहायक अभियंता को साफ सफाई पानी बिजली की व्यवस्था सुचारु करने के दिए निर्देश, एक और धुलंडी दूसरी और जुम्मे की नमाज दोनों ही त्यौहार एक साथ तो नहीं हो किसी को कोई समस्या, एसडीएम ने शहर में रात को तीन तक बजने वाले डीजे संचालकों को भी पाबंद करते हुए कहा कि अगर रात दस बजे के बाद डीजे बंद नहीं किया गया तो उपखंड स्तर पर डीजे जप्त कर की जाएगी सख्त कार्रवाई। सीएलजी बैठक में शहर की समस्या से अवगत करवाते हुए सीएलजी सदस्य बोले शहर की सड़कों को जगह जगह से खोद दिया गया अगर किसी डिलीवरी पेशेंट को ले जाना हो तो बड़ी मुश्किल होती है । नगर पालिका द्वारा शहर के मूत्रालयों की नहीं करवाई जा रही फिनायल से साफ सफाई और वही शहर में जगह-जगह नजर आता है कचरे का अंबार, जब अर्जुन गहलोत शहर की समस्या सीएलजी



सदस्यों ने सीसीटीवी कैमरे जो बीते कई महीनो से बंद पड़े हैं उसे लेकर एसडीएम को सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी एवं जल्द ही शुरू करवाकर आमजन को राहत प्रदान करवाने की बात कही । थानाधिकारी बाबूलाल राणा ने कहां कि परिजन अपने छोटे बच्चों को दुपहिया वाहन नहीं दें अन्यथा परिजनों के खिलाफ जल्द ही की जाएगी चालानी कार्यवाही । इस दौरान पूर्व पार्षद प्रवीण जैन, राजसा मुंडी, ओमबाला, गुलाब मोहम्मद, आरीफ टांक, कमलेश दवे सहित कई सीएलजी सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नाली का करवाया निर्माण, लगवाए पेरोकवर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** गांधीनगर क्षेत्र के वार्ड 26 में मीणा समाज के पंचायती भवन के बाहर पिछले दो माह से नाली का टूटा रेम्प व क्रॉस लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था। गली में दुपहिया व चौपहिया वाहनों की आवाजाही बंद थी। इस पर पार्षद शमशाद अली अब्बासी ने पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण को समस्या से अवगत कराया। पालिकाध्यक्ष ने मौका निरीक्षण कर त्वरित कार्यवाही को अंजाम दिया। नाली का निर्माण करवाकर उस पर ठोस फेरो कवर लगवा दिए। जिससे आमजन के साथ ही मीणा समाज के पंचायत भवन में आने जाने वालों को भी राहत मिली है। वार्डवासियों ने कार्य के लिए पालिकाध्यक्ष व वार्ड पार्षद अब्बासी का आभार जताया।

### होली पर्व पर स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रेलवे की ओर से होली पर्व पर अतिरक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09426, हरिद्वार-साबरमती द्वि.साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 10 मार्च से 31 मार्च तक हरिद्वार से शुक्रवार व सोमवार को 21 बजे रवाना होगी। शनिवार व मंगलवार को 11 बजे जयपुर व रात 22.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड जं.,ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुडगांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर व रूडकी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 5 थर्ड एसीए 12 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

### वैष्णव समाज की बैठक में रामनवमीं पर्व पर चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** वैष्णव समाज नगरमण्डल की बैठक अध्यक्ष प्रवीण वैष्णव की अध्यक्षता में श्रीराम मंदिर प्रांगण में हुई। जिसमें आगामी रामनवमी महोत्सव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष प्रवीण ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष 2025 में रामनवमी पर्व शोभायात्रा व ध्वजारोहण समाज बंधुओं परिवार सहित बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। 6 अप्रेल को सुबह 9 बजे आनंदेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा बैंड.बाजे के साथ रवाना हेगी। रामभक्ति भजनों के साथ अंबाजी चौराहा, पारसीचाल, मुख्य बाजार से होते हुए दोपहर 12 बजे श्रीराम जी मंदिर पहुंचेगी। श्रीराम जी मंदिर पर ध्वजा का मंदिर पर पूजा अर्चना कर विधिवत गर्भगृह में रखी जाएगी।भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम के साथ समाज बंधुओं व भगवान के भक्तों द्वारा आरती,भजन कीर्तन एवं मंदिर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। भजन कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण कर रामनवमी महोत्सव मनाया जाएगा। बैठक में जगदीश वैष्णव, जितेन्द्र वैष्णव, तुलसीदास वैष्णव, दशरथ वैष्णव समे बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।

### समस्या समाधान शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पिंडवाड़ा तथा आस पास के गांवों के सभी भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों की समस्या समाधान के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, पाली की ओर से 11 मार्च को सुबह 11 बजे से कार्य समाप्त होने तक पंचायत समिति सभा भवन पिंडवाड़ा में भूतपूर्व सैनिकों के सैनिक वेलफेयर पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की जानकारी के लिए बैठक होगी तथा समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पाली ने सभी भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों से अपील की है कि वे समय पर जन आधार कार्ड, डिस्चार्ज बुक, पीपीओ तथा भूतपूर्व सैनिक पहचान पत्र के साथ पंचायत समिति सभा में रजिस्ट्रेशन करवाएं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार जख्मी, हालत गंभीर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** शिवगंज सुमेरपुर को जोड़ने वाली जवाई नदी के पुल पर रविवार की रात बस और बाइक में टक्कर के चलते बाइक सवार गंभीर घायल हुआ । पुलिस उप निरीक्षक शशिकला ने बताया कि सुमेरपुर से शिवगंज की ओर आ रही सालासर ट्रेवल्स की बस और शिवगंज से सुमेरपुर की ओर जा रहा बाइक सवार बस से टकराया, घटना के बाद मौके पर बैठ जमा हो गई घायल बाइक सवार को लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार को आई गंभीर चोट के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया । वहीं पुलिस द्वारा मौके पर से बाइक और बस को हटाकर थाने ले जाया गया । पुलिस उप निरीक्षक ने बताया कि बाइक सवार के परिजनों के द्वारा मामले को लेकर कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है ।

## धूमधाम से मनाया फागोत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** साई विहार कॉलोनी के शिव साई मंदिर में महिला मंडल की ओर से फाग महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। चंग की थाप पर सनातन संस्कृति साकार हो गई। फाग गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। अबीर, गुलाल व फूलों के रंग से जमकर रंगोत्सव मनाया। वातावरण फाल्गुनी छटा से सरोबार रहा। फाग महोत्सव में महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। कॉलोनी की महिलाओं ने बढ़.चढ़कर सहभागिता की। कृष्ण व राधा के साथ भक्तजनों ने होली खेली।

## श्याम बाबा की निकली निशान यात्रा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** फाल्गुन ग्यारस को बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालु थिरकते हुए चल रहे थे। बाबा श्याम को भजनों से रिझाते हुए भजन कीर्तन करते रहे। बाबा का निशान लेकर माहौल को भक्तिमय करते गुणगान गाते हुए श्याम भक्त गुजराती समाज से ग षिकेश रोड स्थित बाबा श्याम मन्दिर पहुंची। मंदिर पर बाबा श्याम के मंदिर पर निशान चढ़ाया गया। दिनेश गोयल, अनिल, मनीष, अखिलेश व मातृ शक्ति आदि भक्त सम्मलित हुए। निशान चढ़ाने के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## डिफाल्टर ऋणि अपना ऋण 31 तक करें पुनर्भुगतान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम जयपुर के मार्फत अल्पसंख्यक वर्ग को स्वरोजगार एवं शैक्षणिक सुदृढीकरण के उद्देश्य से प्रदत्त ऋणों का पुनर्भुगतान नहीं करने वाले डिफाल्टर ऋणियों को ऋण पुनर्भुगतान के लिए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 31 मार्च तक समय प्रदान किया गया है।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चौधरी ने सभी डिफाल्टर ऋणियों से 31 मार्च तक ऋण पुर्नभुगतान की अपील की है अन्यथा उनके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं ऋणी की होगी।

## समस्याओं का निबटारा शीघ्र करें : कलक्टर

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में डीओआईटी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर नियमित रूप से लॉगिन करने तथा प्रकरणों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर आमजन द्वारा परिवादों को दर्ज करना व संबंधित अधिकारी द्वारा उनका निस्तारण करना एक सतत प्रिं या है जिसमें गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण एवं समयबद्ध निस्तारण का ध्यान रखा जाए। उन्होंने इस दौरान आगामी त्योहारों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा अब तक की गई कार्यवाही एवं बैठकों आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का समन्वय रखते हुए कार्य करने तथा सूचनाओं के समयबद्ध सम्प्रेषण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल, कोषाधिकारी अलका सिंह, एस.ई. पीडब्ल्यूडी आर.सी. बराडा, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राजेन्द्र कुमार पुरोहित, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम बिश्नोई, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता अंकिता राजपुरोहित सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। वहीं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वी.सी. के माध्यम से जुड़े।

## सांसद चौधरी ने अपने लोकसभा क्षेत्र में स्पेशल ट्रेन चलाने की रखी मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में अपने लोकसभा क्षेत्र के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए मांग रखी। चौधरी ने मांग रखी कि जालोर के लगभग सात लाख प्रवासी दक्षिण भारत के विभिन्न शहरों में रहते है। अतः जालोर से दक्षिण भारत के विभिन्न शहरों के लिए गर्मियों की छुट्टियों के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाइ जाए । बैंगलुरु से जोधपुर वाया समदडी भीलडी, हैदराबाद से जोधपुर वाया समदडी भीलडी, कोयम्बटूर से जोधपुर वाया समदडी भीलडी, चेन्नइ से जोधपुर वाया समदडी भीलडी,कोयम्बतूर-भगत की कोठी स्पेशल 06181/82 वाया जालोर समदडी भीलडी रेल गाडी को पुनः शुरूकर इसे नियमित किया जाए । आकांक्षी जिला सिरोही जिला केन्द्र को पिण्डवाडा या स्वरूपगंज से बागरा तक नई रेलवे लाइन से जोड़ा जाए ।बाडमेर यश्वंतपुर एसी एक्सप्रेस 14805/14806 को सप्ताह मे सातो दिन चलाया जाए तथा इसमे साधारण डिब्बे भी जोड़े जाए । जयपुर-जोधपुर एक्सप्रेस को भीलडी तक विस्तार किया जाए, सालासर एक्सप्रेस तथा भगत की कोठी कामाख्या एक्सप्रेस 15623/15624 को गांधीधाम वाया समदडी -भीलड़ी तक विस्तार किया जाए। चैन्नई अहमदाबाद 22919/22920 का विस्तार हिसार (वाया समदडी भीलडी ) तक किया जाए। नवजीवन एक्सप्रेस 12655/12656 का विस्तार जोधपुर (वाया समदड़ी भीलड़ी ) तक किया जाए ।



## बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी कार के तोड़े कांच



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** शहर के छावनी क्षेत्र स्थित एक घर के बाहर खड़ी ऑटो कार के दिन दहाड़े बदमाशों ने तोड़े कांच, घटना से क्षेत्र में डर और भय का माहौल है। हरीश कुमार सोनी ने शिवगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि छावनी क्षेत्र स्थित बड़ा मंदिर गली के समीप मेरे आवास के बाहर ऑटो कार नंबर आरजे 24 सीए 7594 प्रतिदिन की तरह रविवार को भी खड़ी थी। देर शाम को घर के बाहर खड़ी कार को एक जाति विशेष समुदाय के एक लड़के और एक लड़की के पीछे का कांच पत्थर मार कर तोड़ दिया। जब उनके घर जाकर उनके माता-पिता से कहा तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक पूर्ण जवाब नहीं दिया गया । रिपोर्ट में बताया गया कि अप्रार्थी आदतन झगड़ालू प्रवृति का होने से आए दिन शहर के आसपास के क्षेत्र में तोड़फोड़ करता रहता है ।

## जिला टीबी फोरम की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला टीबी फोरम की बैठक जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई । बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विवेक कुमार ने जिले में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने कहा कि समाज में टीबी के बारे में फैली भ्रांतियों को मिटाने के लिए तथा टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए समुदाय के हर वर्ग के लोगों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी तथा जिले में चल रहे प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक संभावित क्षय रोगियों की जांच करवाएं। साथ ही नि-क्षय सम्बल योजना के अन्तर्गत समस्त डी.एल.ओ. को नि-क्षय मित्र बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी, जिला प्रजनन एवं शिशु अधिकारी डॉ. रितेश सांखला, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी जिला क्षय निवारण केन्द्र, सिरोही से डॉ. बजरंगलाल रेवाड़, सामान्य चिकित्सालय, सिरोही के प्रतिनिधि डॉ. हनवन्त सिंह राणावत, मेडिकल कॉलेज, सिरोही के सहायक आचार्य डॉ. कपिल मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता रघुनाथ माली, एनटीईपी कर्मचारी, टीबी चैम्पियन व अन्य उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद के वार्षिक चुनाव संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** भारत विकास परिषद् शाखा के वार्षिक चुनाव जय बाबा रामदेव होटल पिण्डवाड़ा में प्रांतीय चुनाव पर्यवेक्षक डॉ सी.राम के सान्निध्य में संपन्न हुए जिसमें रमेश कुमार खंडेलवाल अध्यक्ष, विजय प्रकाश गौतम सचिव एवं भगवत सिंह पडियार कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। समस्त निर्वाचित दायित्वधारियों को परिषद सदस्यों द्वारा हार्दिक बधाई एव शुभकामनाए दी गईं। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष डाक्टर रमेश खंडेलवाल ने सभी को दायित्व देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक कार्य मे सभी सदस्यों के साथ मिलकर संगठन की विशेष पहचान समाज मे स्थापित करेंगे। चुनाव अधिकारी डाक्टर सी राम ने सभी सदस्यों से आग्रह किया की सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम मे अपनी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करे। चुनाव कार्यक्रम के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया। जिसमे परिषद परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।



# रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट से संन्याय पर तोड़ी चुप्पी



**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने कैरियर को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों को रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद खारिज करते हुए कहा कि वह अभी वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने नहीं जा रहे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के समय से ही रोहित की कप्तानी और टीम में उनकी जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी उनके करियर के लिए संजीवनी साबित हुई। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड पर चार विकेट से मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं वनडे प्रारूप से संन्यास नहीं ले रहा हूं। कृपया अफवाहें मत फैलाइए।' भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'कोई फ्यूचर प्लान नहीं है। जो हो रहा है, वो चलता जाएगा।' रोहित ने कहा कि पावरप्ले में आक्रामक खेलने का उनका फैसला खास लक्ष्य को ध्यान में रखकर लिया गया था। उन्होंने कहा, 'मैंने आज कुछ अलग नहीं किया। मैं पिछले तीन चार मैचों से ऐसा ही कर रहा था। मुझे पता है कि पावरप्ले में रन बनाना कितना अहम है क्योंकि हमने देखा है कि 10 ओवरों के बाद फील्ड के फैलने और स्पिनरों के आने के बाद रन बनाना मुश्किल होता है।' उन्होंने कहा, 'पिच धीमी थी और रन बनाना और मुश्किल हो गया था। ऐसे में शुरू में ही मौके लेना जरूरी था। मैंने गेंदबाज को चुना जिसके खिलाफ रन बना सकता हूं। ऐसे में कई बार ज्यादा रन नहीं बनते। आज 10 ओवरों के बाद मैंने अपने खेल में थोड़ा बदलाव किया क्योंकि मुझे टिककर खेलना था।' रोहित ने स्वीकार किया कि टीम की जीत में योगदान देना काफी संतोषजनक है। उन्होंने कहा, 'जब आप मैच जीतते हैं और उसमें योगदान देते हैं तो और बेहतर लगता है। मैंने 2019 विश्व कप में भी काफी योगदान दिया लेकिन हम जीत नहीं सके थे तो उसमें मजा नहीं आया। अगर आप थोड़े रन बनाते हैं और जीतते हैं तो ज्यादा खुशी मिलती है।' केएल राहुल को छठे नंबर पर भेजने के फैसले पर भी काफी चर्चा हुई लेकिन रोहित ने कहा कि प्रबंधन को यह देखकर खुशी हो रही है कि वह नयी भूमिका में लगातार रन बना रहा है। उन्होंने कहा, 'हर किसी का योगदान जरूरी है। केएल राहुल का बल्लेबाजी क्रम तय करते समय हमने इस पर बात की थी कि वह दबाव का बखूबी सामना करता है। हम वह शांत रवैया मध्यक्रम में चाहते थे और अक्षर का भी इस्तेमाल मध्यक्रम में करना था।' उन्होंने कहा, 'केएल इतने साल से टीम के लिये कई चुनौतीपूर्ण काम कर रहा है। उसने सेमीफाइनल में और फाइनल दोनों में अहम भूमिका निभाई। उसने भले ही 70-80 रन नहीं बनाए हों लेकिन उसके 30-40 रन काफी अहम थे। उसके रहते हमें पता था कि वह खुद तो शांत रहता ही है और वह ठहराव ड्रेसिंग रूम में भी लाता है।' रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी में मिली जीत देश को समर्पित करते हुए कहा, 'यह जीत पूरे देश के लिए है क्योंकि मुझे पता है कि देश हमारे साथ है। जब आप किसी टूर्नामेंट का फाइनल जीतते हैं, खासकर भारत में तो हमें पता है कि जहां भी हम खेलें, हमे पूरा समर्थन मिलता है।'

# हॉकी इंडिया ने वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि का ऐलान किया

**दुबई।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा।

युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।



## हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन इस प्रकार :

- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कारः बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कारः संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कारः जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कारः लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।
- वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार (21 वर्ष से कम)ः ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो।
- वर्ष के उभरते हुए पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (21 वर्ष से कम) : अर्शदीप सिंह, आमिर अली, शारदानंद तिवारी, अराइजीत सिंह हुंदल।
- वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कारः सविता पुनिया, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, नवनीत कौर।
- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कारः अभिषेक, हार्दिक सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

# अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है: हार्दिक

**दुबई।** हार्दिक पांड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियंस ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पांड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पांड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए। पांड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, 'गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो। अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है।' पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, आप उसे खेल में भी दिखा पाएंगे।'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत ने पांड्या को 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से भारत की हार की कड़वी यादों को मिटाने में भी मदद की जिसका वह भी हिस्सा थे। पांड्या ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि आज एक अधूरा सपना पूरा हो गया। लेकिन आठ साल बहुत लंबा समय होता है। आठ साल में जीवन में बहुत कुछ हुआ।



# यूपी वॉरियर्स ने डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी का खेल किया खराब

▸▸ स्मृति की टीम प्लेऑफ से बाहर

**लखनऊ।** महिला प्रीमियर लीग 2025 के 18वें मैच में यूपी वारियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 12 रन से हरा दिया। मैच में यूपी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 225 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में आरसीबी ने भी यूपी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह 19.3 ओवर में 213 रन बनाकर सिमट गई। इस हार के साथ ही पिछले सीजन की चैंपियन आरसीबी की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। इसके साथ ही गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ में पहुंच गई। आरसीबी के पास एक लीग मैच और बचा है, लेकिन वह अब सिर्फ औपचारिकता रह गई गई। आरसीबी इस सीजन मे सात मैच में सिर्फ दो में ही जीत हासिल कर सकी। । टीम ने सिर्फ 29 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। मध्यक्रम में आरसीबी के लिए ऋचा घोष ने 25 गेंद में फिफ्टी पूरी कर मैच में रोमांच भर दिया था, लेकिन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में वह अपना विकेट गंवा दी।



## आरसीबी-यूपी के मैच में बने कई बड़े रिकॉर्ड

महिला प्रीमियर लीग 2025 के इस मुकाबले में कई बड़े रिकॉर्ड बने। इस मैच में यूपी ने जॉर्जिया वोल की 99 रनों की दमदार पारी से 226 रन का स्कोर खड़ा किया। डब्ल्यूपीएल के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने भी 213 रन बनाए। दोनों टीमों को मिलाकर 439 रन बने। इस लीग के इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा कंबाइंड टोटल है। वहीं आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए स्नेह राणा ने एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

# पीसीबी अधिकारियों की चैंपियंस ट्रॉफी पुरस्कार समारोह में गैर मौजूदगी

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के रविवार को दुबई में संपन्न पुरस्कार वितरण समारोह में मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मंच पर नहीं बुलाए जाने के कारण विवाद पैदा हो गया। एक सूत्र ने कहा कि पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद मैदान में मौजूद थे लेकिन उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। वह टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं। सूत्र ने कहा, 'पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी दुबई नहीं जा सके क्योंकि बतौर गृहमंत्री उनकी कुछ मसरूफियत थी लेकिन पीसीबी के सीईओ को फाइनल और पुरस्कार वितरण में पाकिस्तान की नुमाइंदगी करने भेजा गया था।' उन्होंने कहा कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया जहां से आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया ने पदक, ट्रॉफी और खिलाड़ियों को जैकेट दिए। मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि मंच पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है।



## म नो रं ज न

# दीपिका ने बताई बेटी दुआ को लेकर सबसे बड़ी चिंता



बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने हाल ही अपनी मां बनने की जर्नी साझा की और बताया कि उनकी अपनी बेटी को लेकर सबसे बड़ी फिक्र क्या है। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने कई साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद साल 2018 में शादी कर ली थी। एक्ट्रेस ने पिछले साल एक बेटी को जन्म दिया जिसका नाम उन्होंने 'दुआ' रखा। प्रोफेशनल फ्रंट पर काफी सक्सेसफुल रहीं दीपिका पादुकोण के लिए बात जब बेटी दुआ की आती है तो उनकी प्राथमिकताएं पूरी तरह बदल जाती हैं। दीपिका पादुकोण ने बताया कि कैसे उनके दिमाग में उनकी बेटी को लेकर ही चीजें चलती रहती हैं और अभी उनकी सबसे बड़ी फिक्र यही है कि उनकी बेटी कब खाना उगलना बंद करेगी। दीपिका ने बताया कि वह गूगल पर ऐसी चीजें ही सर्च करती हैं या फिर उसके लार गिराने से जुड़ा हुआ ही कुछ। एक्ट्रेस ने कहा कि ये वही सब चीजें हैं जो हर मां के दिमाग में रहती ही हैं। पर्सनल चीजों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि जेहनी सुकून उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रहती है। दीपिका पादुकोण ने कहा, "मेंटल इलनेस (मानसिक रोग) से ग्रसित रह चुकने के चलते मेरे लिए मानसिक सुकून हमेशा लक्ष्य होता है।

# बीआर चोपड़ा ने गोविंदा की मां को कहा था पागल



बीआर चोपड़ा की महाभारत का हिस्सा बने तमाम एक्टर्स का करियर बन गया। सीरियल में छोटा किरदार करने वाले एक्टर्स को भी अलग पहचान मिली और उनके करियर को तगड़ा बूस्ट मिला। बीआर चोपड़ा ने गोविंदा को महाभारत में अभिमन्यु का रोल ऑफर किया था। लेकिन जब उन्होंने यह किरदार करने से मना कर दिया तो वह इतना भड़क गए कि एक्टर को अपने दफ्तर से बाहर फिंकवा दिया था। महाभारत में भीष्म पितामह का किरदार निभा चुके एक्टर मुकेश खन्ना के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान गोविंदा ने बताया कि कैसे वह अक्सर ही बीआर चोपड़ा और उनके बेटे रवि चोपड़ा के दफ्तर जाया करते थे। गोविंदा ने बताया, "मैं उनके घर में जाकर काम वाम करता था। रेनू भाभी मुझे बुला लेती थीं कि चीची बेटा आजा घर पर मेरी तबीयत ठीक नहीं है। तो मैं उनके घर जाकर साफ सफाई करवा देता था। शायद बीआर चोपड़ा को यह बात मालूम नहीं थी, उन्हें नहीं पता था कि मैं उनके घर जाता रहता हूं और आंटी मुझसे बहुत प्यार करती हैं।" फिर गोविंदा ने बताया कि कैसे बीआर चोपड़ा ने उन्हें अभिमन्यु के रोल के लिए चुना था लेकिन उनका मना करना वह बर्दाश्त नहीं कर पाए। एक्टर ने बताया, "मैं उनके ऑफिस पहुंचा और उन्होंने मुझे बताया कि उन्होंने मुझे महाभारत में अभिमन्यु के रोल के लिए चुना है। मैंने उन्हें बताया कि मेरी मम्मी ने मुझसे यह रोल करने के लिए मना किया है। मैं नहीं करूंगा।

# सिकंदर' के होली गीत 'बम बम भोले' की झलक ने मचाया तहलका



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। हालांकि इसकी रिलीज डेट और ट्रेलर का कुछ अता-पता नहीं हैं। मगर इसका टीजर और गाने तहलका मचा रहे हैं, जिससे लोग मूवी की कमाई का अनुमान पहले से ली लगा बैठे हैं। होली के मौके पर इस मूवी का नया सॉन्ग 11 मार्च को आउट होगा, लेकिन उसकी झलक पहले ही फैंस को दिखा दी गई है, जिस पर लोग रिएक्ट कर रहे हैं और तारीफ कर रहे हैं। एआर मुरुगादॉस की डायरेक्टेड मूवी 'सिकंदर' के दूसरे गाने 'बम बम भोले' की शुरुआत जबरदस्त रैप से होती है, जो एक अलग ही जोश भर देता है। रंगों से भरे धमाकेदार सीन और एनर्जी से लबरेज बीट्स इस गाने को होली का परफेक्ट एंथम बना रहे हैं। टीजर ने दर्शकों का एक्साइटमेंट और बढ़ा दिया है, अब सबको इसके फुल वर्जन का बेसब्री से इंतजार है। इसमें शेखस्पीयर, वाई-ऐश और हुसैन (बॉम्बे लोकल) द्वारा लिखा रैप शामिल है। खास बात यह है कि इस रैप में किड रैपर्स भीमराव जोगू, सरफराज शेख और फैजल अंसारी (द धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट) भी नजर आएंगे। गाने में सलमान खान अपने ट्रेडमार्क स्वैग के साथ एंट्री लेते हैं। हर मूव में उनका दबंग अंदाज झलकता है, जो इस होली ट्रैक को और भी यादगार बना देता है। इसे प्रीतम ने कंपोज किया है। साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। सलमान ने इसे शेयर करते हुए बताया है कि पूरा सॉन्ग 11 मार्च को दोपहर 1:11 बजे रिलीज किया जाएगा। इसे देख एक यूजर ने लिखा, 'बजरंगी भाईजान वाली तबाही होगी थिएटर में ईद पर।' एक ने लिखा, 'सुपरहिट सॉन्ग।' एक ने लिखा, 'ये सॉन्ग बवाल मचा देगा।' एक ने पूछा, 'किस किस को बजरंगी भाईजान वाली फील आ रही है?' एक ने लिखा, 'जिसके गाने अच्छे होते हैं, वो फिल्म बकवास होती है।' सलमान खान की मूवी का पहले गाना 'जोहरा जबीं' आया था, जिसने लोगों को दीवाना बना दिया था। उसमें रश्मिका मंदाना के साथ वह नजर आ रहे थे और मूवी का वह लव सॉन्ग था, जिसमें सबकी नजर एक्टर के कुर्ते पर टिकी थी।

# फिल्म 'मॉम' के सीक्वल में नजर आएंगी खुशी कपूर






दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की आखिरी फिल्म 'मॉम' का सीक्वल बोनी कपूर बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर नजर आ सकती हैं। इस बात का खुलासा फिल्ममेकर बोनी कपूर ने खुद IIFA 2025 के ग्रीन कार्पेट पर मीडिया से बातचीत के दौरान किया। बातचीत के दौरान बोनी कपूर ने अपनी बेटियों खुशी कपूर और जाह्नवी कपूर की तारीफ की और कहा कि उन्हें उम्मीद हैं कि उनकी दोनों बेटियां अपनी मां की तरह कामयाब होंगी। उन्होंने कहा- मैंने खुशी की 'आर्चीज' से लेकर 'लवयापा' और 'नादानियां' सभी फिल्में देखी हैं। मैं 'नो एंट्री' के बाद खुशी के साथ फिल्म बनाने की योजना बना रहा हूं। यह फिल्म 'मॉम 2' भी हो सकती है। खुशी अपनी मां के नक्शेकदम पर चलने की कोशिश कर रही हैं। बता दें 2017 में रिलीज 'मॉम' श्रीदेवी की अंतिम फिल्म थी। इस फिल्म को बोनी कपूर ने प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म में शानदार अभिनय के लिए श्रीदेवी को मर्णोपरांत बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। बोनी कपूर इन दिनों 2005 में रिलीज फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म के बारे में बातचीत करते हुए बोनी कपूर ने कहा-नो एंट्री जुलाई-अगस्त में किसी समय आएगी। इसमें बहुत सी अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में हैं। इसलिए मैं अभी कुछ के बारे में बात नहीं कर सकता। वहीं बात करें खुशी कपूर की तो उन्होंने 2023 की फिल्म 'द आर्चीज' से एक्टिंग डेब्यू में किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस साल उनकी फिल्म 'लवयापा' थिएटर में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान के बेटे जुनैद खान उनके साथ दिखाई दिए थे। हाल ही में खुशी कपूर की फिल्म 'नादानियां' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान दिखे हैं।

# आमिर ने ठुकराया था सलमान की इस ब्लॉकबस्टर मूवी का ऑफर

बॉलीवुड में मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से फेमस एक्टर आमिर खान इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आमिर ने बीते दिनों मुंबई में 'आमिर खानः सिनेमा का जादूगर' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट का हिस्सा बने। इस दौरान आमिर ने कई सवालों के जवाब खुलकर दिए। सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'मैंने 'बजरंगी भाईजान' फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी थी और राइटर से कहा कि वो इसमें सलमान खान को कास्ट करें। वो इस रोल के लिए बेहतर होंगे। मुझे मूवी की स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई। लेकिन मेरा रिएक्शन देखकर वो हैरान थे। मैंने कहा कि सलमान के पास जाइए, लेकिन वो उनके पास न जाकर सीधा कबीर खान के पास गए और कबीर, सलमान के पास।' आमिर ने सलमान की मूवी ही नहीं उन्होंने शाहरुख और संजय दत्त की भी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के ऑफर को ठुकराया है।



## अफीम का दूध बरामद, आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 67.32 ग्राम अफीम का दूध बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से चलाए जा रहे भौकाल अभियान के तहत सहायक पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आवड़दान रतनू के निर्देशन में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सांचौर के रानीवाड़ा रोड पर घेराबंदी कर दिनेश कुमार पुत्र पूनमाराम विश्नोई की तलाशी ली। जिसमें दिनेश कुमार के पास से 67.32 ग्राम अफीम का दूध बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया।



## मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** विकलांग कल्याण समिति ने दिव्यांग प्रमाण-पत्र समयबद्ध बनाने की मांग को लेकर कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। विकलांग कल्याण समिति के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र पी राठी व घेवरचंद राजपुरोहित के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास पिछले चार-पांच माह से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने को फार्म पेंडिग पड़े है। जिनका किसी प्रकार का निपटारा नही किया जा रहा है। समिति के जिला महामंत्री घेवरचंद राजपुरोहित ने बताया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनने के कारण जिले के दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें बजट घोषणाओं की क्रियान्विति : जिला कलक्टर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयाजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2025-26 एवं बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की ि यान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की ि यान्विती प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं के स्वीकृत कार्यों के लिए नियमानुसार भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन कार्यों के संबंध में संबंधित उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण करें। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के तहत जालोर शहर में रिंग रोड निर्माण कार्य, सरनाऊ में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, पादरली (आहोर), बड़गांव (रानीवाड़ा) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ' मोन्नयन, केशवाना-जालोर में घुमंतु-अर्धघुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए छात्रावास का निर्माण, सांचौर में एग्रो फूड पार्क की स्थापना के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक



जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा एवं खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

## सुंदरकांड पाठ व भजनों में तल्लीन रहे श्रद्धालु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** सदर बाजार में शनिवार को व्यापारियों की ओर से सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान राम और हनुमान की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम और भगवान हनुमान की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं ज्योत के साथ किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में बाल हनुमान सुंदरकांड पाठ सेवा समिति सिरोही के तत्वावधान में 105 मिनट तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन हुआ, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सुंदरकांड पाठ के बाद गायक कलाकार दलपतसिंह एंड पार्टी डोरडा द्वारा गणेश व गुरु वंदना के बाद एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। भक्तिमय गीतों की धुनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा माहौल राममय हो गया।

### भक्तों का उमड़ा सैलाब

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, महिलाएं एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भजन संध्या का आनंद लिया और आयोजन की भव्यता की सराहना की। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिकता का संचार हुआ और श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम एवं हनुमानजी की भक्ति में लीन होने का अनमोल अवसर प्राप्त हुआ।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में करें सहयोग: एसपी यादव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** होली व रमजान के पर्व को लेकर सोमवार को थाना परिसर में एसपी ज्ञानचंद्र यादव व एसडीएम मोहित कासनियां और थानाधिकारी रामेश्वर भाटी की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी होली व रमजान पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। एसपी यादव ने कहा कि इस बार होली व रमजान पर्व साथ-साथ है। जिसमें शांति व भाईचारे भीनमाल की विशेष पहचान व साख है जिससे हमें बरकार रखना है। आगामी पर्व में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने में दोनो पक्षों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को कहा। साथ ही नगर परिषद् के अधिकारियों का निर्देशित करते हुए कहा कि मार्ग पर विद्युत तार व गौवंश सहित अन्य अवरोधक को हटाने को कहा। एसपी ने कहा कि अवैध शराब सहित अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसी घटनाओं की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दें। साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने व शराब पीकर वाहान नहीं चलाने की अपील की। एसडीएम ने कैमरे सहित सुविधाओं में सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंत में थानाधिकारी भाटी ने उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस दौरान खेमराज देसाई, महेंद्र सोलंकी, राव वचनसिंह, प्रेमाराम बंजारा, जोरावरसिंह राव, सरोज बाफना, श्रवणसिंह राव, रणजीत परमार, हेमलता जैन, ओटाराम मेघवाल, मुस्ताक खां, भरतसिंह भोजानी, किशोर सांखला, हकसिंह राव, जरूपाराम माली, नरपतसिंह लोल, साजनराम विश्नोई, लोकेंद्रसिंह राव, दिनेशसिंह सोलंकी, मीठालाल जांगिड़, हकसिंह जे राव व विक्रमसिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

**शांति समिति की बैठक**

## बावतरा में रात्रि चौपाल आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे बुधवार को सायं 7 बजे से सायला उपखंड के बावतरा ग्राम में रात्रि चौपाल करेंगे। जिला कलक्टर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे।

## समरसता यज्ञ में अर्पित की आहुतियां



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा समरस, समरूप, एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना के लिए संचालित घर घर यज्ञ अभियान के तहत पुनासा बस स्टेंड के पास स्थित भील बस्ती में 123वें यज्ञ का आयोजन कर आहुतियां अर्पित की गई। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य कॉपरेटिव ऑडिट अधिकारी किशोरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि यज्ञ में श्रवण राणा सपत्नीक मुख्य यजमान रहे। दर्जनों मातृ शक्ति, पुरुष व बच्चों ने भी यज्ञ में आहुतियां दी। यज्ञ की समाप्ति पर यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांस, मदिरा, बीड़ी व गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य विषय धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने के लिए प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण के लिए भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य के लिए ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान स्वामी नरेंद्र परमहंस व राजूसिंह माली द्वारा किया गया। कार्य' म से प्रभावित बस्ती के कई लोग सनातन संस्कृति जागरण संघ के साथ जुड़े। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा नेता नरिंगाराम पटेल, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, नरपतसिंह आर्य, वालाराम मौर्य, भीमराज मोदी, एडवोकेट दिनेशकुमार हिंगड़ा, किशोरसिंह राजपुरोहित, आसूराम राणा, महेंद्रसिंह राजपुरोहित, बाबूलाल मेघवाल, भलाराम राणा, रमेश राणा, केवाराम मेघवाल, अर्जुन बंजारा, श्रवण राणा, आर्य राहुल बंजारा, जीतू राणा, आर्य अक्षय बंजारा, आर्य रोहित मेघवाल, वरुण सोनी, कल्पेश सोनी व अमृत सोनी आदि मौजूद रहे। यज्ञ का सम्पादन राव वि' मसिंह आर्य द्वारा वैदिक रीति से करवाया गया।

**सनातन संस्कृति जागरण संघ का 123वां यज्ञ**

### स्काउट गाइड के वार्षिक शिविर का समापन

## स्काउटिंग जीवन जीने की कला : राठौड़



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जालोर के तत्वावधान में सुंधामाता में सर्वधर्म प्रार्थना के साथ सात दिवसीय स्काउट गाइड वार्षिक शिविर जितेंद्रसिंह राठौड़ व्यवस्थापक सुंधा माता ट्रस्ट के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। राठौड़ ने कहा कि शिक्षा के साथ व्यवहारिक शिक्षा बेहद जरूरी है जो की स्काउट गाइड के माध्यम से ली जा सकती है। इतना ही नहीं स्काउटिंग जीवन जीने की कला सीखाती है। सीओ स्काउट सवाईसिंह राठौड़ ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जालोर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी एवं ग्लोबल कॉलेज डेडवा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्काउट गाइड का सात दिवसीय वार्षिक शिविर सर्व धर्म प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ। डॉ घनश्याम व्यास ने बताया कि 3 वर्ष से 25 वर्ष तक के बालक बालिकाएं राजकीय, गैर राजकीय विद्यालय, महाविद्यालय में पढ़ने वाले स्काउट गाइड कब बुलबुल, रोवर रेंजर में रहकर अपने जीवन में निखार सकते हैं। शिविर संचालक रमेशकुमार दवे ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा युवा वर्दीधारी स्वैच्छिक संगठन से जुड़कर हमें गौरवान्वित महसूस होता है। दक्ष प्रशिक्षक दलपतसिंह जोधा ने बताया कि हमें अपने बालक बालिकाओं को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड से जोड़कर उच्च आदर्श की स्थापना करना चाहिए।

### इस संबंध में दिया प्रशिक्षण

शिविर में स्काउट गाइड का इतिहास, बीपी सिक्स व्यायाम, शिविर कला, शिविर ज्वाल, प्रगति, ले आउट, यूनिफॉर्म, खोज के चिन्ह, भ्रमण, ध्वज शिष्टाचार, स्नेह मिलन आदि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। लादूराम भादू सचिव राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ सांचौर ने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। हमें अपने जीवन को नशा मुक्त रखते हुए शुद्ध सात्विक पौष्टिक भोजन, जैविक मिलेट्स, मोटा अनाज मोटा पीसकर ग्रहण करना चाहिए और प्रतिदिन बीपी सिक्स व्यायाम करना चाहिए जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहें। इस अवसर पर सीओ स्काउट जालोर सवाईसिंह राठौड़ एवं संचालक मंडल द्वारा सुंधा माता ट्रस्ट, माली समाज सेवा ट्रस्ट, पीपा क्षत्रिय समाज ट्रस्ट का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया। गाइडर निरमा कुमारी, स्काउटर विरधाराम, भलाराम टांक प्रलेख लेखक भीनमाल, मदन माली भीनमाल सहित बड़ी संख्या में स्काउट गाइड मौजूद रहे।



## वार्षिकोत्सव पर दी रंगारंग प्रस्तुति



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** कस्बे में स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय न्यू गोल्डन एजुकेशन सेंटर में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गजेंद्र देवासी के मुख्य आतिथ्य, पूर्व प्रधान रमीला मेघवाल की अध्यक्षता एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष छैलसिंह सोलंकी, मुकेश खंडेलवाल के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ वार्षिकोत्सव सरगम का भव्य आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के 350 विद्यार्थियों ने भाग लेकर एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्य' म की प्रस्तुति देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। मंच पर एक जैसी वेश भूषा में नन्हे मुन्हें विद्यार्थी जैसे ही मंच पर आते थे उनकी छटा देखते ही बन रही थी। कार्य' म में सरस्वती वंदना के पश्चात अनेक प्रेरणास्पद कार्य' म की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान महाकुंभ प्रयाग राज की झांकी जैसे ही निकाली गई, पूरे पांडाल में लोग खड़े होकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत करते नजर आए। कार्य' म के दौरान न्यू गोल्डन विद्यालय के पांच प्रतिभावान छात्र मयूरेश, नितिन, सोनाक्षी, यूरविल, कमलेश जिन्होंने पिछले वर्ष कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में क्रमशः 95.33 95.17, 93.67, 93.17, 90.50 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे, उनको विद्यालय की तरफ से 11 हजार के नकद पुरस्कार के साथ साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य जयंतीलाल घांची ने आभार ज्ञापित करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। अतिथियों, भामाशाहों का सम्मान निदेशक मंजीराम चौधरी, अध्यक्ष लीलादेवी, प्रधानाचार्य जयंतीलाल घांची ने साफा व माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर किया। निदेशक मंजीराम चौधरी ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया। नरपत पुरोहित, करनाराम प्रजापत, सुरेश सुथार, नाथाराम चौधरी, रामजीवन विश्नोई, प्रकाश चौधरी, नरेंद्र एम सोनी, सवशीराम चौधरी, अशोककुमार, बाबूलाल मीणा, उमेश यादव ने भामाशाह के रूप में अपना सहयोग प्रदान किया।

# किसानों की समस्या को लेकर महापड़ाव 20 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** किसानों की लंबित मांगों को लेकर उपखंड मुख्यालय पर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से महापड़ाव को लेकर बैठकों को दौर जारी है। जिसमें आगामी 20 मार्च को होने वाले महापड़ाव को लेकर चर्चा की गई। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विरदसिंह चौहान ने बताया कि सरवाना, अमरापुरी और हरीपुरा नैणो की ढाणी में अलग-अलग बैठकें आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष इशराराम विश्नोई ने बताया कि किसानों के रबी 2023 के बीमा क्लेम से सांचौर तहसील की आधी से अधिक ग्राम पंचायतों को जानबूझकर वंचित रख दिया है, और कुछ पंचायतों में 70 से 80 प्रतिशत फसल खराबे के बावजूद भी एकाध फसल का मामूली क्लेम दिया गया है, रिलायंस कंपनी की मनमानी को लेकर किसानों में आक्रोश है। टोल फ्री नंबर पर फसल खराबे की सूचना और शिकायतें दर्ज करवाने के बावजूद भी सैंकड़ो किसानों के खेतों में कंपनी के सर्वेयर नहीं आए। सरवाना समाजसेवी गुलाबसिंह ने बताया कि सरवाना पंचायत समिति में कई किसानों ने शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद कंपनी की ओर से सर्वे नहीं किया जा रहा है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। राणाराम साहू चौरा ने बताया कि आदान अनुदान की राशि सरकार की ढिलाई के कारण लंबे समय से स्वीकृति के पश्चात भी खातों में जमा नहीं करवाई जा रही है। बिजली विभाग की ओर से ठेके पर रखे गए मीटर रीडरों द्वारा मनमाने तरीके से उटपटांग रिडिंगें बढ़ाकर किसानों को ठगा जा रहा है। पटवारियों और ग्राम विकास अधिकारियों को पंचायत मुख्यालय पर रहने हेतु पाबंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी 20 मार्च को सांचौर में महापड़ाव का आयोजन होगा। जिसमें विरोध प्रकट करेंगे।



### ग्राम इकाई का किया गठन

इस दौरान ग्राम इकाई का गठन किया गया। जिसमें सरवाना में संरक्षक जोरसिंह, अध्यक्ष गुलाबसिंह, सचिव राणसिंह, उपाध्यक्ष केसरसिंह, कोषाध्यक्ष पहाड़सिंह सहित 25 सदस्यों को शामिल किया गया। इसी प्रकार ग्राम अमरापुरी में कमेटी गठन किया गया। जिसमें संरक्षक निंबाराम, अध्यक्ष भागीरथ ढाका, सचिव रघुनाथाराम, उपाध्यक्ष रामकरण कोषाध्यक्ष हरिराम गोदारा सहित 15 सदस्यों को शामिल किया गया।

## समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बैठूंगा भूख हड़ताल पर : पूर्व मंत्री

उधर किसानों की समस्याओं का लेकर पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई ने सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया कि किसान फसल बीमा पॉलिसी, कृषि आदान-अनुदान व अन्य मांगों को लेकर लंबे समय से धरना प्रर्दशन कर रहे है। किन्तु किसानों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसको लेकर सांचौर विधानसभा क्षेत्र के किसानों की ओर से मंगलवार को एक दिवस को क्रमिक अनशन रखा गया। वहीं समाधान नहीं होने पर आगामी 17 मार्च को किसानों के साथ भूख हड़ताल शुरु करने एलान किया।



आईफा का सिल्वर जुबली अवार्ड्स समारोह

### राजस्थान भारत के टूरिज्म मैप का प्रमुख केंद्र

## राज्य की धरती भारतीय और वैश्विक सिनेमा के लिए शूटिंग का पसंदीदा स्थान : सीएम भजनलाल शर्मा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आईफा अवार्ड्स समारोह के सिल्वर जुबली आयोजन के साथ ही जयपुर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, और अबुधाबी जैसे उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो गया है, जहां आईफा का आयोजन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को दुनिया भर में एक नई पहचान देगा।

शर्मा रविवार को जयपुर में आयोजित आईफा अवार्ड्स समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान भारत के टूरिज्म मैप का एक प्रमुख केंद्र है। यहां इतिहास भी है और धरोहर भी है। ट्रैवल्स और टूरिज्म सेक्टर को जो चाहिए, वह सब राजस्थान में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती भारतीय और वैश्विक सिनेमा के लिए शूटिंग का हमेशा से पसंदीदा स्थान रही है। यहां की विविधता इस प्रदेश को फिल्म शूटिंग के लिए और भी आकर्षक बनाती है। मैं फिल्म जगत से जुडी सभी हस्तियों को राजस्थान में अधिक से अधिक शूटिंग करने के लिए आमंत्रित करता हूं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में राजस्थान ऐतिहासिक किलों, महलों के लिए प्रसिद्ध है। इनके हर पत्थर में शूरवीरों की गाथायें हैं। यहां चितौडगढ़ का दुर्ग, कुम्भलगढ़ दुर्ग, महाराणा प्रताप के उदयपुर का किला, आमेर किला, सवाईमाधोपुर का रणथम्भौर दुर्ग, भरतपुर का लोहागढ़ किला, बीकानेर का जूनागढ़ किला, जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग, जैसलमेर का सोनार किला दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर जयपुर में आईफा गार्डन के रूप में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की एक नई पहल की गई है। यहां आईफा अवॉर्ड जीतने वाले कलाकारों और उनकी मां के नाम पर पौधे लगाए जा रहे हैं। इस गार्डन में लगाए जाने वाले 15 हजार पौधे इस समारोह को चिरस्थायी एवं यादगार बनाएंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राजस्थानी लोकनृत्यों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व डॉ. प्रेमचन्द बैरवा सहित फिल्म एवं टीवी जगत की जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं।

### धार्मिक पर्यटन के लिए राजस्थान आते है देश-दुनिया से पर्यटक

शर्मा ने कहा कि देश दुनिया के करोडों लोग राजस्थान में धार्मिक पर्यटन के लिए भी आते हैं। यहां के विभिन्न मन्दिर, देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को प्रकृति का भी बहुत बडा वरदान मिला हुआ है, जैसलमेर धोरों की धरती है, तो उदयपुर झीलों की नगरी है और माउण्ट आबू पहाडों की रानी है। हमारा जयपुर पिंकसिटी है, तो जोधपुर ब्लू सिटी है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियां सुनहरे इतिहास की साक्षी हैं और हमारे यहां के तीज-त्यौहार हमारी लोक संस्कृति की पहचान है।

### राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ रही है, उनसे प्रेरणा लेते हुए हम भी राजस्थान को पांच वर्षों में 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारी सरकार ने पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान का आयोजन किया। हमारे प्रधानमंत्री ने इस आयोजन में पधारकर हमें आत्मबल दिया और ये ब्रांड मोदी का ही चमत्कार है कि हम 35 लाख करोड़ के एमओयू करने में सफल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हो, इसके लिए निवेश को आकर्षित करने के साथ ही हम प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से भी प्रदेश को आर्थिक मजबूती देने का काम कर रहे हैं। खनन क्षेत्र में नवाचार कर रहे हैं और नियमों को आसान बना रहे हैं।

## आमजन को एक क्लिक पर सभी सुविधाएं सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ ऑनलाईन उपलब्ध कराना जेडीए की प्राथमिकताः जेडीसी

### जेडीए द्वारा डाटा इन्टीग्रेटेड करने का किया जा रहा है कार्य




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में आई.टी. संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जेडीसी ने बताया कि जेडीए की प्राथमिकता है कि आमजन को एक क्लिक पर घर बैठे ही समस्त सुविधाऐं ऑनलाईन उपलब्ध करवाना है। इस दिशा में जेडीए द्वारा एपीआई का उपयोग कर डाटा इन्टीग्रेटेड का कार्य किया जा रहा है।

बैठक में आई.टी.अधिकारियों ने आई.टी. संबंधी कार्यों पर प्रजेन्टेशन दिया। प्रजेन्टेशन के दौरान बताया गया कि जेडीए में अलग-अलग प्रकोष्ठों/जोनों में किये जा रहे आई.टी. कार्यों को एकरूपता देने हेतु एक केन्द्रीयकृत डेटाबेस बनाये जाने पर चर्चा हुई। जिससे डेटाबेस की एकरूपता व गुणवत्ता सुदृढ़ होगी। लैंण्ड बैंक का रियल टाईम पर आम नागरिकों को प्रत्येक खसरा एवं उनके भूखण्डों की समस्त जानकारी रियल टाईम पर एवं यह जानकारी जी.आई.एस पर जयपुर मास्टर प्लान-2025 में एक क्लिक पर उपलब्ध हो। इसके साथ ही विकास कार्यों में प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग में उपयोग किया जा सकेगा।

बैठक में जेडीसी ने समस्त जोन उपायुक्तों को जेडीए द्वारा दी जा रही 26 सेवाओं के आवेदन ऑनलाईन ही लिये जाने के निर्देश दिए। शेष ऑफलाईन सेवाओं को भी 15 अप्रैल, 2025 तक ऑनलाईन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जेडीसी ने आईटी अधिकारियों को जेडीए द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही आनलाईन सेवाओं को ई-मित्र पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। पत्रावलियों के स्केनिंग कार्य को गति देने के निर्देश दिए। सी.पी.आर.एम.एस, ऑक्शन एवं लैंण्ड बैंक से संबंधित ऑनलाईन उपलब्ध रिकार्ड को 15 अप्रैल, 2025 तक अद्यतीकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जेडीसी ने आई.टी. अधिकारियों को सी.पी.आर.एम.एस, ऑक्शन एवं लैंण्ड बैंक पोर्टल को आपस में जोड़ने के साथ-साथ ई-पंजीयन, ई-धरती एवं 90ए पोर्टल को आपस में जोड़ने के निर्देश दिए। जिससे रियल टाईम पर सभी पोर्टल का डाटा अपडेटेड हो सके इस हेतु सभी पोर्टल को इन्टीग्रेटेड करने के निर्देश दिए। जेडीसी ने समस्त जोन उपायुक्तों को राईजिंग राजस्थान के तहत हुए एम.ओ.यू. के प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र करने के निर्देश दिए। जेडीसी ने सभी स्वीकृत योजनाओं का खसरा नंबर सहित मानचित्र तैयार करने के भी निर्देश दिए, ताकि जनता मास्टर प्लान 2025 के मानचित्र पर जेडीए संपत्ति और अपनी संपत्ति देख सके। बैठक में जेडीए सचिव, समस्त अतिरिक्त आयुक्तगण, संबंधित उपायुक्तगण, आई.टी. के अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जयपुर में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाली 32 गाड़ियां सीज

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले 32 वाहन चालकों के खिलाफ एक्शन किया हैं। थाना पुलिस ने जगह-जगह पर नाकेबंदी कर के 32 वाहनो को सीज किया जिस में सबसे अधिक काले रंग की थार और स्कॉर्पियो कार शामिल हैं। पकड़ी गई सभी गाड़ियों से शीशे काले मिले वहीं वाहन चालक वाहन को सड़क पर लापरवाही से चला रहे थे। कुछ वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए मिले जिस पर यह कार्रवाई की गई।

डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया कि सभी थानाधिकारियों को आदेश दिये हुए हैं कि वह उनके इलाके में रैश ड्राइविंग, ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ा एक्शन करें। जिस पर शिप्रापथ थाना सीआई राजेन्द्र गोदारा ने देर रात कार्रवाई करते हुए 32 वाहनों को जब्त किया हैं। इसमें अधिकांश वाहन चालकों ने अपने वाहन पर काले रंग की फील्म चढा रखी थी। कई वाहन चालक इलाके में रैश ड्राइविंग कर खुद की और दूसरी की जान जोखिम में डाल रहे थे। थाना पुलिस ने अलग-अलग पाइंटों पर बैरिकेडिंग कर के इन उपद्रवियों को पकड़ा और इन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए इन के वाहनो को सीज किया इस दौरान पुलिस ने 15 से अधिक युवकों को ड्रिंक एंड ड्राइव में गिरफ्तार भी किया।

## तीन नाबालिग भाई घर छोड़कर भागे

**जयपुर।** जयपुर में तीन नाबालिग भाइयों के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। ट्रेन में बैठकर तीनों नाबालिग घूमने के लिए सवाई माधोपुर जा पहुंचे। शौक-मौज की मंशा से निकले तीनों भाइयों ने बस-रेलवे स्टेशन पर सो कर छह रातें निकाली। मुहाना थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर चार दिन तक सर्च ऑपरेशन चला तीनों नाबालिग भाइयों को सुरक्षित ढूंढ परिजनों के सुपुर्द कर दिया। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना के केसर चौराहा के पास गोपाल नगर निवासी एक व्यक्ति ने तीन नाबालिग भाइयों की किडनैपिंग का मामला 6 मार्च को दर्ज करवाया था। शिकायत में बताया- वह मजदूरी का काम करते हैं। उनके 13 व 12 साल के दो सगे बेटे और 11 साल का भतीजा तीनों घर पर ही थे। 4 मार्च की रात करीब 9 बजे तीनों नाबालिग भाई घर से किसी को बिना बताए चले गए। तीनों भाइयों के लापता होने पर परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश शुरू की। दो दिन तक परिजन उन्हें ढूंढने में जुटे रहे। थक हार कर दो दिन बाद मुहाना थाने में तीनों नाबालिग भाइयों की किडनैपिंग का मामला दर्ज करवाया।

## पेपर लीक के मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई को मिली जमानत

**जयपुर।** पेपर लीक के मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत से जगदीश को जेईएन भर्ती 2020 के मामले में जमानत मिली है। लेकिन जमानत मिलने के बाद भी जगदीश फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। वह एसआई भर्ती मामले में भी गिरफ्तार है। अदालत ने उसे जमानत देते हुए कहा कि एसओजी ने चार साल पुराने मामले में फरवरी 2024 में आरोपी की गिरफ्तारी की। उसकी गिरफ्तारी से पहले एसओजी मामले में चार चार्जशीट पेश कर चुकी थी। किसी भी चार्जशीट में उसके खिलाफ जांच लंबित नहीं रखी गई। वहीं, आरोपी के कब्जे से ऐसी कोई सामग्री बरामद नहीं हुई, जिससे यह पता चल सके कि वह जेईएन भर्ती का पेपर लीक करने और उसे मोबाइल के जरिए आगे भेजने में शामिल था। इस मामले में पर्याप्त सबूतों का भी अभाव हैं। केवल आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि उसकी जमानत खारिज करने का एकमात्र आधार नहीं हो सकती है।

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## 16 हजार किलो मिलावटी बेसन जब्त

### चना दाल के साथ मिलाया जा रहा था बाजरा और चावल




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेशभर में मिलावट के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सोमवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में मिलावटी बेसन जब्त किया गया।

भरोसेमंद सूचना मिलने पर अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की टीम ने रीको इंडस्ट्रीयल एरिया, बस्सी में प्लॉट नंबर जी-1, 68-ए पर स्थित हैल्दी फूड्स फैक्ट्री का निरीक्षण किया और बड़ी मात्रा में मिलावटी बेसन जब्त किया। यहां चना दाल के साथ चावल की किनकी और बाजरा मिलाकर बेसन तैयार किया जा रहा था और इसे छोटी लाल लकड़ा ब्रांड मोतिया बेसन के नाम से पैक किया जा रहा था। बड़ी मात्रा में सारे राजस्थान में यहां से माल सप्लाई किया जा रहा था और त्योहारी सीजन में यह मिलावटी माल सप्लाई किया जाना था। प्राथमिक तौर पर बेसन में मिलावट की पुष्टि हो गई है।

यहां से पूरे राजस्थान में यह मिलावटी बेसन सप्लाई किया जा रहा था। मौके पर 16 हजार किलो से ज्यादा मिलावटी बेसन मिला। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को यहां 30 किलो की पैकिंग में 538 बोरियां तैयार बेसन की मिलीं। टीम ने बेसन के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। मौके पर पाया गया सारा माल सीज किया गया है। जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद थारवान, सुशील चोटवानी, राजेश नागर आदि शामिल रहे।

## नर्सिंग कर्मचारियों का कैंसर इंस्टीट्यूट में प्रदर्शन

**जयपुर।** जयपुर में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में पिछले सप्ताह सीनियर नर्सिंग ऑफिसर से हुई मारपीट और बदसलूकी के विरोध में मंगलवार को नर्सिंग कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। प्रताप नगर स्थित कैंसर इंस्टीट्यूट के बाहर प्रदर्शन करके हॉस्पिटल प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान नर्सिंग कर्मचारियों ने सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे कार्य बहिष्कार भी रखा। राजस्थान राज्य नर्सेज एसो. एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र राना, चिकित्सालय संयोजक इंद्रेश शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कैंसर इंस्टीट्यूट के बाहर नारेबाजी की। राना ने बताया सीनियर नर्सिंग ऑफिसर महेश गुप्ता जो ठेका कर्मचारियों की कमियों से संबंधी दैनिक रिपोर्ट तैयार कर रहे थे। उन्हें हटाने के लिए पिछले दिनों साजिश रचकर उनको बदनाम किया और मारपीट की। मजबूरन नर्सिंग ऑफिसर ने खुद के स्तर पर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। लेकिन अब तक न पुलिस ने मारपीट करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया। न ही प्रशासन ने मारपीट करने वाले ठेका कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

## राजस्थान में दो दिन चल सकती है हीटवेव

### होली पर चार जिलों में बारिश की संभावना



**जयपुर।** राजस्थान में 2 दिन हीटवेव चल सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पश्चिमी राजस्थान के कुछ जिलों में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। 11 मार्च को बाड़मेर जिले के लिए, जबकि 12 मार्च को बाड़मेर और जालोर जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा राजस्थान में होली पर भी मौसम बदलने की संभावना है। बीकानेर संभाग के 4 जिलों में एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है।

### पश्चिमी राजस्थान में लगातार बढ़ रही गर्मी

लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण अब पश्चिमी राजस्थान में कूलर-पंखे चलने शुरू हो गए। रविवार को बाड़मेर में तापमान बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस के नजदीक पहुंच गया। चूरू, नागौर, दौसा समेत अन्य कुछ शहरों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, होली तक राजस्थान में इसी तरह का मौसम रहने और तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### » बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान

राज्य में कल (रविवार) पूरे दिन आसमान साफ रहा। शाम होने के बाद जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर के एरिया में हल्के बादल छाए। नमी कम होने और ऊंचाई वाले बादल होने के कारण बारिश नहीं हुई। इस दौरान इन शहरों में शाम को हल्की हवा भी चली। सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर जिले में 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर में कल दिन का अधिकतम तापमान औसत से 4 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। चूरू में कल अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 36, जोधपुर में 37.2, जैसलमेर में 37.4, श्रीगंगानगर में 32.5, नागौर में 36.6, चित्तौड़गढ़ में 37.7, डूंगरपुर में 37, जालोर में 38.4, सिरोही में 36.4, फतेहपुर में 36, कोटा, सीकर में 34.5, जयपुर में 33.3 और अजमेर में 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजस्थान में दिन के साथ अब रात भी गर्म होने लगी है। कल बाड़मेर में रात का न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस, फलोदी में 21.2, जैसलमेर में 17.3, सीकर में 17.5, जयपुर में 18.2 और बीकानेर में 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## 21 अप्रेल से शुरू होंगे आरएएस भर्ती-2023 के साक्षात्कार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार 21 अप्रेल 2025 से शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम यथा समय जारी कर दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के अन्तर्गत प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में सफल रहे 19355 अभ्यर्थियों हेतु मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 20 एवं 21 जुलाई 2024 को किया गया था।

मुख्य परीक्षा का परिणाम दिनांक 2 जनवरी 2025 को जारी किया जाकर 2 हजार 168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु सफल घोषित किया गया था। इन अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना उपयुक्त माध्यमों से दे दी जाएगी। अद्यतन जानकारी हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन कर सकते हैं।

### कुल 972 पदों के लिए आयोजित होंगे साक्षात्कार

उक्त भर्ती का विज्ञापन 28 जून 2023 को जारी किया जाकर कुल 905 पद (राज्य सेवाएं 424 एवं अधीनस्थ सेवाएं 481) के लिए अभ्यर्थियों से 1 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक आवेदन प्राप्त किए गए थे। कार्मिक (क-4/2) विभाग से प्राप्त नवीन वर्गवार वर्गीकरण एवं निर्देशानुसार पदों की कुल संख्या 972 (राज्य सेवाएं 491 एवं अधीनस्थ सेवाएं 481) किए जाने के संबंध में शुद्धि-पत्र संख्या 6/2023-24 दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था।

### 6 लाख 96 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के लिए हुआ था प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन

भर्ती अन्तर्गत कुल पंजीकृत 6 लाख 96 हजार 969 अभ्यर्थियों हेतु प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक किया गया। परीक्षा में कुल 4 लाख 57 हजार 927 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। परीक्षा समाप्ति उपरांत आयोग द्वारा सायंकाल मॉडल उत्तरकुंजी जारी की गई। इस मॉडल उत्तरकुंजी पर 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2023 तक परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। प्राप्त आपत्तियों के परीक्षण उपरांत 20 अक्टूबर 2023 को आरएएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 का परिणाम जारी किया गया था।

## जयपुर में 14 साल की लड़की से रेप

**जयपुर।** जयपुर में 14 साल की लड़की से रेप का मामला सामने आया है। परिचित के घर दुष्कर्म के बाद आरोपी पड़ोसी उसका किडनैप कर ले गया। कानोता थाने में नाबालिग पीड़िता के परिजनों के कंप्लेंट करने पर आरोपी भाग निकाला। कानोता थाना पुलिस ने पिछले डेढ़ महीने से फरार आरोपी को अरेस्ट किया है। पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि कानोता इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। पड़ोसी में रहने वाले 21 साल के लड़के ने उनकी 14 साल की बेटी से रेप किया। आरोप है कि पड़ोसी होने के कारण नाबालिग बेटी की आरोपी से बातचीत होती रहती थी। 30 जनवरी को बहला-फुसलाकर नाबालिग बेटी को आरोपी अपने परिचित के मकान पर ले गया। वहां ले जाकर नाबालिग बेटी से आरोपी ने रेप किया। उसके बाद किडनैप कर नाबालिग बेटी को अपने गांव ले गया। आरोपी के परिजनों ने विरोध कर कॉन्टैक्ट कर नाबालिग लड़की को घरवालों को बुलाकर सौंप दिया। कानोता थाने में नाबालिग पीड़िता के परिजनों के कंप्लेंट दर्ज कराने का पता चलने पर आरोपी भाग निकाला।

## बाबा श्याम के नगर भ्रमण के दौरान बढ़ी भीड़

### हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल



**जयपुर/सीकर।** खाटू में फाल्गुनी एकादशी पर 125 किलो चांदी से बने डेढ़ करोड़ रुपए के भव्य रथ में बाबा श्याम नगर भ्रमण पर निकले। रथयात्रा के दौरान भीड़ नियंत्रण में पुलिस की सख्ती देखने को मिली। रथ को छूने के लिए उमड़ी भीड़ को पुलिस ने धक्का-मुक्की कर हटाया। कुछ श्रद्धालुओं को थप्पड़ भी मारे। यात्रा प्राचीन श्याम कुंड से शुरू होकर, अस्पताल चौराहा और पुराना बस स्टैंड होते हुए मुख्य बाजार के कबूतर चौक पर समाप्त होगी। हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए गए। भक्तों पर ठंडे पानी और इत्र की बौछार की जा रही है। रविवार रात से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जमा है। सभी 14 लाइन फुल हैं और 75 फीट ग्राउंड पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए कतारबद्ध हैं।

### » इस बार 9 ब्लॉक बनाएः एसडीएम

मेला प्रभारी और एसडीएम मोनिका सामोर ने बताया कि पिछली बार चारण खेत में दर्शन के लिए 7 ब्लॉक बनाए थे। इस बार भीड़ को देखते हुए 9 ब्लॉक बनाए हैं। सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूरी तरह बंद रहेगी। दिव्यांग-बुजुर्गों के लिए दर्शन की अलग व्यवस्था रहेगी। मंदिर से करीब 250 मीटर की दूरी पर लाला मांगेराम धर्मशाला के पास ही व्हील चेयर्स की सुविधा रहेगी। अलग लाइन में व्हील चेयर पर दिव्यांगों को इसी लाइन से मंदिर तक ले जाया जाएगा।

### » रींगस रोड से आने वाले भक्त कारपेट पर चलेंगे

खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए पिछले साल की तरह इस बार भी 14 लाइनें लग रही हैं। इनके जरिए भक्त बाबा की चौखट तक पहुंच रहे हैं। रींगस से खाटू तक कारपेट बिछाया गया है। श्रद्धालुओं को खाटू धाम पहुंचने के बाद भी 8 किलोमीटर का सफर करना पड़ रहा है। रींगस रोड से आने भक्तों को नगरपालिका (खाटू) के पास मुख्य प्रवेश द्वार से होकर आना पड़ रहा है। यहां से वे चारण मैदान पहुंच रहे है। चारण मैदान में टीन शेड से कवर अस्थायी जिगजैग बनाए गए हैं। यहां से होकर लखदातार मैदान में पहुंच रहे हैं।


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com